

कांग्रेस तो 20 साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई - 12



एफटीए वार्ता में केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- कुछ मुद्दे पर सहमति बननी बाकी- 12



नोबल पुरस्कार के लिए ट्रंप ने भारत से शत्रुता ठान ली यह हास्यास्पद - 13



टी-20 विश्व कप 2026 के टिकट की बिक्री शुरू - 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
09.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.59
सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी, 02:57 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025, वर्ष 6, अंक 255, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## मोदी ने ट्रंप से द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

● साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर हुए सहमत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नेताओं ने व्यापार, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने साझा चुनौतियों का समाधान करने और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि मोदी और ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों नेताओं ने सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लगातार मजबूत होने पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि मोदी और ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के साझा प्रयासों में गति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नेताओं ने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जो 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना) के कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## यूपी समेत छह राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा

नई दिल्ली, एजेंसी



● निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश, उप्र में अब 26 दिसंबर तक चलगी प्रक्रिया

● तमिलनाडु व गुजरात में 14 और मप्र, छत्तीसगढ़ और अंडमान में 18 तक

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को यूपी समेत छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी है। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है।

निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि गुरुवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था।

तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर गुरुवार को समाप्त हो जाएगी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

### यूपी में मृतक, शिफ्टेड व अनुपस्थित वोटर्स के पुन: सत्यापन के लिए समय बढ़ाने का किया था अनुरोध



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया था ताकि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मृतक, अन्यत्र चले गए तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुन: सत्यापन कराया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधित तिथि के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अंतरिम मसौदा सूची अब 31 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को पर्सन ऑफ द ईयर किया नामित

न्यूयॉर्क। टाइम पत्रिका ने गुरुवार को आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को 2025 के लिए पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया। पत्रिका ने 2025 को वह वर्ष बताया जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता तेजी से सामने आई और अब पीछे मुड़ने का सवाल ही नहीं है। टाइम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सोचने वाली मशीनों का युग लाने, मानवता को विस्मित और चिंतित करने, वर्तमान को रूपांतरित करने और संभावनाओं से परे जाने के लिए, आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को टाइम पत्रिका द्वारा 2025 का पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है। पत्रिका ने चर्चा कर उन लोगों का चयन किया वह व्यक्ति जिन्होंने एआई की कल्पना की, डिजाइन किया और बनाया न कि तकनीक को, हालांकि इसके लिए कुछ पूर्व उदाहरण भी थे।

### दो कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बालाघाट। मध्यप्रदेश में बालाघाट जिले के बिरसा थानाक्षेत्र में कोरका के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर में गुरुवार को दो कुख्यात नक्सलियों दीपक और रोहित ने आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दीपक पर 29 लाख रुपये और रोहित पर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था तथा दोनों ने मुख्य धारा में लौटने की इच्छा जताते हुए आत्मसमर्पण किया है।

## गायब मतदाताओं के सत्यापन को फील्ड में निकलें जनप्रतिनिधि : योगी

### एसआईआर समीक्षा के दौरान अनुपस्थित मतदाताओं के आंकड़ों पर जताई चिंता

● मुख्यमंत्री बोले, विपक्षी दल आपका वोट डेथ या अनुपस्थित में डलवा दें, मॉनीटरिंग करें

● सरकार के विरोधी दल वोट बनवाने का काम मदरसों और मस्जिदों से करवा रहे

कार्यालय संवाददाता, बरेली




बरेली में जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को सर्किट हाउस में बरेली मंडल में किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की। मतदाता सूचियों के सत्यापन के दौरान अनुपस्थित मतदाताओं के आंकड़ों पर चिंता जताते हुए योगी ने जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जो वोटर अनुपस्थित हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हो पा रही है, उनके सत्यापन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं को लगाएं और जनप्रतिनिधि खुद भी फील्ड में निकलें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक विधानसभा में आठ से 10 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित हैं, ऐसे में भाजपा के लोगों के ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाएं। यह हो सकता है कि विपक्षी दल आपका वोट डेथ या अनुपस्थित में डलवा दें, जब हम बूथ जीतते हैं तभी हम जीतते हैं। इसकी बूथ वार मॉनीटरिंग करें। योगी ने समीक्षा में यह भी कहा कि कहीं ऐसा न हो जाए कि एसआईआर में लाभ की जगह हमें नुकसान हो। यह मौका है कि बोगस वोटों के नाम मतदाता सूचियों से कटवाएं। ऐसा न हो कि विपक्ष अपने लोगों के वोट ज्यादा बनवा ले और हमारे ओरिजनल लोगों के वोट कट जाएं। इससे आने वाले चुनावों में हमारी चुनौती बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार के विरोधी लोग हैं, वे लोगों के वोट बनवाने का काम मदरसों और मस्जिदों से करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मंडल की एक-एक विधानसभा में एसआईआर के कार्य की समीक्षा की। बरेली जनपद में कैंट और शहर विधानसभा में अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने भाजपा के अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों को लगकर वोटरों को खोजने और उनके फार्म जमा करवाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सीएम के साथ वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जिला प्रभारी जेपीएस राठौर, कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, वनमंत्री डॉ अरुण कुमार, गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार, भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में घुसपैठ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आजमगढ़ और वाराणसी में आयोजित एसआईआर की मंडलीय समीक्षा बैठकों में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने और घुसपैठियों तथा फर्जी मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना लोकतंत्र की मूलभूत शर्त है, जबकि अपात्र और संदिग्ध नामों को हटाना चुनावी पारदर्शिता की अनिवार्यता है। उन्होंने बूथ टीमों को सक्रिय करने, मृतक, अनुपस्थित और शिफ्टेड मतदाताओं की विशेष श्रेणी में पहचान के लिए दो-दो टीमों के गठन और बीएलओ को समय पर प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और भाजपा की सुनिश्चित जीत की आधारशिला बनेगी।

## रामगोपाल को गोली मारने वाले सरफराज को फांसी की सजा

बहराइच, एजेंसी

बहराइच सांप्रदायिक हिंसा मामला

● एडीजे (प्रथम) कोर्ट ने 13 माह 26 दिन में सुनाया फैसला, नौ को आजीवन कारावास साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपी बरी



रामगोपाल मिश्रा



हत्यारोपी सरफराज

बहराइच सांप्रदायिक हिंसा मामले में कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला दिया है। पिछले साल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारे गए रामगोपाल मिश्रा की हत्या के दोषी सरफराज को एडीजे (प्रथम) कोर्ट ने फांसी की सजा तथा नौ दोषियों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी दोषियों पर एक -एक लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह सजा अपर सत्र न्यायाधीश(एडीजे) पवन कुमार शर्मा ने सुनाया है। बहराइच हिंसा मामले का फैसला 13 माह 26 दिन में आया है। फैसले को लेकर कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहा।

बहराइच जिला स्थित थाना हरदी क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। पहले डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हुआ। दरअसल, विसर्जन के जुलूस के दौरान समुदाय विशेष के इलाके से गुजरते समय डीजे पर बजाए जा रहे गानों को लेकर विवाद गहराया। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने डीजे बंद करने की मांग की। इस पर हिंदू पक्ष की ओर से आपत्ति जताई गई और विवाद बढ़ता गया। विवाद उस समय और गहरा गया जब मुस्लिम पक्ष की ओर से डीजे का तार निकाल दिया गया। डीजे का तार निकालने के बाद भीड़ अनियंत्रित हो गई और भगदड़ मच गई। इस दौरान रामगोपाल मिश्रा एक छत पर चढ़ गया, जहां उसे गोली मार दी गई। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव के 22 वर्षीय रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके बाद जिले में हिंसा भड़क गई थी। आक्रोशित भीड़ ने कई दुकानों, घरों और वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की थी। स्थिति को काबू में करने के लिए प्रशासन ने कई दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद रखी और भारी पुलिस बल तैनात किया था। हालांकि, बहराइच पुलिस ने मामले में एक्शन शुरू किया। 87 लोगों को गिरफ्तार किया गया था । 100 से अधिक पर केस दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर बुलडोजर चलाने की नोटिस जारी की गई थी।

### नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

सरकारी वकील प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट ने जिन नौ दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, उनमें फहीम, सैफ अली, जावेद खान, अब्दुल हमीद, तालिब उर्फ सबलू, ईसान, सुएब खान, ननकऊ और मारूफ हैं। कोर्ट ने तीन आरोपियों अर्थात शकील अहमद, बबलू अफजल उर्फ कल्लू और खुर्शीद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

## वंदे मातरम् को नहीं मिला उचित सम्मान : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

● राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष ने कहा- देश संकल्प ले कि इसे वही दर्जा मिले जो राष्ट्रगान को मिला



राज्यसभा में गुरुवार को सदन के नेता एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दावा किया कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को वह सम्मान एवं स्थान नहीं मिला जो उसे मिलना चाहिए तथा देश को संकल्प लेना चाहिए कि इसे वही दर्जा मिले जो राष्ट्रगान या राष्ट्रीय ध्वज को मिला है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में हुई चर्चा के अंत में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिन में 80 से अधिक सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया, जो बताता है कि यह विषय कितना सम-सामायिक है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् देश की आत्मा को जगाने का मंत्र है।

उन्होंने कहा कि यह गीत आजादी के आंदोलन के दौरान बहुत सी घटनाओं का गवाह रहा है। यह गीत मां भारती की आराधाना है। ब्रिटिश शासक जब देश में अपना राष्ट्रगीत थोपना चाहते थे, उस समय बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम् गीत लिखकर पूरे भारत को जागृत कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह गीत रूपी मंत्र इतना कारगर साबित हुआ कि ब्रिटिश शासकों ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और जो कोई इसे गाता था उसे जेल के सीखचों के पीछे भेज दिया जाता था। उन्होंने कहा कि वीडी सावरकर को जिन आरोपों में दो उम्रकैद की सजा पर काला पानी भेजा गया, उनमें वंदे मातरम् के नारे लगाना शामिल था। महर्षि अरविन्द को भी वंदे मातरम् के कारण जेल जाना पड़ा था। जब खुदीराम बोस फांसी के फंदे पर चढ़े तो उनके मुख पर अंतिम शब्द वंदे मातरम् ही थे।

### कहा- चर्चा का मकसद इतिहास के तथ्यों को सही प्रकार से सामने लाना

नड्डा ने कांग्रेस के जयराम रमेश द्वारा चर्चा में भाग लेते समय लगाए गए इस आरोप का जिक्र किया कि इस चर्चा का एक ही मकसद है, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना। सदन के नेता ने कहा, हमारा उद्देश्य भारत के पूर्व प्रधानमंत्री को बदनाम करना नहीं है, पर हमारा मकसद भारत के इतिहास के तथ्यों को सही प्रकार से रखने का है। उन्होंने याद दिलाया कि जब भी कोई घटना होती है तो जिम्मेदार सरदार ही होता है। उन्होंने कहा कि सरकार और कांग्रेस के सरदार जवाहरलाल नेहरू ही थे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आजम बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● सेना पर की थी टिप्पणी, वीसी के जरिए कोर्ट में हुए पेश

● 30 जून 2017 को विधायक आकाश ने लिखवाया था मुकदमा



अमृत विचार : पूर्व सांसद आजम खां को सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट से राहत मिल गई है। गुरुवार दोपहर बाद आजम खां वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। जहां कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जून 2017 को सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी थी।

उन्होने कहा था कि जो सैनिक भारत देश की सुरक्षा में अपनी जान न्यौछावर कर देता है। जिससे भारत देश की जनता सुरक्षित रहती है जिससे भारत देश की एकता व अखंडता कायम है, उनके प्रति 27 जून 2017 को एक कार्यक्रम आजम खां ने में भारतीय सैनिकों के प्रति एक शर्मनाक बयान दिया था। आजम खां का यह बयान मीडिया में भी प्रकाशित हुआ। आजम का बयान भारतीय संविधान, भारतीय सेना की कार्यशैली के विरूद्ध है। बयान के द्वारा भारतीय सैनिकों के मन को आघात पहुंचाता है। इस बयान से देश के प्रति विद्रोह का दुष्प्रेरण है, जिसमें किसी भी सैनिक को उसकी राष्ट्रीय निष्ठा एवं कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करने वाला है। राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन लगाने वाला तथा राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

### जौनपुर में चाइनीज मांझे से टीचर की गर्दन कटी

जौनपुर। यहां चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण निजी स्कूल में शिक्षक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह आठ बजे शास्त्री ब्रिज पर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब संजीव तिवारी अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर वापस जा रहे थे। बताया कि उमरपुर हरिबंधनपुर के निवासी तिवारी ने जैसे ही ब्रिज पार किया, सड़क के ऊपर लटक रहा धारदार मांझा उनकी गर्दन में फंस गया और उन्हें गहरी चोट लग गई। इससे वह मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठे और घटनास्थल पर ही गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## अरुणाचल में खाई में गिरा ट्रक, 18 की मौत

तिनसुकिया/डिब्रूगढ़ (असम), एजेंसी

● 22 लोग थे सवार, तीन अभी भी लापता, जिंदा बचे एक श्रमिक ने खाई से निकलकर दी जानकारी



अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग लापता हैं।

रक्षा मंत्रालय के लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई। इस ट्रक पर तिनसुकिया जिले के 22 मजदूर सवार थे। रावत ने कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी। एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति ने जब आपबीती सुनाई तभी इसकी जानकारी मिली। उन्होंने कहा, 18 शव देखे गए हैं और उन्हें निकाला जा रहा है। रावत ने कहा कि 'चिपरा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स' शिविर तक पहुंचने में कामयाब रहने वाले मजदूर से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तिनसुकिया से 22 मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रक आठ दिसंबर की रात खाई में गिर गया। पीआरओ ने बताया कि यह इलाका घने वृक्षों वाला है इसलिए वाहन न तो सड़क दिखाई दे रहा था और न ही हेलीकॉप्टर से। वे एक डंपर में यात्रा कर रहे थे जो सड़क से लगभग 1,000 फुट गहरी खाई में गिर गया। बचाव अभियान जारी है।

राहत | डीजीसीए के अधिकारियों ने विमानन कंपनी के परिचालन और पैसा लौटाने की निगरानी की शुरू

## इंडिगो प्रभावित यात्रियों को देगी 10,000 मूल्य का यात्रा वाउचर

नई दिल्ली, एजेंसी




परिचालन संबंधी व्यवधानों से जूझ रही विमानन कंपनी इंडिगो उड़ानें रद्द होने या विलंब के कारण प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपये के यात्रा वाउचर देगी। यह वाउचर तीन से पांच दिसंबर के दौरान उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को दिया जाएगा।

यह डीजीसीए के मानदंडों के तहत उड़ान रद्द होने पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली राशि के अतिरिक्त होगा। वहीं, डीजीसीए के अधिकारियों ने गुरुवार से इंडिगो के मुख्यालय से विमानन कंपनी के संचालन, रिफंड और अन्य प्रक्रियाओं की निगरानी शुरू कर दी।

इंडिगो ने बयान में खेद जताते हुए कहा कि तीन, चार और पांच दिसंबर को यात्रा करने वाले उसके कुछ ग्राहक कई घंटों तक कुछ हवाई अड्डों पर फंसे रहे और उनमें से कई भीड़भाड़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। हम ऐसे गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा वाउचर प्रदान करेंगे। इन यात्रा वाउचर का उपयोग अगले 12 महीनों के दौरान इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी को नियामकीय दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने परिचालन को स्थिर करने के लिए इसे शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है।

### डीजीसीए ने सीईओ पीटर एल्बर्स को किया तलब



डीजीसीए से जुड़े सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों से विमानन कंपनी की स्थिति पर दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है। इंडिगो पायलट एवं चालक दल के नए ड्यूटी मानदंडों के कार्यान्वयन से संबंधित योजनागत विफलताओं के कारण महत्वपूर्ण परिचालन बाधाओं से जूझ रही है। डीजीसीए ने बुधवार को इंडिगो के गुरुग्राम मुख्यालय में एक निगरानी समिति के दो सदस्यों को तैनात करने का फैसला किया था ताकि रद्द उड़ानों की स्थिति, कर्मचारियों की तैनाती, अनियोजित अवकाश एवं कर्मचारियों की कमी से प्रभावित मार्गों की निगरानी की जा सके।

### बेंगलुरु से 60 उड़ानें रद्द

मुंबई। इंडिगो ने गुरुवार को भी बेंगलुरु हवाई अड्डे से 60 उड़ानें रद्द कर दीं। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब डीजीसीए ने ड्यूटी के मानदंडों के कार्यान्वयन से संबंधित योजनागत विफलताओं से सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद जांच कड़ी कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी भूमि पर 17 को होगा हनुमान चालीसा का पाठ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की टोली बैठक में गुरुवार को निर्णय लिया कि लाजपत नगर पानी की टंकी के पीछे समुदाय विशेष द्वारा जिस सरकारी भूमि पर धार्मिक स्थल बनाया है, वहां पर 17 दिसंबर को संगठन के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि संगठन ने 1 दिसंबर को डीएम को संबोधित 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया था। जिसमें बताया गया था कि लाजपत नगर पानी की टंकी के पीछे समुदाय विशेष के द्वारा सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर अपना धार्मिक स्थल बनाया है। लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 को मौके पर पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ करेगा और मौके पर अधिकारियों को बुलाकर अतिक्रमण की गई भूमि का मुआयना कराएगा। मांग है कि भूमि कब्जा मुक्त कराकर वीर हनुमान पार्क के रूप में विकसित किया जाए।

### रुहेलखंड विवि ने भेजी तीन परीक्षाओं की राशि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्य के पारिश्रमिक का पिछला भुगतान न करने के विरोध में धरना देकर संघर्ष कर रहे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लड़ाई आखिरकार जीत के साथ समाप्त हुई। लंबे विरोध और परीक्षाओं के बहिष्कार के ऐलान के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन परीक्षाओं का भुगतान कॉलेज को भेज दिया है। इससे कर्मचारियों में खुशी की लहर है। गुरुवार को कॉलेज में भुगतान आने की खुशी में मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, सचिव बलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रखर आलम, योगेश कुमार, दीपक अरोड़ा, गिरवर सिंह, ममता प्रधान, यासमीन, अतुल माथुर, अनुज यादव, संजय शर्मा, प्रदीप दुबे, शोभित गुप्ता, जैनेन्द्र सिंह, विकास कुमार, मनीष अग्रवाल, मोहित भटनागर, आकाश, अनिल शर्मा, अनिल कुमार, महावीर सिंह, पंकज कुमार, रविलाल, गिरजेश कुमार, मोहित चौहान, कैलाश गुप्ता, जयकिशोर, संजय, लक्ष्मी, कुसुम, सर्वेश आदि शामिल रहे।

### एएमयू की वन्यजीव विज्ञान की टीम दो माह तक व्यवहार, गतिविधि और आहार पर रखेगी नजर

# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ-गुलदार के राज खोलेंगे शोधकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अलीगढ़ मुस्लिम विवि के शोधार्थी कर रहे अध्ययन, हर ग्रिड से जुटा रहे सटीक प्रमाण



**अमृत विचार :** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पहली बार बाघ और गुलदार के व्यवहार को समझने के लिए शोध शुरू किया गया है। यह शोध अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के वन्यजीव विज्ञान विभाग की टीम द्वारा वन प्रभाग के सहयोग से किया जा रहा है। अध्ययन की खास बात यह है कि इसमें रिजर्व के अंदरूनी हिस्सों से लेकर बाहरी मानव-प्रभावित क्षेत्रों तक को शामिल किया गया है।

शोध का बड़ा उद्देश्य दोनों बड़े शिकारी बाघ और गुलदार के बीच होने वाली अंतर-प्रजातीय प्रतिस्पर्धा, उनके क्षेत्र उपयोग और आहार चयन को वैज्ञानिक तरीके से समझना है। जंगल में दोनों का साथ रहना वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए हमेशा से उत्सुकता का विषय रहा है। एएमयू के शोधार्थी शुभम चौहान की टीम ने रिजर्व में ऑक्यूपेंसी सर्वे और मल (स्कैट) संग्रह का कार्य तेज कर दिया है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व को लगभग 2.56 वर्ग किलोमीटर के 30 ग्रिडों में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रिड से बाघ और गुलदार की उपस्थिति, मूवमेंट और उनके आहार से जुड़े संकेत जुटाए जा रहे हैं। यह अध्ययन दो महीने तक चलेगा और प्रतिदिन टीम जंगल के अलग-अलग हिस्सों में कई किलोमीटर का पैदल सर्वे कर रही है।

वन संरक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि यह शोध बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पहली बार स्पष्ट रूप से पता चलेगा कि बाघों की मौजूदगी गुलदार के व्यवहार, गतिविधि के समय और क्षेत्र के उपयोग को कितना प्रभावित करती है। साथ ही टीम रिजर्व से बाहर मानव-प्रभावित इलाकों में गुलदार की उपस्थिति और मानव वन्यजीव संघर्ष के कारणों का भी वैज्ञानिक विश्लेषण करेगी।

#### भविष्य की रणनीतियों के लिए तैयार होगा मजबूत आधार

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व कॉर्बेट परिदृश्य का एक अहम हिस्सा है और लंबे समय से बाघ और गुलदार दोनों का सुरक्षित घर रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह नया अध्ययन न केवल इन दोनों खूंखार प्रजातियों के व्यवहार को समझने में मदद करेगा, बल्कि भविष्य की संरक्षण रणनीतियों के लिए भी मजबूत आधार तैयार करेगा।

# एमडीए को 43.50 करोड़ की आय, प्रदेश में चौथे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विकसित भारत/विकसित उत्तर प्रदेश की राह पर प्राधिकरण बढ़ा रहा है कदम

**अमृत विचार :** विकसित भारत/विकसित उत्तर प्रदेश की राह पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण निरंतर कदम बढ़ा रहा है। शासन द्वारा निर्गत मॉडल भवन उपविधि व मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्रभावी होने के बाद प्राधिकरण को 43.50 करोड की आय हुई है। जिसके बूते वह प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर आया है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि उपविधि / जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 का प्रचार-प्रसार किया गया था। इसके प्रभावी होने के बाद प्राधिकरण को 43.50 करोड़ रुपये की आय हुई है जो पूरे प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से ऊपर मात्र लखनऊ, गाजियाबाद व मथुरा-वृन्दावन, विकास प्राधिकरण है। जबकि अन्य समस्त प्राधिकरण आय की दृष्टि से पीछे है।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा मॉडल भवन उपविधि-2025 व मॉडल जोनिग रेगुलेशन्स-2025 जारी की गई है। जो वर्तमान में प्रभावी है। यह उपविधि / जोनिंग रेगुलेशन्स में निर्माणों के मानचित्र स्वीकृति सरल एवं जन-आवश्यकताओं के अनुरूप है।

# करोड़ों की राजस्व चोरी का आरोपी सरगना गिरफ्तार

### फर्जी बिल ट्रेडिंग का पूरे देश में फैला था काला कारोबार

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद।

- मुरादाबाद में बोगस फर्मों का बड़ा खुलासा
- 500 से ज्यादा फर्जी फर्में बनाकर अरबों की जीएसटी चोरी



जीएसटी चोरी का खुलासा करते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

**अमृत विचार :** जीएसटी चोरी और बोगस फर्मों के जरिए अरबों रुपये के टैक्स घोटाले का पर्दाफाश करते हुए एसआईटी ने गैंग के मुख्य आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अब तक 500 से अधिक फर्जी फर्में तैयार कर चुका है और इन्हीं के माध्यम से करोड़ों रुपये के राजस्व का घपला किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

गुरुवार को एसपी क्राइम सुभाष गंगवार ने बताया कि सुमित और उसके गिरोह द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर देशभर में फर्में तैयार की जा रही थीं। सिर्फ एक मोबाइल नंबर से 124 फर्में पंजीकृत मिलीं, जो पूरी तरह बोगस दस्तावेजों पर बनाई गई थीं। मुरादाबाद से लेकर पश्चिम बंगाल तक इन फर्जी फर्मों के जरिए बोगस बिल ट्रेडिंग होती थी, जिससे करोड़ों की जीएसटी चोरी की जा रही थी।

#### फर्जी फर्म बनाने को लेता था 80 हजार से 1 लाख

एसपी क्राइम ने बताया कि दक्षिण भारत में एक फर्जी फर्म तैयार करने के लिए आरोपी 80 हजार से 1 लाख रुपये लेता था, जबकि उत्तर भारत में वही काम 25 से 30 हजार रुपये में करता था। आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल, एक सिम कार्ड, तीन लैपटॉप, एक पैन कार्ड, 15 क्रेडिट कार्ड और 4 चेक बरामद किए हैं।

### गेट गिरने से बच्ची घायल, बाल गृह अधीक्षक को हटाया

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय बाल गृह (शिशु सदन) में आवासित लगभग 8 वर्षीय बच्ची पर लोहे का दरवाजा गिर जाने से वह घायल हो गई। घटना की जांच में अधीक्षक रामेन्द्र शेखर श्रीवास्तव की स्पष्ट लापरवाही सामने आई है। लापरवाही बरतने पर डीएम ने बाल गृह अधीक्षक को हटा दिया है।

मोहल्ला अंगूरी बाग मे बने शिशु सदन की घटना का संज्ञान लेते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने अधीक्षक को हटाते हुए कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# झुलसे किशोर ने दम तोड़ा, बेटे का शव लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग, 3 अक्टूबर को पेट्रोल डालकर लगा दी थी आग



पुलिस अधीक्षक आवास पर किशोर के परिजन।

**अमृत विचार :** पेट्रोल डालने से जले 13 साल के किशोर की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजन देर शाम को उसका शव लेकर एसपी आवास पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। एसपी विद्यासागर मिश्र ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव सिडौली निवासी आशा का कहना था कि बेटा ललित प्रतिदिन गांव में स्थित काली मंदिर में पूजा के लिए जाता था। पुत्र के साथ आरोपी बाबा विरेंद्र मारपीट एवं गाली-गलौज किया करते थे। दो अक्टूबर को कुछ अन्य ग्रामवासियों के साथ वह मंदिर गई थी और बाबा विरेंद्र को समझाया था कि वह उसके पुत्र के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार न करें। लेकिन 3 अक्टूबर को सुबह लगभग 10:30 बजे ललित मंदिर गया और वहीं झोपड़ी में आराम कर रहा था। तभी बाबा ने उस पर पेट्रोल डालकर जान से मारने की नियत से आग लगा दी। इस घटना में ललित बुरी तरह झुलस गया था। उसे रामपुर, फिर मेरठ, और वहां से दिल्ली एम्स में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। देर शाम परिजन शव को लेकर एसपी आवास पहुंचे। जहां एसपी से मिलकर सारे मामले को बताया। जहां एसपी ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वसान दिया है।

### मिलक में खराब हुआ आला हजरत का इंजन, ढाई घंटे खड़ी रही ट्रेन

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक में आला हजरत एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन फेल हो जाने के कारण मिलक में करीब ढाई घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। उसके बाद ड्राइवर ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद बरेली से इंजन मिलक पहुंचा फिर ट्रेन रामपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। कोहरा होने के कारण इंटर सिटी एक्सप्रेस भी करीब एक घंटे देरी से रामपुर पहुंची।

सर्दी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। अधिक कोहरा होने के कारण बसों और ट्रेनों की रफ्तार भी थमती चली आ रही है। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बुधवार को भी कई ट्रेनें निश्चित समय से एक घंटे देरी से चली, जबकि नया भुज जाने वाली आला हजरत एक्सप्रेस बरेली से गुरुवार करीब छह बजे रवाना हो गई थी। उसके बाद ट्रेन मिलक में आकर रुक गई। यात्री नीचे उतर आए। पता चला कि ट्रेन का इंजन फेल हो गया है। उसके बाद ड्राइवर ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। फिर इंजन लगने के बाद ट्रेन रामपुर के लिए रवाना हुई, करीब ढाई घंटे देरी से ट्रेन रामपुर पहुंची। कोहरे के चलते इंटरसिटी भी एक घंटे देरी से रामपुर पहुंची।

# चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए 106 यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 19 चेकिंग स्टाफ व रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से चला अभियान

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा व रेल राजस्व की क्षति पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देश पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान संचालित किए जाते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 116 बेटिकट यात्री पकड़े गए। उनसे 57,415 रुपये जुर्माना वसूला गया।

रेलवे मजिस्ट्रेट सर्वेश मिश्र की उपस्थिति में सीआईटी भावेश शर्मा सहित 19 टिकट चेकिंग स्टाफ ने 5 रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। गाड़ी संख्या 22419, 14673, 15011, 13257, 22490, 12317, 12040, 14311, 15005, 22454, 54391, 12036, 64566, 54396, 12407, 13152, 15933, 15910, 22355, 12369, 12358, 15128 व अन्य सहित कुल 26 ट्रेनों को चेक किया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा के 106 यात्रियों को पकड़ा गया। जिन पर 57,415 /-, अनियमित यात्रा के 217 मामलों में 94,120 / ,गंदगी फैलाने के तीन मामले में 1100 /- सहित कुल 326 प्रकरण द्वारा कुल 1,52,635 /- का रेल राजस्व अर्जित किया गया।

इसके अतिरिक्त 6 यात्रियों को किराया एवं जुर्माना नहीं देने पर अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल मजिस्ट्रेट के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने इन 6 यात्रियों पर 3,940 /-का जुर्माना लगाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि रेल मंडल के अलग-अलग स्टेशनों तथा गाड़ियों में चेकिंग अभियान समय -समय पर चलाया जाता है। सहायता के लिए एकीकृत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या रेलवन एप के माध्यम से शीघ्र सहायता प्राप्त कर सकतें हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को 12 साल की सजा और जुर्माना

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार:** मामला थाना हयातनगर क्षेत्र के एक गांव का है। न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी पप्पू को आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी पाया गया है। फैसले के अनुसार धारा 363 अपहरण में 3 वर्ष का कारावास व 5,000 रुपये अर्थदंड, धारा 366 किशोरी को विवाह के लिए प्रेरित करने पर 5 वर्ष का कारावास व 6,000 रुपये अर्थदंड जबकि पॉक्सो एक्ट में 12 वर्ष का कारावास व 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

अदालत ने आरोपी के पिता ऋषिपाल, मां राजवती तथा सत्यवीर को मामले में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला वर्ष 2017 का है, जिसमें चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ था।

# खाने में नशीला पदार्थ मिलाने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र में खाने में नशीला पदार्थ मिलाने से छह लोगों के बेहोश होने जिसमें एक की मौत के मामले का छजलैट पुलिस ने 12 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी राजीव गिरि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



आरोपी राजीव गिरी।

गुरुवार को छजलैट थाना क्षेत्र में फौजी ढाबे पर 10 दिसंबर को कर्मचारी राजीव ने ट्रकों में चोरी के इरादे से चालकों के खाने में नशीला पदार्थ मिला बेहोश कर दिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना निवासी गुरमेल सिंह ने थाना छजलैट में तहरीर देकर बताया कि आरोपी राजीव ने खाना खिलाते समय उसमें नशीला पदार्थ मिला दिया, जिससे 6 लोग बेहोश हो गए। वहीं इलाज करा रहे एक की मृत्यु हो गई, जबकि बाकी उपचार के बाद ठीक हो गए। पुलिस ने केस एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी राजीव गिरि के खिलाफ दर्ज किया। आरोपी राजीव को छजलैट पुलिस टीम ने 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

#### चोरी के इरादे से मिलाई थी दवा

पूछताछ में बताया कि राजीव गिरि पुत्र ओमभारती गिरि उर्फ ओमप्रकाश गिरि, निवासी मोहल्ला गोसाईवाला, थाना माधोटांडा, जनपद पीलीभीत का रहने वाला है। उसने चोरी करने के इरादे से ढाबे पर ट्रक चालकों के खाने में बेहोशी की दवा मिलाने की बात कबूली है। एसपी देहात ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से एलप्राजोलम के 5 पैकेट में कुल 50 टेबलेट जेब से बरामद किए हैं।

### टायर फटने से बेकाबू एंबुलेंस पोल से टकराई



खंभे से टकराई एंबुलेंस।

**शाहबाद, अमृत विचार:** गुरुवार सुबह शाहबाद में एक एंबुलेंस का अगला टायर फट गया। जिससे एंबुलेंस बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई। यह घटना आंवला सीरोली रोड पर सुबह लगभग चार बजे हुई। जानकारी के अनुसार एंबुलेंस उत्तराखंड के एम्स ऋषिकेश से एक शव को लेकर बदायूं जिले के दातागंज छोड़ने आई थी। कुछ रोज पहले एक वृद्ध को सांड़ ने मार गिराया था। उनका इलाज एम्स ऋषिकेश में चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई । शव को दातागंज छोड़ने के बाद एंबुलेंस ऋषिकेश लौट रही थी।

# नाले में गिरकर स्कूल कर्मचारी की मौत

संवाददाता, पाकबड़ा

- अगले दिन राहगीरों ने नाले में उतराता देखा शव तो पुलिस को दी जानकारी

**अमृत विचार :** नाले में गिरकर स्कूल के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की मौत हो गई। अगले दिन शव को राहगीरों ने नाले पर उतराता देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को नाले से निकलवाया। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र भगतपुर के गांव डूंगरपुर के निवासी हाल निवासी थाना क्षेत्र मझोला के नया मुरादाबाद के सेक्टर 13 में रह रहे सत्य प्रकाश (45) बुधवार को अपने हाल निवासी नया मुरादाबाद के सेक्टर 13 से घर पर कहकर निकले थे कि अभी थोड़ी देर में आता हूं, लेकिन वह रात भर घर पर नहीं पहुंचे। परिजनों ने आसपास के मिलने वालों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ की लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। गुरुवार की शाम को सेक्टर 13 में स्थित नाले के ऊपर एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना लोगों ने थाना मझोला को दी। जैसे ही पुलिस को सूचना दी मौके पर भारी संख्या में पुलिस पहुंच गई और शव को बाहर निकलवाया। आसपास लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि यह सत्य प्रकाश का शव है। जिसकी जानकारी घरवालों को दी गई। मौके पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि यह बलदेव आर्य इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वहीं पर ड्यूटी करते थे। थाना प्रभारी मझोला रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

# वादी सहित चार गवाह भी नहीं साबित कर पाए आजम को दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर विधायक आकाश सक्सेना ने लिखाया था मुकदमा

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद आजम खां को सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी में कोर्ट से राहत मिल गई है।

सपा नेता आजम खां पर करीब 93 मुकदमे दर्ज है। अमर सिंह ने आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें अभियोजन पक्ष ने दो दरोगा सहित आठ गवाहों के बयान दर्ज कराए थे, लेकिन उसके बाद भी 28 नवंबर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। अब गुरुवार को सेना पर टिप्पणी मामले में वादी विधायक आकाश सक्सेना सहित चार गवाह पेश हुए थे। अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि अभियोजन ने वादी सहित 4 गवाह पेश किए, जबकि हमने एक गवाह तक पेश नहीं किया।

**23 को होगी पैनकार्ड मामले में सुनवाई:** सपा नेता आजम खां को पैनकार्ड मामले में 17 नवंबर को सात-सात साल की सजा हो चुकी है। पैनकार्ड मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील को प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। जिसमें 23 को सुनवाई होना है जबकि सजा बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से अपील की गई है। जिसमें भी 23 को सुनवाई होगी।

#### 14 मामलों में आ चुका फैसला

सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम खां जिला जेल में सजा काट रहे हैं। 2023 में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में सात साल की कोर्ट ने पिता-पुत्र सहित तीनों को सजा सुनाई थी। डूंगरपु मामले में 10 साल की सजा और हेट स्पीच में 3 साल की सजा हो चुकी है। अब दो पैनकार्ड में दोनों जेल चले गए थे। आजम पर मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित 59 मुकदमें, सेशन कोर्ट में 19 है। जबकि 14 मामलों में फैसला आ चुका है।

### 15 से 24 तक होगा खादी महोत्सव का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 15 से 24 दिसंबर तक मुरादाबाद खादी महोत्सव का युवा केन्द्र में आयोजन होगा।

जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में जम्मू कश्मीर के वूलन शॉल एवं सूट, ड्राईफ्रूट, राजस्थान की नमकीन, पंजाब की जूती, बिहार के भागलपुर की मशहूर खादी, उत्तराखंड के वूलन रेडीमेड गारमेन्टस, सहारनपुर का बुडन हैडीक्राफ्ट, कन्नौज का इत्र, मेरठ का अचार, सिल्क खादी, शहद, आर्गेनिक गुड़ एवं शक्कर, मसाले, भदोही का कारपेट एवं अन्य आकर्षक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।


**ता. पेशी 15.12.2025**
**सम्मन तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर शाहजहाँपुर**
**वाद संख्या 7555/2025**

गोपीनाथ उर्फ गोपालनाथ कपूर आदि बनाम श्रीमती अल्पना कपूर आदि बनाम 1. श्रीमती अल्पना कपूर पुत्री श्री त्रिलोकी नाथ कपूर पत्नी श्री राजीव कपूर निवासी 47 शिवपुरी नजदीक हनुमान मन्दिर मुरादाबाद (उ.प्र.) 2. श्रीमती भावना खन्ना पुत्री श्री काशीनाथ कपूर पत्नी श्री अनूप खन्ना निवासी चौराहा गली मण्डी चौक मुरादाबाद (उ.प्र.)... प्रतिवादी संख्या 1 व 3

हरगाह गोपीनाथ उर्फ गोपाल नाथ कपूर आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एक नालिश अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 15.12.2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असलीन मार्फत वकील मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करे उसी रोज उजर पेश करे। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 11.12.2025 ई. में जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार**
**पेशकार/अहलमद (माल)**
**उपजिलाधिकारी सदर शाहजहाँपुर**


# बाइकों की भिड़ंत में पेंटर की जान गई



जिला अस्पताल में बैठे परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अजीमनगर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, रिश्तेदार के साथ बहन के घर जा रहा था राजपाल

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।



मृतक राजपाल।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव कलरख निवासी पेंटर राजपाल (40) बुधवार शाम को बाइक से रिश्तेदार के साथ स्वार में रहने वाली बहन के यहां पर जा रहा था। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बगड़खा के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने राजपाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोग मौके पर पहुंच गए थे। उसके किसी ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां गुरुवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके हवाले कर दिया। बाद में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लोगों का घर पर तांता लगा रहा।

#### मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था

राजपाल तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। हालांकि उसकी शादी नहीं हुई थी। घरों में पेंट करने का काम कर अपना खर्चा चलाता था। बहन के घर जाने के दौरान उसकी हादसे में मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने के बाद बहन भी मायके पहुंच गई। भाई की मौत के बाद बहन का भी रो रोकर बुरा हाल है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से बरेली के युवक की मौत दो दिन बाद हुई शिनाख्त

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को माटखेड़ा में गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया था। जहां गुरुवार को परिजनों ने आकर उसकी शिनाख्त कर ली। उसके बाद शव को लेकर परिजन रवाना हो गए। जिला बरेली के थाना शीशगढ़ के खमरिया निवासी रोहित(19) की गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली चलाते थे।दो दिन पहले माट खेड़ा रोड पर ट्रॉली पलटने से मौत हो गई थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां गुरुवार को मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे।उसके बाद युवक की शिनाख्त की। बाद में कानूनी कार्रवाई करने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। जहां सभी का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक जाम भी लगा रहा था।

न्यूज ब्रीफ

### 17 से 23 दिसंबर तक होगा श्रीमद्भावत कथा महोत्सव का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के बुद्धि विहार स्थित बैंक्वेट हाल में 17 से 23 दिसंबर तक श्रीमद्भावत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें साक्षी गोपाल दास अध्यक्ष इस्कॉन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र कथा का अमृतपान भक्तों को कराएंगे। कथा का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णभावनामृत संघ व इस्कान की ओर से कराया जा रहा है। इस्कॉन प्रचार समिति के सचिव बॉबी ने बताया कि आयोजन के अन्तर्गत कथा स्थल बुद्धि विहार स्थित ह्वाइट हाउस रहेगा। आयोजन के पहले दिन 17 दिसंबर को भागवत संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ ऋण मुक्तेश्वर मंदिर बुद्धि विहार से होगा। 19 दिसंबर को नगर संकीर्तन पालकी यात्रा खत्री धर्मशाला बाजीगरान स्ट्रीट से निकाली जाएगी। अति विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह होंगे। इसके अलावा विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक रामवीर सिंह, जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### सर्वांगीण विकास के लिए सही दिशा अत्यंत आवश्यक

मुरादाबाद, अमृत विचार : राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर छिरावली में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा, विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद, रघुपति देव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नगला जट और ब्रजबाला ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि शतानंद शर्मा ने कहा कि छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए सही दिशा अत्यंत आवश्यक है। प्रभारी प्रधानाचार्य एवं जनपद नोडल करियर कार्यक्रम बबीता मेहरोत्रा ने मेले की रूपरेखा प्रस्तुत की। मेले में विद्यार्थियों ने स्टॉल लगाए। कई क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने उपयोगी जानकारी प्रदान की। भूतपूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। पंख डायरी प्रतियोगिता, स्टॉल और टीएलएम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नियमित विद्यालय आने वाले बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

## विद्यालय में लगे पेड़-पौधों पर अध्यापक ने बच्चों से कराया कीटनाशक का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कीटनाशक का छिड़काव करते विद्यालय के बच्चे।

- वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी जांच

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों द्वारा बच्चों की जान से खिलवाड़ करने का गंभीर मामला एक वायरल वीडियो के माध्यम से सामने आया है। विकासखंड ठाकुरद्वारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय अस्लेमपुर में बच्चों से कीटनाशक दवा का छिड़काव कराए जाने की घटना ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। हालांकि अमृत विचार किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

गुरुवार को वायरल हुई वीडियो में नजर आ रहा है कि स्कूल परिसर में लगे पेड़-पौधों पर जहरीली कीटनाशक दवा का छिड़काव अध्यापकों की मौजूदगी में छोटे-छोटे बच्चों से कराया जा रहा है। बच्चों की पीठ पर कीटनाशक से भरा स्प्रे बॉक्स बांधकर उनसे दवा छिड़कावाई गई, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है।बताया गया कि गुरुवार को विद्यालय की प्रधानाध्यापक अनीता ने परिसर की साफ-सफाई और पौधों की सुरक्षा के नाम पर बच्चों से यह काम कराया। वहीं स्कूल के अन्य शिक्षकों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज को जांच सौंपी है। बीएसए का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस घटना ने विद्यालयों में सुरक्षा मानकों और बच्चों की संवेदनशीलता के प्रति शिक्षकों की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### शिव विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भावुक

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांशीराम नगर सोनकपुर ओवर ब्रिज के पास आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथाव्यास आचार्य अमित शर्मा ने सती चरित्र और शिव विवाह के प्रसंग का मनमोहक वाचन किया। इससे पहले हरिनाम संकीर्तन हुआ।

उन्होंने सती माता के त्याग और समर्पण के साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का वर्णन करते हुए, दर्शकों को धर्म और परंपरा के महत्व को समझाया। इस प्रसंग ने दर्शकों के मन में आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना को विस्तार दिया। कथा सुन श्रोता भावुक हो उठे। कथा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश रस्तौगी, ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, संस्थापक विपिन कुमार दुबे, महासचिव बृजेंद्र राज सिंह, कोषाध्यक्ष छत्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा आदि मौजूद थे।

## निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी

शुभम शर्मा, मुरादाबाद


मेघना सिंह।

अमृत विचार : कार्यक्रम के बाद उनसे खेलों में मुकाम बनाने के संघर्ष, पिता के योगदान और महिला क्रिकेट के बदलते दौर पर चर्चा हुई। प्रस्तुत हैं उनके साक्षात्कार के प्रमुख अंश...

**प्रश्नः** अपनी क्रिकेट यात्रा की शुरुआत कैसे हुई?

**मेघनाः** मेरे पिता विजयवीर सिंह खुद क्रिकेट खेलना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने अपना अधूरा सपना मुझमें देखा और मुझे हमेशा प्रेरित किया। मैं लड़कों के साथ खेलती थी, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। बिजनौर के नेहरू स्टेडियम में एडमिशन दिलाया। वहीं कोच लक्ष्यराज के निर्देशन में मैंने क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। 2010 में मेरा चयन भारत की अंडर-19 टीम में हुआ और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेरा पहला वनडे मैच था। वर्तमान में मैं रेलवे में क्लर्क के रूप में कार्यरत हूं।

**प्रश्नः** हाल ही में महिला टीम ने विश्व कप जीता, इसका प्रभाव ?

**मेघनाः** इस जीत ने पूरे देश में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ा दी है। सबसे अच्छी बात यह है कि अभिभावक अब बेटियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कई नई क्रिकेट अकादमियां भी खुल रही हैं, जहां बड़ी संख्या में बेटियां एडमिशन ले रही हैं। यह बदलाव सकारात्मक है।

**प्रश्नः** विमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आपका अनुभव कैसा रहा?

**मेघनाः** मैंने गुजरात जॉइंट्स की ओर से खेला और यह मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण अनुभव था। डब्ल्यूपीएल ने महिला खिलाड़ियों को बड़ा मंच दिया है। आने वाले समय में इस लीग के कारण महिला क्रिकेट में और बड़े बदलाव दिखाई देंगे, चाहे वह अवसर हों या पहचान।

**प्रश्नः** क्या जल्द ही आपका टीम में कमबैक देखने को मिलेगा?

**मेघनाः** बिल्कुल। मैं लगातार अभ्यास कर रही हूं और अपनी फिटनेस एवं प्रदर्शन पर खास ध्यान दे रही हूं। मेरा लक्ष्य है कि जल्द से जल्द टीम में लौटकर देश के लिए फिर से बेहतरीन प्रदर्शन करूं।

# कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार पारा लुढ़कने से ठिठुरे लोग

### दृश्यता 100 मीटर से भी कम, हाईवे व अन्य सड़कों पर रेंगकर निकले वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सुबह कोहरे में वाहनों की लाइट जला कर निकले लोग। ● अमृत विचार

- सार्वजनिक स्थानों पर अलाव न जलने से जरूरतमंद हुए बेहाल

अमृत विचार : दिसंबर के दूसरे सप्ताह में गुरुवार को घना कोहरा छाया रहा। भोर से लेकर सुबह 8 बजे तक घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम रही। 100 मीटर तक नहीं दिख रहा था। जिसके चलते हाईवे और अन्य सड़कों पर वाहन रेंगते हुए चल रहे थे। लोग वाहनों के लाइट व डिपर का प्रयोग करते हुए कच्छप गति से आगे बढ़ रहे थे। देर से सूर्यदेव के दर्शन हुए तब जाकर राहत मिली।

सुबह घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम होने से हादसे की संभावना को टालने के लिए वाहन चालक धीमे चला रहे थे। हाईवे पर वाहन रेंगकर चल रहे थे। आठ बजे तक विजिविलिट 100 मीटर तक भी नहीं था। घने कोहरे के चलते सूर्यदेव के दर्शन भी देर से हुए। तापमान में भी कमी आई। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोपहर में तेज धूप रहने से पार्कों व सड़कों पर चहल पहल बढ़ी।

वहीं शाम ढलते ही एक बार फिर कोहरा घिरने लगा। हवा के चलते ठंड और गलन बढ़ गई है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। ठंड बढ़ने के बाद भी अभी तक नगर निगम व निकायों की ओर से अलाव जलवाने के प्रबंध नहीं किए गए। जिससे महानगर के सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला अस्पताल गेट आदि पर अलाव न जलने से गरीबों व निराश्रितों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बहुत से गरीब रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर खुले आकाश के नीचे सोकर रात गुजारने को विवश हैं।

हालांकि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सीएसआर के अन्तर्गत अब तक 2500 कंबल वितरित किए गए हैं। जिले में 254 स्थान अलाव जलवाने के लिए चिह्नित किए गए हैं। इन स्थानों पर नगर निकायों व ग्राम पंचायतों के माध्यम से अलाव जलवाए जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र में 9 स्थायी और दो अस्थायी रैन बसेरे बनाए गए हैं।

### निकायों में निर्माण करने वाली फर्म रजिस्टर्ड हो

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के स्तर से प्रदत्त सेवाओं के साथ जलकर और गृहकर की वसूली प्रक्रिया को ई- नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से स्थानीय निकाय क्षेत्रों में प्रभावी बनाने के लिए जीआईएस, डाटा फीडिंग और मैपिंग कार्य की प्रगति के संबंध में डीएम अनुज सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

उन्होंने नगर पालिका और नगर पंचायतों से प्राप्त विभिन्न जनोपयोगी कार्यों से संबंधित प्रस्तावों पर चेयरमैन और अधिशासी अधिकारियों के साथ चर्चा कर जरूरी कार्यों की स्वीकृति दी। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निकायों में निर्माण कार्यों को करने वाली फर्म मानक के अनुरूप रजिस्टर्ड होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में परियोजना अधिकारी को निर्देश दिया कि लाभार्थी चयन में पारदर्शिता बरती जाए। आमजन से शिकायत मिलने पर कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम के अलावा अन्य अधिकारी और निकायों के चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या में फरार चल बेटे का पता लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- माता- पिता ने एसएसपी से लगाई गुहार


एसएसपी कार्यालय के बाहर खड़े माता-पिता।

अमृत विचार : थाना कटघर क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में नामजद और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की बरामदगी की मांग को लेकर एसएसपी के नाम पिता हरपाल ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम मिलक मनकरा थाना मूंढापांडे निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि उनकी बहू रेशम रानी की 13 जुलाई 2024 को उनके बेटे नरेश ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। जिसमें वह और पत्नी शकुन्तला भी नामजद थे। जिसमें 14 महीने की सजा भी काट चुके है। जबकि घटना के वक्त आरोपी बेटा नरेश और बहु दोनों मुरादाबाद सूर्य नगर पीतल नगरी में रहते थे। नरेश पत्नी की हत्या करने से आज तक लापता है। हरपाल ने एसएससी के नाम दिए प्रार्थना पत्र में नरेश की उसी समय से फरार चलने बात कही है, और उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। हरपाल सिंह ने पुत्र के ससुराल पक्ष के लोगों पर नरेश की हत्या करने की आशंका भी जताई है। उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि नरेश की गुमशुदगी, उसके जीवित या मृत होने की स्थिति की गहन जांच कराई जाए और वह जीवित पाया जाए तो उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाए। एसएसपी की अनुपस्थिति में सीओ हाईवे राजेश कुमार ने मामले की जांच करने के लिए प्रभारी निरीक्षक कटघर कोतवाली विनोद कुमार को निर्देशित किया है।

## फाइनल में पहुंची रुक्मणी क्रिकेट अकादमी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रसन्नचित्त सेमीफाइनल की विजेता टीम। ● अमृत विचार

- फाइनल में नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी से होगी भिड़ंत

अमृत विचार : अवस्थी मेमोरियल कमेटी और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर खेला गया। यह मुकाबला रुक्मणी क्रिकेट अकादमी और डीपीजीएस क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीजीएस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 35 ओवरों में 8 विकेट खोकर 183 रन बनाए। टीम के लिए मौहम्मद समीर ने 41, मौहम्मद जैद ने 39 और वसीम ने 30 रन बनाए। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के लिए गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद कैफ और मोहम्मद अरीब ने 2-2 व मोहम्मद शान और देव पैसल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने 28.1 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टीम के लिए अंश गौतम ने 71, कप्तानी पारी खेलते हुए मौहम्मद कैफ ने नाबाद 57, देव पैसल ने 32 और अशरफ रजा ने नाबाद 18 रन बनाए। डीपीजीएस क्रिकेट अकादमी के लिए वसीम और मोहम्मद जैद ने 1-1 विकेट लिया। इस तरह रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के कप्तान मोहम्मद कैफ को चुना गया। अम्पायर की भूमिका में सतेंद्र कुमार और शमशाद अल्वी रहे। स्कोरर साकिब पाशा रहे। इस मौके पर पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं डीएसए सचिव विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, वैभव त्रिवेदी, डॉ. कुशल पाल सिंह, नजाकत अली, मोहम्मद हसीन आदि रहे।

## महिला बंदियों को मिल रही सुविधाओं की हकीकत जानी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- जिला जेल में संयुक्त निगरानी समिति ने किया निरीक्षण

अमृत विचारः मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के विकास के लिए उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में संयुक्त निगरानी समिति ने निरीक्षण किया। सीडीओ ने महिलाओं व बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की हकीकत जानी।

मुख्य विकास अधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि महिला बैरक में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। साथ ही कारागार में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह कराने के आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए गए। महिला बंदियों एवं बच्चों की काउंसलिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपयुक्त काउंसलर उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए गए। बच्चों की शिक्षा को सुचारू रखने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नियमित अध्यापक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं बच्चों के खेल एवं प्रारंभिक शिक्षा (किंडर गार्डन) संचालन के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निकट के आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री को कारागार में नियुक्त करने के आदेश दिया। निरीक्षण टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कौशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र कुमार राय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मुजीबुल्लाह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार तथा विधि सहपरिवीक्षाधिकारी फरहा नाज सहित अन्य मौजूद रहे।

## बेटी बोझ नहीं बल्कि भविष्य का आधार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


टीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- टीएमयू के मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के रेडियोलॉजी विशेषज्ञ एवं मेडिकल इन्नोवेटर मुख्य वक्ता प्रो. राजुल रस्तोगी ने मेडिकल इंटरप्रिन्योरशिप, डिजिटल हेल्थ केयर, एआई बेस्ड इमेजिंग, डायग्नोस्टिक स्टार्टअप्स, क्लीनिकल थिंकिंग, इथिकल मेडिकल प्रेक्टिस व पेशेंट सेंटर्ड रेडियोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गहनता से समझाया। कहा कि भविष्य का रेडियोलॉजिस्ट टेक्नोजिस्ट केवल मशीन चलाने वाला व्यक्ति नहीं होगा, बल्कि रेडियोलॉजिस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य की रेडियोलॉजी एआई पॉवर्ड, इंटरडिसिप्लिनरी एंड ग्लोबली कनेक्टिड सिस्टम होगी। इससे पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने कहा कि आज का युग एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का युग है। रेडियोलॉजी एक ऐसी तकनीक है, जो डायग्नोसिस को केवल सही ही नहीं बल्कि अत्यधिक सटीक और तेज़ बनाने का सामर्थ्य रखती है। दूसरी ओर वर्किंग मॉडल प्रजेंटेशन में शिवानी, राखी वर्मा, स्मिता सिंह और तुषार शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रजेंटेशन में सिदरा, आकाश कौशल और सालीन कुमार ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम स्थान पलक कपूर, प्रज्ञा, निज़बा खान और प्रीत कौर ने प्राप्त किया। छात्रों के फूड स्टाल पर पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों की विविधता देखने को मिली। नाट्य प्रस्तुति से भ्रूण लिंग परीक्षण की रोकथाम का संदेश दिया। बताया गया कि बेटी बोझ नहीं, भविष्य का आधार है। प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कला कौशल, मंच प्रस्तुति, टीमवर्क और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। सभी विजेताओं को कैश प्राइज़, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## परेड में ठाकुरद्वारा प्रथम


जवान को प्रमाम पत्र देतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद।

अमृत विचार : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग,जनपद तत्वावधान में गुरुवार को 77वां पीआरडी स्थापना दिवस समारोह युवा केंद्र, साई मंदिर के निकट, रामगंगा विहार में गरिमामय तरीके से आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने परेड का मान-प्रणाम स्वीकार किया। आयोजित परेड प्रतियोगिता में ठाकुरद्वारा ब्लॉक के संजय कुमार की टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर छजलैट के पवन कुमार की टोली रही, जबकि तृतीय स्थान मुरादाबाद ब्लॉक की प्रेमलता की टोली को मिला।पीआरडी जवानों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई। संचालन एसपी सिंह, सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी, आईएसबी मुरादाबाद ने किया। युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास, नरेश कुमार चौहान, सुरेश चंद्र शर्मा, जितिन राठी, नवीन कुमार, आशीष कुमार,विनीत कुमार,अभिनव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, स्वीटी व वरिष्ठ सहायक रूद्रवीर सिंह सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एमपीएस और 22 याड्र्स क्रिकेट के बीच रोमांचक मुकाबला

मुरादाबाद, अमृत विचार : माडर्न पब्लिक स्कूल में चल रहे मुरादाबाद टेस्ट चैंपियनशिप टूर्नामेंट के दूसरे दिन एमपीएस क्रिकेट अकादमी और 22 याड्र्स क्रिकेट अकादमी के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ।

एमपीएस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी 22 याड्र्स ने 70.4 ओवर में 221 रन बनाकर पारी मजबूत की। शाकिब रजा ने 56 गेंदों में 59 रन और अथर्व यादव ने 128 गेंदों में 46 रन की पारी खेली। अयान ने 4 विकेट लिए जबकि तरुण व पायल ने 2-2 विकेट झटके। एमपीएस ने 26 ओवर में 115 रन बनाते हुए 3 विकेट खो दिए। अयान सुधाकर ने 86 गेंदों में 64 रन बनाए, वहीं आदित्य राठौर ने 42 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। 22 याड्र्स क्रिकेट अकादमी की गेंदबाजी मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ी अभी भी संघर्षरत हैं, जीत आज के खेल पर निर्भर रहेगी।

कार्यक्रम

मुआंस के कला महोत्सव में एकल नृत्य जूनियर ग्रुप में धानवी प्रथम, आरव द्वितीय व रोहानी तृतीय

## महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने दिया खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ विजेता। ● अमृत विचार


दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ करतीं मेघना सिंह साथ में महापौर विनोद अग्रवाल।

अमृत विचारः मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज (मुसांस) के द्वारा रामगंगा विहार के गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय पीतलनगरी कला महोत्सव का आयोजन किया। दूसरे दिन गुरुवार को एकल नृत्य, समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं कराई गईं और सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण किया गया। एकल नृत्य जूनियर ग्रुप में धानवी प्रथम, आरव द्वितीय व रोहानी तृतीय रहीं। आयोजन में मुख्य रूप से मौजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी मेघना सिंह ने बच्चों से संवाद कर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया।

दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी मेघना सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ सचिन घावरी और डॉ. पंकज दर्पण ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। महापौर विनोद अग्रवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूरा सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। एकल नृत्य जूनियर ग्रुप में धानवी वत्सल प्रथम, आरव रस्तोगी द्वितीय, रोहानी तृतीय रहे। सीनियर ग्रुप में देवांश शर्मा प्रथम, नंदिनी व उदय प्रताप द्वितीय रहे। इसी प्रकार ग्रुप डांस में गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल प्रथम, बोनी ऐनी पब्लिक स्कूल द्वितीय व एसबीएस स्कूल बिलारी तृतीय रहा।

इसके बाद मेघना सिंह ने खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूछे गए सवालों का बेवाकी से जवाब दिया। मेघना सिंह को सरोपा और सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अभय पांडेय व संचालन डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने किया। संस्था अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. सचिन घावरी, सुषमा गर्ग, शशि भाटिया, राजेश सिंघानिया, शुभम बंसल, अरविंद गुप्ता, निधि गुप्ता, लिपिका, अमित वैश्य, मुकेश कुमार, गरिमा भटनागर समेत कई लोग मौजूद रहे।

### समाज में मुकाम बनाने वाली महिलाएं सम्मानित

अपने बल पर समाज में अपना एक मुकाम बनाने वाली महिलाओं अपूर्वा शर्मा, डॉ. शालू महाजन, डॉ. शालिनी गुप्ता, गरिमा सिंह, वरीशा बिलाल, महजबी परवीन और प्रियंका गुप्ता को सम्मानित किया गया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मेघना सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। कहा कि किसी भी बच्चे को खेलों में आगे बढ़ने के लिए जब भी किसी रूप में मेरी जरूरत होगी उसके लिए वह सदैव उपलब्ध रहेंगी। निर्णायक मंडल में गौरव शर्मा व साध्वी गुप्ता रहे।

# नहर में अधिक पानी छोड़ने से फसलें डूबी

## कई गांवों के किसानों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी, प्रशासन से की मुआवजा दिलाने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सैकड़ों किसानों की गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। किसानों के अनुसार सिंचाई विभाग की ओर से नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ा गया था, जिससे आधा दर्जन से अधिक गांवों के सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। आक्रोशित किसानों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की है।

गांव काले वाला के पूर्व प्रधान विजेंद्र सिंह ने बताया कि पशुपति फैक्ट्री के पास से बड़ी नहर से निकलने वाली छोटी नहर रामूवाला, गणेश, मुंशीगंज, काले वाला तथा माधोवाला तक जाती है। इस माइनर में जरूरत से कहीं ज्यादा पानी छोड़ा जाता है, जबकि इसकी निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं है। ऐसे में नहर का पानी सीधे खेतों में भरकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। किसान रात के समय बड़ी नहर पर जाकर पानी बंद करने को मजबूर हैं। किसान नेता प्रीतम सिंह ने जिलेदार सिंचाई विभाग अवनीश कुमार से वार्ता कर समस्या से अवगत कराया और तत्काल समाधान की मांग रखी। किसानों ने कहा कि माइनर में पानी की निकासी नदी तक सुनिश्चित की जाए, क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए तथा नहर को डैम से तुरंत बंद कराया जाए। आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे थाना दिवस ठाकुरद्वारा में शिकायत दर्ज कराने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में राजकुमार, रघुवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, नन्हे सिंह चौहान, तिरमल सिंह, योगेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

● लोगों ने कहा कि माइनर नहर में क्षमता से अधिक पानी आया



नहर में अधिक पानी आने से फसलें खराब होने पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार



खेतों में भरा नहर का पानी।

# झोलाछाप चला रही अवैध अस्पताल, किया सील

संवाददाता बिलारी

● सीएचसी प्रभारी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** झोलाछाप ने गांव में अवैध रूप से जच्चा बच्चा केंद्र खोल लिया। जिससे लोगों की जिंदगी दांव पर लगी थी। शिकायत पर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने छापामार कार्रवाई और अस्पताल सील कर दिया। अस्पताल में भर्ती महिलाओं को सीएचसी पर भर्ती करा दिया गया है।

क्षेत्र के गांव वीरमपुर में एक जगवती नामक महिला अवैध रूप से जच्चा बच्चा केंद्र संचालित कर रही थी। इस प्रकरण में कई बार शिकायत भी की गई थी। गुरुवार को किसी ने सीएमओ से इसकी शिकायत की। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वीरमपुर स्थित झोलाछाप के अस्पताल में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में कई महिलाएं भर्ती मिलीं। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि जगवती से जब उन्होंने अस्पताल से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह दिखा नहीं सकी। वहीं कोई संतोष जनक जबाव भी नहीं दे सकी। इस पर अस्पताल सील कर दिया गया है। वहीं अस्पताल में भर्ती महिलाओं को सीएचसी पर भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर जगवती के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चरस सहित पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास 1 किलो 74 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी सुहेल पुत्र अहमद रजा को गिरफ्तार किया। जिसके पास 1 किलो 74 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती का सड़क किनारे गड्ढे में मिला शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक युवती का सड़क किनारे गड्ढे में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव ने जांच के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिजनौर के स्योहारा ग्राम महमूदपुर के ग्रामीणों ने देखा की शव पड़ा हुआ है। डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ए के श्रीवास्तव और धामपुर के कार्यवाहक सीओ ने भी घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार, युवती की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच लग रही है। पुलिस टीम ने शिनाख्त के लिए आसपास के इलाकों में तलाश की और संबंधित थानों से भी संपर्क साधा, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### शिकायतों के बाद भी हो रहा अवैध खनन

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में खनन का अवैध कारोबार जमकर हो रहा है। शिकायत के बाद भी माफिया पर न तो खनन विभाग और न ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं। इससे लोगों में रोष है। क्षेत्रीय लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के मान नगर, खलीलपुर, मुख्तियारपुर , नवादा , बहादुरपुर खादर, गोपालपुर, मुस्तफ़ापुर खंडसाल व कांठ नगर के आसपास खनन माफिया लगातार खनन कर रहे हैं। आरोपी थोड़ी मिट्टी की अनुमति लेते हैं। इसके बाद किसानों के खेतों में गहरे गहरे गड्ढे कर देते हैं। आसपास के खेतों के किसानों की मिट्टी भी चोरी चुपके जेसीबी और डंपरों से खुदवा कर भर कर ले जाते हैं। ग्रामीण अखिलेश कुमार प्रीतम सिंह, वीर सिंह आदि ने पुलिस प्रशासन और खनन विभाग के अधिकारियों से किसानों के खेत में अवैध रूप से जबरन बुलडोजर और डंपरों से हो रहे। अवैध खनन के काम को रुकवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद भी विभाग अवैध अंकुश लगाने में नाकाम है।

### डीएम ने रैंकिंग में सुधार के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** रैंकिंग जारी होने के बाद बुधवार की रात डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग में गिरावट के कारणों पर चर्चा की। डीएम ने जिन विभागों का प्रदर्शन खराब रहा, उनके अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। डीएम ने ए श्रेणी प्राप्त करने वाले विभागों को अपनी रैंकिंग बनाए रखने और बी, सी श्रेणी प्राप्त करने वाले विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के ग्राम भागीजोत निवासी भोलू सिंह, हरसरूप सिंह तथा दूसरे पक्ष के कपिल कुमार, अमित कुमार आदि में खेत की मेड तोड़ने को लेकर बीते चार दिन पूर्व विवाद हो गया था जिसमें भोलू सिंह ने कपिल आदि के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में एसडीएम का न्यायालय में पेश किया है।

# आज के दौर में महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय कांठ में गुरुवार को महिला स्वाबलंबन गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नजाकत हुसैन एवं मिशन शक्ति-50 की प्रभारी डॉ. नौमी प्रिया के नेतृत्व में महिला स्वावलंबन : महिला सशक्तीकरण के लिए क्यों जरूरी है विषय पर वक्ताआकें ने विचार रखे।

मुख्य वक्ता महाविद्यालय में गणित विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ कामरान आलम खान ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को स्वावलंबी होना जरूरी है, जिससे कि वो सही अर्थों में सशक्त हो सके। मिशन प्रभारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सरोनिया, राजनीतिक विज्ञान के अस्सिटेंट प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार, भौतिकी विज्ञान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ मुदित सिंहल, अंग्रेजी विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार गुप्ता तथा कार्यालय अधीक्षक राजकुमार एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जूते-मोजे और स्वेटर के इंतजार में छात्र-छात्राएं

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र में संचालित परिषदीय स्कूलों में अब तक जूते, मोजे और स्वेटर की रकम नहीं पहुंची है। जिससे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को सर्दी में ठिठुरना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि बैंक खाता और अन्य दस्तावेज न होने के कारण रकम पहुंचने में बिलंब हो रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग अभियान चलाकर छूटे बच्चों को बैग, जूते-मोजे, स्वेटर के लिए 1200 रुपये खाता के माध्यम से देता है, लेकिन बड़ी संख्या में छात्र अभी वंचित हैं। अनेक अभिभावकों के पास आधार ही नहीं बने हैं। विभाग बीआरसी पर कैंप लगाकर अभिभावकों के आधार कार्ड बनवा रहा है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि बच्चों के लंबित डाटा का सत्यापन कर आगे बढ़ाएं। जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं उनको पूरा कराकर डीबीटी कराएं।

# डीसीएम ने खड़ी पिकअप को मारी टक्कर

संवाददाता, मूढापांडे

**अमृत विचार :** हाईवे पर गुरुवार शाम को रामपुर की ओर से आ रही डीसीएम ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप के पास खड़ा चालक और डीसीएम चालक घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया इसके बाद जाम खुल सका।

जानकारी के मुताबिक रामपुर की ओर से आ रही पिकअप का पिछला टायर पंचर हो गया था। टायर बदलने के लिए चालक पिकअप को साइड से खड़ा कर दिया और उतर कर टायर बदलने का इंतजाम करने लगा। इसी बीच रामपुर की ओर से आ रही डीसीएम ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप रेलिंग तोड़ते हुए सर्विस रोड पार करते हुए नाले के पार जाकर खाई में रूक गई। हादसे में पिकअप चालक गुलवेज और हिमाचल प्रदेश के शिमला का रहने वाला डीसीएम चालक सचिन घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल चालकों को सीएचसी पर भर्ती कराया है। जहां दोनों की स्थिति सामान्य बनी हुई है।



पिकअप को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार



हादसे के बाद झाड़ी में खड़ी डीसीएम।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक हुए घायल

बिलारी, अमृत विचार : तेज गति से जा रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहसपुर निवासी तस्लीम स्कूटी से सतारन गांव निवासी इकरार के साथ बिचोला से बिलारी की ओर आ रहे थे। इसी बीच को राम रतन इंटर कॉलेज के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में तस्लीम और इकरार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने ट्रक पकड़ लिया है।



घायल चालक। ● अमृत विचार

# समस्याओं को लेकर वकीलों ने जिला जज को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद मुरादाबाद को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया। समाधान की मांग की एवं उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयद मां आज बिन असीम कांठ में ग्राम न्यायालय का निरीक्षण करने सुबह 10:00 बजे पहुंचे। उन्होंने ग्राम न्यायालय में विचाराधीन और निस्तारित मुकदमों की जानकारी ली। लंबित मामलों का समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, महासचिव दीपक बिश्नोई के नेतृत्व में तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले। सभी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया और निस्तारण की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित वादों का निस्तारण ग्राम न्यायालय कांठ को दिलाया जाए। इसके साथ ही सीआरपीसी की धाराएं भी ग्राम न्यायालय को दिलाई जाएं। मुकदमों में होने वाले निर्णय एवं आदेशों आदि की प्रमाणित प्रति लेने की व्यवस्था मुरादाबाद के स्थान पर ग्राम न्यायालय कांठ में उपलब्ध कराई जाएं। थाना छजलैट की अधिकांश फाइल व थाना कांठ की आंशिक फाइल अभी भी मुरादाबाद में लंबित है, जो कांठ ग्राम न्यायालय को नहीं भेजी गई है। उनको ग्राम न्यायालय में भिजवाने की मांग की। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने जिला न्यायाधीश का स्वागत और अभिनंदन किया। कपिल राणा, दीप सिंह, लक्ष्मण सिंह, संजीवबिश्नोई, शमशाद अहमद, शहजाद रफी आदि अधिवक्ता गण प्रतिनिधि मंडल में मौजूद रहे।



जिला जज को बुके देकर सम्मानित करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● वकीलों ने जिला जज को बुके देकर किया सम्मानित

# धूमधाम निकली कलश यात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व विधि विधान के साथ भव्य कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे, जयकारों और भक्ति संगीत के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही। जगह जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

नगर के विवेकानन्द कॉलोनी में स्थित शिव शक्ति मंदिर से कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा स्योहारा मार्ग, रतूपुरा मोड़, नगलिया रोड, अस्पताल रोड, बाबूराम पाल सिंह द्वार सहित प्रमुख मार्गों से होकर अपने निर्धारित स्थान पर संपन्न हुई। कथावाचक देव कृष्ण ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा 11 दिसंबर से 17 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी। कथा में प्रतिदिन भक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन रहेगा।

# 28 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डीएम और एसपी ने अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की समय सीमा को 15 दिन बढ़ाकर 26 दिसंबर तक कर दिया है। डीएम ने राजनीतिक दलों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहयोग की अपील की।

बैठक में एडीएम प्रदीप वर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार गणना अवधि 26 दिसंबर तक,नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को होगा। वहीं दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक रहेगी। नोटिस चरण व निस्तारण 31 दिसंबर से 21 फरवरी 2026 तक होगा। जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत पांच जनपदों का चयन किया गया है, जिनमें संभल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि समय पर और पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची संशोधन प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने राजनीतिक दलों को आश्वस्त किया कि प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही सभी दलों से अनुरोध किया कि अपने-अपने बूथ स्तर पर मतदाताओं को सही विवरण उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

बैठक में विधायक इकबाल महमूद, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, सपा जिलाध्यक्ष असगर अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा के पास सो रहा बच्चा लापता

बिलारी, अमृत विचार : बाबा के पास से रहा पुत्र अचानक गायब हो गया। पीड़ित ने थाना बिलारी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिलक नगलिया जट निवासी रामवीर सिंह ने बताया कि उनका तीन साल का पौत्र काव्यांश उनके पास रहा था। रात एक बजे जब उन्होंने देखा तो वह नहीं था। तलाश करने पर वह न तो घर पर मिला और न ही आसपास। गांव के लोगों ने भी काव्यांश को तलाश किया, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। रामवीर ने बताया कि उनकी पुत्रवधू सविता सैफनी गांव निवासी संजय यादव के साथ छह माह पूर्व चली गई थी। जबकि पौत्र रियांश और काव्यांश को छोड़ गई। तभी से दोनों बच्चों की वह देखभाल कर रहे हैं। उन्होंने पुत्र वधू पर पौत्र को गायब करने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

मो. 7906815587



**सूचना**

मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र प्रकाश शील को गलत आचरण एवं दुर्व्यवार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। ममता सिंह पत्नी स्व. विनोद कुमार निवासी हाईडिल कालोनी, शाहबाद गेट, थाना सिविल लाइन्स, जिला रामपुर।

**खोया-पाया**

सूचित किया जाता है कि एक किता मूल बैनामा दिनांक 12.12.1978 की 1 जिल्द 1702 पृष्ठ 359/368 पृष्ठ सं. 4625 जिसका रकवा 67.39 वर्ग मी. है। मौजा किसरौल है। जो कि मोहम्मद मुश्ताक पुत्र अब्दुल रजाक ने सगीर अहमद पुत्र अब्दुल शकूर के हक में निष्पादित किया था। जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। उक्त के संबंध में प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें। बाद में उसके सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रदीप कुमार गुप्ता (एडवोकेट) चेम्बर नं. सी-3 सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे, मुरादाबाद, फोन-9897781229

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# जनसंचार एवं पत्रकारिता में हिन्दी का महत्व बताया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**अमृत विचार :** गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजननगर-जयनगर में हिन्दी विभाग द्वारा संचालित 'जनसंचार एवं पत्रकारिता में हिन्दी का महत्व' विषय पर आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हो गया। यह कार्यक्रम 1 दिसंबर से 11 दिसंबर तक प्रतिदिन शाम 3:30 बजे से संचालित किया गया।

हिन्दी विभाग के प्रभारी व कार्यक्रम संचालक डॉ. विजय सिंह तथा सह-संचालक डॉ. रविन्द्र बहादुर यादव द्वारा छात्रों को विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों-छात्राओं को पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी के महत्व से परिचित कराना तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग देना रहा। समापन सत्र में महाविद्यालय के सहायक शिक्षक डॉ. अजय सिंह, डॉ. युवराज चौहान, डॉ. राजेश, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अरुण कुमार यादव, डॉ. कृत्यपति सिंह सहित सभी शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में हिन्दी प्रथम सेमेस्टर की छात्राएं हिमांशी, निराली, ऋमा, प्राची, आयशा, स्वाति, पल्लवी, नमन आदि रहे।

# झारखंड के राज्यपाल के बेटे को सीएम ने भी दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र अपूर्व के विवाह समारोह में गुरुवार को जिले में वीवीआईपी का जमावड़ा रहा।

शाम करीब छह बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईवीआरआई स्थित कार्यक्रम में पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद देकर राज्यपाल के परिवार को बधाई दी। इस दौरान भीड़ मुख्यमंत्री को देखने को बेताब रही। उन्होंने वीवीआईपी मंच से भीड़ का अभिवादन किया तो भीड़ के बीच से जय श्रीराम के नारे गुंजायमान हो उठे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के बेटे अपूर्व का रिश्ता तमिलनाडु के उद्योगपति की बेटी संजना से हुआ है। आयोजन में दिनभर भीड़ के बीच 25 से अधिक वीवीआईपी पहुंचे। इनमें मुख्यमंत्री के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर शर्मा, सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, वनमंत्री डॉ अरुण सक्सेना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, एलएलसी कुंवर महराज सिंह समेत अन्य रहे।



राज्यपाल संतोष गंगवार के बेटे-बहू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# लोहे की रॉड मारकर युवक को किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर में ग्रामीण को लोहे की रॉड मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में एक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। पुलिस में तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी अमन ने बताया कि 5 दिसंबर शाम को पड़ोसी गांव अभनपुर में वह पकौड़ी लेने गया था। वहां पर गांव का गुरदीप आ गया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना किया तो लोहे की रोड सिर पर मार दी। जिससे उसकी गंभीर चोटें आई। इस मौके पर उसके पिता विजयपाल भी आ गए। उन्होंने बामुश्किल बचाया।


**निधन/शवयात्रा**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री विश्राम सिंह चौहान का आकस्मिक निधन दिनांक 11.12.2025 को हो गया है जिनकी **शवयात्रा आज दिनांक 12.12.2025 को प्रात: 11 बजे निज निवास लाल कोठी निकट लड्डू की चक्की, चंद्र नगर, मुरादाबाद** से मोक्षधाम लोकोशेड के लिए प्रस्थान करेगी।

**शोकाकुल परिवार :** अलका सिंह चौहान (पत्नी), आशीष सिंह चौहान-श्वेता चौहान (पुत्र-पुत्रवधु), दीपक सिंह चौहान (पुत्र), तेज सिंह चौहान-सरला चौहान (भाई-भाभी), धीरज सिंह चौहान-अनीता सिंह (भतीजा-बहु) शिवांग चौहान-निधि चौहान (भतीजा-बहु), तन्य सिंह चौहान, मनय सिंह चौहान, कार्तिक चौहान (पौत्र) तान्या, मेधावी, वशिंका, अनाया, राधया (पौत्री)

# पंचायत सहायक, एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए 18 से लिए जाएंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 19 पदों पर होनी है भर्ती, 2 जनवरी 2026 तक होंगे आवेदन

**अमृत विचार:** जिले में पंचायत सहायक,एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 19 रिक्त पदों पर चयन के लिए शासनादेश में निर्दिष्ट योग्यता एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। रिक्तियों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में उपलब्ध है। जमा करने की निर्धारित अवधि 18 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक रहेगी।

अभ्यर्थी आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया की निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 15 से 17 दिसंबर तक ग्राम पंचायत द्वारा भर्ती प्रक्रिया की सूचना का प्रसारण सूचना पट्ट एवं मुनादी के माध्यम से किया जाएगा। 18 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 5 से 10 जनवरी 2026 जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकासखंड कार्यालय में प्राप्त समस्त आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। 12 से 19 जनवरी जांच कर श्रेष्ठता सूची तैयार की जाएगी। ग्राम पंचायत प्रशासनिक समिति से अनुमोदन के बाद सूची को जिला स्तरीय समिति सदस्य सचिव जिला पंचायतराज अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। 20 से 27 जनवरी को डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं अंतिम संस्तुति की जाएगी। 28 से 31 जनवरी ग्राम पंचायतों द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत होगे।

### यह पद है खाली

विकास खंड चमरौआ की ग्राम पंचायत मुंडिया खेंडा फैजनगर, किसरौल, विकास खंड सैदनगर की ग्राम पंचायत पहाड़पुर जगतपुर, विकास खंड स्वार की ग्राम पंचायत मिलकताज खां, मेवलाकलां शामिल है। इसके अलावा विकास खंड शाहबाद की ग्राम पंचायत नादरगंज, मदारपुर, चकरपुर कदीम, धुरियाई, विकास खंड बिलासपुर की ग्राम पंचायत अलीपुर ठेका, नरायन नगला, रम्पुरा बुजूर्ग, ढाकी, कुंआखेड़ा, गजरौला, बेरखेंडा एवं विकास खंड मिलक की ग्राम पंचायत ढिरिया विश्नू के पंचायत सहायकों के पद रिक्त है।

## रोडवेज के पास हैं 108 बसें, डिपो में ही खड़ी रहती हैं अधिकतर

# चालक और परिचालकों की कमी से जूझ रहा रामपुर डिपो

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चालकों और परिचालकों की कमी होने के कारण आधे से ज्यादा बसें रोडवेज परिसर में ही खड़ी रहती है। 232 परिचालक की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में 132 ही परिचालक है। वहीं 232 चालक की अपेक्षा 146 की ही तैनाती है। 87 चालकों की कमी चल रही है। विभाग द्वारा कई बार शासन को पत्र भेजा जा चुका है।

जिले में रोडवेज बस सेवा पटरी पर नहीं आ पा रही है। डिपो बसों के लिए चालक और परिचालकों की कमी से जूझ रहा है। डिपो के पास मौजूदा समय में 108 बसें हैं। जिन पर चलने के लिए चालक और परिचालक होने चाहिए। ताकि यात्रियों को सफर करने में परेशानी नहीं आ सके, लेकिन अनदेखी के कारण यात्री घंटों खड़े होकर बसों के आने का इंतजार करते है। मौजूदा समय में रोडवेज बसों के 232 परिचालक होना चाहिए। जबकि 132 ही बसों में चल रहे हैं। वहीं चालक भी 232 होना चाहिए, लेकिन चालक 146 है। 87 चालकों की रोडवेज में काफी समय से कमी चल रही है।

विभाग द्वारा कई बार शासन को पत्र भेजा जा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। चालकों परिचालकों की कमी को लेकर हमेशा उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाता है। ताकि सभी बसों का संचालन हो सके और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।



रोडवेज परिसर में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

### रामनगर, कानपुर के लिए सीधी बस सेवा नहीं

रोडवेज डिपो के पास मौजूदा समय में 108 बसें हैं लेकिन कुछ जगह ऐसी है जहां रोडवेज डिपो की बसें नहीं जा रही हैं। जिसमें यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामनगर और कानपुर जाने के लिए कोई बस नहीं चल रहते हैं। जिस कारण से रामनगर जाने वाले यात्री पहले मुरादाबाद जाते है। उसके बाद रामनगर के लिए बस लेते हैं या फिर ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता है। कानपुर जाने वाले यात्रियों को मुरादाबाद डिपो और उत्तराखंड डिपो की आने वाली बसों का इंतजार करना पड़ता है।

> रोडवेज डिपो में चालकों और परिचालकों की कमी है विभाग द्वारा कई उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाता है।ताकि सभी बसों का संचालन हो सके। यात्रियों को परेशानी नहीं आई।
> – **रामप्रकाश**, एआरएम रामपुर डिपो।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में आज होगा यज्ञ

**रामपुर,अमृत विचार :** शुक्रवार को श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में भारत रत्न महामना मालवीय जयंती पर यज्ञ का आयोजन होगा। आर्य जाति के महान वर्तमान युग के भारत वर्ष के मर्यादा पुरुष राष्ट्र गौरव महामना मालवीय जीका प्राकट्य विक्रम संवत 1918 पौष कृष्ण अष्टमी को तथा भौतिक शरीर का तिरोभाव विक्रम संवत 2003 मार्ग कृष्ण चतुर्थी को हुआ था, उनका एक ही नारा था संघे शक्ति : कलौ युगे। यह जानकारी डॉ. राधेश्याम शर्मा वासंतेय ने दी।

### सांसद ने सदन में उठाया एसआईआर का मुद्दा

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने 80 वर्षीय नूरजहां और उनके दो बेटों का नाम एसआईआर में मुकदमा दर्ज होने का मुद्दा सदन में उठाया। सिविल लाइंस स्थित ज्वालानगर निवासी नूरजहां के दो बेटे आरिफ और दानिश कुवैत में रहकर नौकरी करते हैं। उनकी मां नूरजहां ने कुवैत में रह रहे अपने बेटों के एसआईआर फार्म भर दिए इस पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद सांसद संजय सिंह आप के प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला के साथ बूढ़ी महिला से मिलने पहुंचे थे। गुरुवार को सांसद ने यह मुद्दा सदन में उठाया है।

# नहरों की अनियमितताओं को लेकर किसानों का धरना

## भाकियू भानू ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन, उप जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुरुवार को तहसील परिसर स्थित पार्क में एकत्रित हुए। किसानों ने मौजूदा समस्याओं पर चर्चा की। उसके बाद सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में किसानों ने नारेबाजी करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

आवाज सुनकर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार मौके पर पहुंचे। प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सभी बिंदुओं पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। बिजली आपूर्ति को लेकर नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि सरकार के निर्देश के अनुसार किसानों को 12 घंटे निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए, जबकि ग्रामीण फीडरों पर 6 से 7 घंटे भी ठीक से सप्लाई नहीं मिल पा रही है। इससे सिंचाई प्रभावित हो रही है। नहरों की सफाई को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। इसके अलावा सिंचाई संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। सलीम वारसी ने यह भी आरोप लगाया कि डांडिया वन क्षेत्र में वन रेंजर की मिलीभगत से कीमती लकड़ी की अवैध कटान हो रही है, जिससे सरकार को राजस्व नुकसान हो रहा है। खैर, शीशम सहित कई पेड़ों को रातों में काटकर तस्करों को बेचा जा रहा है। धरने में मोहम्मद आसिम राजा, महेश अहमद,मोहम्मद अहमद, सतनाम सिंह, मुबारक हसन, कदीर आलम, मातबूब हसन, हर प्रसाद, गेंदनलाल, अरुण प्रसाद, जमुना प्रसाद, फरहान अली, सरदार अहमद, लियाकत खान, जमील अहमद, सादिक अहमद, नबी, अब्दुल कयूम, अहमद शाह, सपन, राजू, उर्मिला देवी, रेखा रानी, उर्मिला, कालिदासी, रीता रानी, आरिफ अली, बलविंदर सिंह, सचिन सिंह, रईस अहमद और सोनू गुप्ता मौजूद रहे।



तहसील में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### सभी धान केंद्रों की करवाई जाए जांच

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिलासपुर तहसील के सभी धान क्रय केंद्रों की जांच आवश्यक है। अधिकांश किसानों के पास धान नहीं है क्योंकि उन्होंने लगभग एक माह पहले ही अपना धान कम दामों पर बेच दिया था। ऐसे में सवाल यह है कि इन केंद्रों पर किसका धान खरीदा जा रहा है। आरोप लगाया कि कई किसानों के नाम से जो सत्यापन किया जा रहा है,उनके पास धान था ही नहीं। बिचौलियों, आढ़तियों और राइस मिलों की मिलीभगत से फर्जी सत्यापन कराकर धान केंद्रों पर पहले से खरीदा गया धान तौला जा रहा है। जिस समय किसानों के पास धान था, तब खतौनियों का सत्यापन नहीं किया गया।

### पंचायत में किसानों ने उठाई समस्या, सौंपा ज्ञापन



**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत गुरुवार को धमोरा की साप्ताहिक बाजार में हुई। किसानों की समस्याएं उठा समाधान के लिए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। बेमियादी धरने को सफल बनाने का संकल्प लिया। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रदेश महासचिव ने पंचायत में भरोसा दिलाया कि वह किसानों की समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। 15 दिसंबर को कलेक्ट्रेट में किए जाने वाले धरने को सफल बनाने की अपील की। नायब तहसीलदार पंचायत में पहुंचे। किसानों ने एसडीएम मिलक को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। उसमें छुट्टा पशुओं को पकड़वाने, क्षेत्र में कृषि विवि की स्थापना, नहरों में पानी छोड़ने, रठौंडा मार्ग स्थित नाले का निर्माण पूर्ण कराने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव दरियाब सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम, दरवारी लाल शर्मा, मोहम्मद तालिब, चौधरी राजपाल, राम बहादुर, छिद्दा नेता, चौधरी जसवंत,रोहन सिंह मौर्य, रुकम सिंह भी मौजूद रहे। अध्यक्षता अनिल शर्मा ने की।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण संस्थाएं उत्तरदायी

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को जूम संगोष्ठी हुई। इसमें वाराणसी के डॉ. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थाएं गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तरदायी हैं।

कहा कि संस्थानों की गुणवत्ता शिक्षक पर आधारित होती है। क्योंकि वही पीढ़ियों के निर्माण एवं राष्ट्र के विकास का कारण होता है। कॉलेज में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में डॉ. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की तरक्की का मूल मंत्र शिक्षा ही है। दूसरे सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गुलफिशां खान ने भारतीय उच्च शिक्षा के ऐतिहासिक व्यक्तित्व विषय पर वक्तव्य दिया। कहा कि महर्षि अरविंद घोष, पंडित मदन मोहन मालवीय, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, सर सैयद अहमद खां, शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह भारतीय उच्च शिक्षा में बड़ा योगदान दिया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ढींगड़ा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. मोनिका खन्ना ने सभी का आभार जताया। संचान डॉ. अब्दुल वाहिद शाह ने किया।

## एसआईआर में पारदर्शिता पर चर्चा



तहसील सदर के मनकरा स्थित बूथ पर बीएलओ-बीएलए बैठक में मौजूद लोग।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता,निष्पक्षता और उद्देश्य को लेकर शहर विधान सभा अंतर्गत तहसील सदर के ग्राम मनकरा स्थित बूथ पर बैठक की।

गुरुवार को हुई बैठक में भाजपा के अलावा किसी अन्य दल के बूथ लेवल एजेंट नहीं पहुंचे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बैठक में पर्यवेक्षक और बीएलओ ने अनुपस्थित मतदाताओं को सूचीबद्ध किया। मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की भी लिस्ट को अंतिम रूप दिया। ग्राम पंचायत में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर ग्राम प्रधान सना काशिफ ने सुपरवाइजर हरि राम और बीएलओ रामकिशोर को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने बताया कि बसपा और कांग्रेस ने बाहरी व्यक्तियों को इस बूथ पर बीएलए नियुक्त किया था, जो गायब रहे। सपा ने बीएलए नहीं बनाया था। बैठक में भाजपा के बीएलए मंगल सैन, विक्रमजीत सिंह विक्की, सलीम अल्वी, मुनीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## एसआईआर: एफआईआर खत्म करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मंडलायुक्त से मिले आप नेता ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला के नेतृत्व में सभासदों के एक डेलिगेशन ने मुरादाबाद में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात की। एसआईआर मामले में एफआईआर को खत्म करने के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि वृद्धा नूरजहां(80) व उनके बेटों आमिर और दानिश जो वर्तमान में कुवैत में नौकरी कर रहे हैं। उनके खिलाफ एसआईआर फार्म से संबंधित मुकदमा सिविल लाइंस में दर्ज किया है। आरोप लगाया है नूरजहां ने विदेश में कार्यरत बेटों की ओर से फार्म भरा, जो कथित रूप से गलत बताया जा रहा है। जबकि नियम कहते हैं कि कोई भी व्यक्ति स्वयं या अपने परिवार के किसी भी सदस्य का फार्म भर सकता है, बस फार्म भरने वाले को रिश्ते का उल्लेख करना होगा। नूरजहां ने प्रक्रिया का पालन करते हुए फार्म भरा। उन्होंने रिश्ते को सही रूप में उल्लेख किया। कहीं कोई गलत जानकारी नहीं दी। 80 साल की वृद्धा पर बनाए गए दबाव से विदेशों में नौकरी कर रहे हजारों भारतीय भी खौफ में हैं। पार्टी ने मांग उठाई कि नूरजहां और उनके दोनों बेटों पर दर्ज मुकदमे को तत्काल समाप्त कराया जाए। पुलिस एवं एसआईआर विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि नियमों की गलत व्याख्या कर आम जनता को परेशान न किया जाए। मंडलायुक्त ने आश्वासन दिया कि मुकदमा खत्म कराया जाएगा। इस मौके पर सभासद मोहम्मद जफर, सरफराज अली,आरिफ सिकन्दर,फहीम अंसारी, गुड्डू महफूज, सभासद यासीन अली, आप प्रवक्ता रैयान खान, मीडिया कॉर्डिनेटर समद खान, अरहम खान आदि लोग मौजूद रहे।



मंडलायुक्त को ज्ञापन देते आप नेता फैसल लाला व अन्य। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विद्यालय की निदेशिका शोभा नंदा की पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन से लोगों को सरल तरीके से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाया। स्त्रियों में व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में विस्तार से समझाया गया। विद्यालय प्रांगण में निदेशिका को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किए उनके कार्यों, आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया। पुण्यतिथि पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा ककरौआ गांव में अलग-अलग स्थानों पर वअलग-अलग समूहों के द्वारा स्थानीय क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### बच्चों को बांटी मूंगफली की चिक्की तिल की गजक

**रामपुर, अमृत विचार :** विकासखंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की उपस्थिति में मध्याह्न योजना के तहत सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन योजना की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं को मूंगफली की चिक्की, तिल की गजक, रामदाने के लड्डू,बाजरे का लड्डू , भुना चना आदि वितरण किया।इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश,एसएमसी अध्यक्ष विजेंद्र, निर्वाचित पदेन सदस्य मंगल सेन आदि के द्वारा भुने हुए चने बांटकर योजना का आरंभ किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा शरण सैनी, सहायक अध्यापिका दीपा सैनी, शिक्षामित्र गीता, हरिओम, कार्यकत्री उर्मिला, सुरेखा, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य बबीता, मीरा, शबाना, प्रवेश, ममता कुसुम, एवं सक्रिय अभिभावक राम बहादुर मोहम्मद जाकिर, नीतू , ममता, नेमवती, बिंद्रावती, सीमा एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** भोट स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल एवं किड्जी खंडेलवाल पब्लिक स्कूल में बुधवार रात वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर मनोज जैन, विशिष्ट अतिथि विधायक आकाश सक्सेना व उनकी पत्नी गुंजन सक्सेना रहे। माउंट लिट्रा जी स्कूल की प्रधानाचार्या नेहा जैन, किड्जी की प्रधानाचार्या सीमा जैन तथा विद्यालय के निर्देशक शोभित जैन खंडेलवाल एवं सर्वेश जैन खंडेलवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद डिस्कनेक्टेड सोल्स, शुभ आरंभ, आर्मी, रिदम ऑफ राजपूताना, अंगार द एज ऑफ वॉरियर्स, ड्रीमर्स, सागा ऑफ टाइम, रेट्रो मेट्रो, मॉक पार्लियामेंट, व्हिस्पर इन द डार्क तथा ग्रैंड फिनाले जैसी प्रस्तुतियां छात्रों ने प्रस्तुत दी। डायरेक्टर ऑफ गवर्नेंस ( डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज) नीलिमा जैन, ईओ नगरपालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी तथा माउंट लिट्रा जी स्कूल, रुद्रपुर के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने रखे एसआईआर को सवाल, मिला समाधान



**सैफनी, अमृत विचार :** नगर में स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल परिसर में गुरुवार को लेखपाल व बीएलओ की टीम ने जागरुकता सभा आयोजित की। इस दौरान सभा में एसआईआर से जुड़े सभी जरूरी बिंदुओं के अलावा पात्र लोगों को समय पर आवेदन करने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीएलओ थान सिंह,अंजली गुप्ता, नोशीन जहां,अनीस सहित प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा,अध्यापक रियाज अहमद, लेखपाल राहुल कुमार व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। टीम ने लोगों से सहयोग की अपील कर कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति बिना वोटर कार्ड के न रहे। सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपने सवाल रखे, जिनका समाधान मौके पर किया गया।

**कार्यक्रम** | सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में मनाया गया जश्ने जौहर, विद्वानों ने रखे विचार

# उच्च कोटि के लेखक और वक्ता थे मौलाना जौहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मरहबा ए जिंदगी और स्ट्रेंजर्स वन मोर का विमोचन

**अमृत विचार :** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में यौमे जौहर मनाया गया। विद्वानों ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर की जिंदगी से रूबरू कराया। इस मौके पर खलीकुन निसा बेगम लिखित पुस्तक मरहबा ए जिंदगी और सिदरा जावेद लिखित पुस्तक स्ट्रेंजर्स वन मोर का विमोचन हुआ।

लाइब्रेरी के हॉल में बुधवार की देर रात तक हुए कार्यक्रम में डॉ. शहपर शरीफ ने शोधपत्र में कहा कि मौलाना मोहम्मद अली जौहर उच्च कोटि के लेखक, पत्रकार, ओजस्वी वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम के साहसी सेनापति और खिलाफत आंदोलन के अग्रणी नेता थे। अंग्रेजों के कट्टर विरोधी थे। उन्होंने अपनी लेखनी व भाषणों से उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था। वर्ष 1911 में कोलकाता से उन्होंने अंग्रेजी अखबार कॉमरेड शुरू किया जो शीघ्र ही भारतीय राजनीति पर छा गया। इसके बाद 1913 में दिल्ली से उर्दू अखबार हमदर्द प्रकाशित हुआ। इसमें काजी अब्दुल गफ्फार, मौलवी महफूज अली बदायूंनी, हाशमी फरीदाबादी और मौलाना अब्दुल माजिद दरियाबादी जैसे लेखक लिखते थे। शाजिया हसन ने शोध पत्र में कहा कि नवंबर 1930 में लंदन की गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने ऐतिहासिक भाषण दिया। उनकी जोशीली तकरीर ने अंग्रेजों को भी स्तब्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि अब मैं गुलाम हिंदुस्तान में वापस नहीं जाऊंगा। मुझे मेरे देश की आजादी का परवाना दो या मेरी कब्र के लिए जगह दो। मौलाना मोहम्मद अली जौहर 4 जनवरी 1931 को लंदन में इस संसार से विदा हो गए। उन्हें बैतुल-मुकद्दस (यरुशलम) में दफनाया गया। इनके अलावा जीशान मुराद अलीग, जेबा निगार, मजहर रामपुरी, लायबा महबूब और नाजिया परवीन ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इससे पहले प्रसिद्ध शायर अजहर इनायती और नईम नजमी ने नाते पाक पेश की। कार्यक्रम डॉ. मेहंदी हसन और जुबैद खां के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. शायर उल्लाह खां, डॉ. हसन अहमद निजामी, अजहर इनायती, प्रो. जहांगीर अहमद खां, डॉ. अदनान जियाई और नईम नजमी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. सैयद अनवारुल हसन कादरी ने जबकि संचालन डॉ. फायजा जुबैर ने किया।



सौलत लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते डॉ. शायर उल्लाह खां। ● अमृत विचार

## भाषण प्रतियोगिता में संजना प्रथम आरती द्वितीय

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को भौतिकी विभाग के तत्वावधान में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ढींगड़ा ने किया। भाषण प्रतियोगिता में संजना प्रथम, आरती द्वितीय और सुशील तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना ही मिशन शक्ति का मुख्य लक्ष्य है। महिला सुरक्षा से संबंधित कानून एवं संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी। डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने उच्च शिक्षा एवं करियर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. सीमा तेवतिया, डॉ. सुमन लता, डॉ. राजू व डॉ. राहुल आदि उपस्थित रहे।

# सड़कों पर कोहरे की चादर वाहनों की रफ्तार हुई सुस्त

## सुबह 10 बजे के बाद निकला सूरज, चालकों ने सड़कों के किनारे खड़े कर दिए वाहन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को सड़कें कोहरे की चादर में लिपटी रहीं। कोहरा होने के कारण वाहनों की रफ्तार भी सुस्त हो गई। ट्रक चालकों ने सड़कों के किनारे अपने वाहन खड़े कर दिए। सुबह करीब 10 बजे सूरज की किरणें धरती तक पहुंची इसके बाद वाहनों ने फर्राटा भरा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी सर्दी का सितम और बढ़ेगा साथ ही सुबह और शाम कोहरा छाए रहने का अनुमान है।

शाम को सर्द हवा चलने से ठंडक बढ़ गई। कोहरे के कारण दृष्टतया कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। सुबह 10 बजे तक घने कोहरे से यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। घना कोहरा होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर कोहरे की चादर बिछी होने के कारण दृष्टतया बिल्कुल घट गई। जिसके कारण भारी वाहन चालकों ने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया।

कोहरा छटने पर वे गंतव्य की ओर रवाना हुए। दिन में भी वाहन चालकों ने लाइट जलाकर वाहन चलाए। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही के मुताबिक मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। इसके अलावा सुबह और शाम को वायुमंडल में कोहरा रहने का अनुमान है।


गुरुवार सुबह कोहरे के बीच हेड लाइट जलाकर निकले चालक।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 7 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 9 डिग्री से. |
| आद्रता | 58 प्रतिशत |
| वायु वेग | 10 किमी. प्रति घंटा |

दिन व रात्रि के तापमान में औसतन 2 डिग्री गिरावट होने के आसार हैं। किसान सभी प्रकार की खड़ी फसल में हल्की सिंचाई कर नमी बनाये रखें।
– डॉ. उदय प्रताप सिंह, मौसम वैज्ञानिक

## न्यूज ब्रीफ

### 18 को आईटीआई स्वार में लगेगा रोजगार शिविर

**रामपुर, अमृत विचार :** कौशल विकास के प्रबंधक ने अनुराग शुक्ल ने बताया कि 18 दिसंबर को रोजगार देने के लिए स्वार आईटीआई में शिविर लगेगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक बेरोजगार के लिए केवल आठवीं पास होना जरूरी है। 500 बेरोजगारों का साक्षात्कार होगा। प्रबंधक ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष से 30 वर्ष तक होना चाहिए। नौकरी के लिए पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड और शैक्षणिक योग्यता अंक पत्र होना चाहिए। नौकरी मिलने पर बीमा, कैंटीन, यूनिफार्म और 30 दिन की उपस्थिति होने पर भोजन फ्री मिलेगा। बताया कि आवश्यक दस्तावेज लेकर सुबह 10 बजे से पहुंचे।

### जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप, तहरीर दी

**सैफनी, अमृत विचार :** विवाहिता ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति ड्राइवर है। इन दिनों भी वह गाड़ी लेकर बाहर गए हुए हैं, वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है। आरोप लगाया कि गुरुवार शाम को भी महिला का जेठ उसे अकेला देखकर घर में घुस आया। उससे अश्लील हरकतें करने लगा, महिला के विरोध करने पर उसका जेठ गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। जिसके बाद विवाहिता ने कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है।

### मारपीट में गर्भवती समेत दो घायल

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा में कहासुनी के बाद मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने युवक की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित नदीम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया 5 दिसंबर को उसका साला रजा जिससे कहासुनी हो गई थी आरोपी व उसके मामा माजिद ने नदीम को चौराहे पर घेर कर छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित जान बचाकर घर पहुंचा, उसके बाद माजिद ने कलुआ, मोहम्मद रजा, उबैद को साथ लेकर घर में धावा बोल दिया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में नदीम के साथ गर्भवती पत्नी भी घायल हो गई। पुलिस ने माजिद, मोहम्मद रजा, कलुआ, उबैद और मेम्मर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सोलर पंप के लिए 15 तक आवेदन करें किसान

**रामपुर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि किसान सोलर पंप के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सोलर पंप के इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर 15 दिसंबर तक सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। किसानों को सोलर पंप पर सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। किसानों को ऑनलाइन बुकिंग के समय 5 हजार रुपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होंगे।

कृषि विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण होना जरूरी है। 2 एचपी के लिए 4 इंच, 3 से 5 एचपी के लिए 6 इंच जबकि, 7.5 और 10 एचपी के लिए 8 इंच का बोरिंग होना अनिवार्य है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि बोरिंग किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय बोरिंग नहीं पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त हो जाएगी और आवेदन निरस्त हो जाएगा।

# दरोगा के बंद मकान से लाखों का सामान चोरी

- चोरों ने खिड़की तोड़कर दिया वारदात को अंजाम

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव लखमन नगला में उपनिरीक्षक के बंद पड़े घर से चोरों ने लाखों का सामान समेट लिया। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार दिलीप सिंह मेरठ में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं, जबकि उनके छोटे भाई कमल सिंह छत्तीसगढ़ में सीआईएसएफ में उपनिरीक्षक हैं। दोनों ड्यूटी स्थल पर रहते हैं। गांव का घर अधिकतर बंद ही रहता है। घर की देखरेख और चाबी चचेरे भाई के पास रहती है, जो अपने वाहन उसी परिसर में खड़ा करता है। दोनों भाइयों की मां गांव में रहती थीं, लेकिन बीते सप्ताह बीमारी के चलते वह मेरठ बेटे के पास गई थीं। उनके जाने के बाद से घर पूरी तरह बंद था। चचेरा भाई गुरुवार सुबह बाइक निकालने घर में दाखिल हुआ तो अंदर का हाल देखकर दंग रह गया। कमरे की खिड़की टूटी हुई थी, अंदर जाकर देखा तो अलमारी के लॉक टूटे हुए थे, बिस्तर व सामान अस्त-व्यस्त था। अज्ञात चोर दोनों कमरों से सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान ले गए। चोरों ने पहले एक कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन जब दरवाजा नहीं टूटा तो उन्होंने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दूसरे कमरे का दरवाजा तोड़कर भीतर रखी अलमारी का लॉक खोल कर अलमारियों को खंगाला गया। जानकारी पर दिलीप सिंह व छोटे भाई को दी गई तो दिलीप मां के साथ घर पहुंच गए। दिलीप की पिछले वर्ष फ़रवरी में ही शादी हुई थी। दुल्हन के जेवर समेत कई कीमती चीजें अलमारी में रखी थीं, जो चोरी हो गईं। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया घटना तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी भूमि पर डॉ. आंबेडकर का बोर्ड लगाने पर विवाद, पहुंची पुलिस

- प्रधान की शिकायत पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया
- विरोध दर्ज करने के लिए धरने पर बैठे दलित समाज के लोग

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड़ासी में सरकारी तालाब की जमीन पर डॉ. आंबेडकर के चित्र का बोर्ड लगाने से विवाद हो गया। मामले की गंभीरता देखते हुए प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंच गया। जहां उन्होंने धरने पर बैठे दलित समाज के लोगों को समझाकार मामला शांत कराया और उसके बाद उन्हें घर भेज दिया।

लोगों ने बताया गुरुवार सुबह भुड़ासी के प्रधान ने प्रशासन कोई शिकायत कर बताया कि गांव में दलित समाज के लोगों ने सरकारी तालाब की जमीन पर डॉ. आंबेडकर के चित्र का बोर्ड लगा दिया। सूचना पर एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ हर्षिता सिंह, तहसीलदार अमित कुमार एवं कोतवाल संजय कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। वहीं प्रशासन के आने की सूचना पर दलित समाज के लोग धरने पर बैठ गए। धरने ओर बैठे लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाया कि किसी कोई सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का कोई बोर्ड नहीं लगा सकते। तहसीलदार अमित कुमार ने बताया कि भूमि के दोनों नंबर सरकारी हैं। एक तालाब का है, जिन लोगों ने चित्र का बोर्ड लगा दिया है। ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है।


शाहबाद के भुड़ासी में धरने पर बैठे दलित समाज के लोग। • अमृत विचार

# निष्क्रिय खातों में जमा धनराशि के लिए शिविर 12 को

**रामपुर, अमृत विचार:** अग्रणी जिला प्रबन्धक शिवांग जोशी ने बताया कि वित्त मंत्रालय व भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 12 दिसंबर को बैंकों की ओर से अवशेष अप्राप्त वित्तीय परिसंपतियों (डीईएएफ) रिफंड शिविर का आयोजन विकास भवन में 12 बजे किया जाएगा।खाताधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया जा रहा। इसमें लंबे समय से अप्राप्त बैंक जमा राशि, निष्क्रिय खाते सावधि आवर्ती जमा, डिमेट खातों तथा अन्य वित्तीय परिसंपतियों के त्वरित निस्तारण किया जाएगा।शिविर में जिले के सभी बैंक सरकारी, निजी, क्षेत्रीय सक्रिय भागीदारी करेंगे। जनता को ऑन द स्पॉट सहायता प्रदान करने के लिए बैंक अधिकारियों की टीम पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहेगी। शिविर में आने वाले नागरिकों को बैंक से जुडे सभी दस्तावेज लाने होंगे।

# मढ़ी की जमीन के विवाद में चार गिरफ्तार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** बुधवार को मढ़ी की जमीन को लेकर हुए विवाद में गुरुवार को पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उनका चालान कर दिया गया। पुलिस बचे आरोपियों को तलाश कर रही है।

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गुलड़िया भाट गांव स्थित मढ़ी की 125 बीघा जमीन को लेकर विवाद में कोतवाली में जमकर लात घूंसे चले थे। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पुजारी नरहरी दास के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया था। साधुओं के साथ मारपीट को लेकर हिंदू संगठन के लोग कोतवाली पहुंचे थे। उन्होंने साधुओं के साथ धरना प्रदर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया था। इसी दौरान आरोपी विवेक कोतवाली पहुंचा तो हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उसको देख भड़क गए। उस पर कुर्सियों से हमला कर लात घूंसे बरसा दिए। मारपीट होता देख कोतवाल भी बीच-बचाव कराने लगे। जिसके बाद किसी तरह लोगो को शांत कराया। साधु नरहरी की तहरीर पर आरोपी थाना फतेहगंज के मनकरी निवासी विवेक दास, ग्राम गुलड़िया निवासी धर्मपाल, नारायण दास, ज्ञानी के सहित चार अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए गुरुवार को पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने मढ़ी परिसर में घुसकर वहां रखी सोने की मूर्ति, पीतल के घंटे, तांबे के बर्तन, लगभग 200000 रुपये मूल्य के पॉपुलर के पेड़ चोरी कर ले गए थे। साधु संतों पर हमला किया और तमंचे से गोली चला दी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। • अमृत विचार

- मिलक में बुधवार को हुआ था बवाल, हिंदू संगठनों ने किया था हंगामा

# गोकुलनगरी के रसोइया ने जीते 3500 रुपये


पुरस्कार के साथ मौजूद रसोइया। • अमृत विचार

- बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रसोईया पाक कला प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में गुरुवार को रसोईया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। प्रथम पुरस्कार बिलासपुर के गोकुल नगरी के मॉडल प्राथमिक विद्यालय के रसोइया सुवर्णा को 3500 रुपये मिले।

द्वितीय पुरस्कार नगर क्षेत्र के अजीतपुर के कंपोजिट विद्यालय की बेबी 2500 रुपये मिले। तीसरा पुरस्कार स्वार के भोट बक्काल के प्राथमिक विद्यालय के रसोइया सर्वेश कुमारी को 1500 रुपये मिले। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी खाद सुरक्षा विभाग से अजरा बी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. हुमा परवीन, जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शालू कौशल वरिष्ठ डायट प्रवक्ता अशोक कुमार एवं होटल मूड फूड के चीज कुक मौजूद रहे।

शेष सभी 27 रसोइयों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 300 रुपये एवं सभी 30 रसोइयों को यात्रा भत्ते के रूप में 350 रुपये रसोइयों के खातों में भेजे गए। कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय स्वदीप कनौजिया एवं सहसंयोजक राहुल सक्सेना जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी जिला समन्वयक, सहयोगियों में अभिषेक शर्मा, जफर बेग, अरविंद सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# जिला अस्पताल में समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता पहुंचे सीएमओ कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां कार्यकर्ताओं के साथ एकत्रित होकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे। उसके बाद सीएमओ डॉ. दीपा सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को उपचार में प्रतिदिन गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मांग उठाई गई है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। अस्पताल में कुछ चिकित्सकों के अनुचित व्यवहार को लेकर भी शिकायतें मिलती हैं, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को असुविधा होती है। अल्ट्रासाउंड विभाग का कार्य प्रतिदिन दोपहर 12 बजे बंद हो जाता है, जिसके कारण दूरदराज से आने वाले मरीजों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीटी स्कैन केवल सीएमएस द्वारा अनुमोदित होने पर ही किया जाता है, जिससे सीएमएस की अनुपस्थिति में गंभीर मरीज भी परीक्षण से वंचित रह जाते हैं। सभी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की मांग की। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

## न्यूज डायरी

### विभिन्न योजनाओं में आवेदन करने के तरीके बताए



**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हब फॉर इंपावरमेंट द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5 के तहत स्वावलंबन कैंप का आयोजन किया। कैंप में उपस्थित बच्चों को 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूक किया। बाल विवाह एक कुप्रथा है। विवाह के लिए बालिका की उम्र 18 वर्ष लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, पति की मृत्यु पर निराश्रित पेंशन, रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष महिला योजनाएं बताई गई। बताया गया कि विभिन्न योजनाओं में आवेदन कैसे करें। जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से काउंसलर मितलेश, केस वर्कर उर्मिला व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।



### चलती कार में लगी आग

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर के मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग के मुख्य चौराहे पर चलती कार में अचानक आग लग गई। ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार और मानवीर सिंह ने आग पर काबू पा लिया। चौकी क्षेत्र के गांव पर्वतपुर निवासी कमरुद्दीन का पुत्र जैनुल अपनी नैनो कार से गुरुवार की शाम को किसी काम से दढ़ियाल चौराहे पर आया था। जैसे ही वह मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर प्रथमा बैंक के सामने पहुंचा तो चलती कार से आग की लपटें उठने लगीं। पीछे चल रहे लोगों ने शोर मचाकर कार चालक को सचेत किया। शोर सुनकर चौराहे पर तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार और मानवीर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने दौड़कर बैंक में लगे अग्निशमन सिलेंडर की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया। राहगीरों ने राहत की सांस ली। दोनों पुलिसकर्मियों की इस त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ की प्रशंसा की जा रही है।



### दिव्यांग को दी ट्राईसाइकिल

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान तहसील क्षेत्र मिलक के ग्राम पंचायत धमोरा निवासी दिव्यांग सूरज माता-पिता के साथ उपस्थित हुए। दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रार्थना-पत्र डीएम को सौंपा।डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने प्रार्थना-पत्र का अवलोकन कर दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल से वार्ता कर सुविधाएं प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया। कुछ ही समय में कलेक्ट्रेट सभागार में ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। डीएम अजय कुमार द्विवेदी तथा पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने ट्राई साइकिल दिव्यांग सूरज को सौंपी। डभ्एम ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही दिव्यांगजन हितकारी योजनाओं का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को स्वावलंबन एवं सम्मान पूर्वक जीवन यापन का अवसर प्रदान करना है। आश्वस्त किया प्रशासन द्वारा दिव्यांग जनों को सभी सहायता एवं योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाता रहेगा। परिजनों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### नेत्र शिविर में 200 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा




**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर कलंदर खां स्थित पालिकाध्यक्ष सना मामून के आवास पर नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में 200 मरीजों के आंखों की जांच हुई। समाज सेवी मामून शाह खां ने कहा कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करनी है। नेत्र चिकित्सक डॉ. किशोरी लाल ने कहा कि वह दो लाख से अधिक आंखों के ऑपरेशन कर चुके हैं। 1964 से नेत्र रोगियों की सेवा कर रहे हैं। जिनकी आंखों को ऑपरेशन की जरूरत थी, उन्हें डालमिया अस्पताल बुलाया गया है। उनके बेटे डा. विक्रम लाल भी 17 साल से उनके साथ नेत्र रोगियों की सेवा कर रहे हैं। वह भी करीब सवा लाख लाख नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कर चुके हैं। कहा कि शिविर में आए मरीजों को चशमा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर सैयद फैसल हसन, दिलशाद हुसैन, जिया उर रहमान खां, सुमित, आरिफ शाह खां, रहमान अली अंसारी, फूल खां, शाहरोज मंसूरी, वसीम खान, इरफान आदि मौजूद रहे।

# कच्चे घर में लगी आग, सामान राख

**मसवासी, अमृत विचार:** गांव किशनपुर मौलागढ़ निवासी कमरुल प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी उत्तराखंड के बेल पड़ाव में पत्नी रुखसाना के साथ काम पर गया था। बड़ा बेटा सानिव(10) गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गया था।

अल्पेश और अरमान गांव में ही बच्चों के साथ खेल रहे थे। सुबह 10 बजे घर में अचानक धुआं उठा और आग की तेज लपटे उठने लगी। ग्रामीणों ने घरों के हेड पंप से ही आग बुझाने शुरू कर दी, लेकिन तब तक घर में रखी दस हजार की नगदी लिहाफ गद्दे वह अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। इस मामले की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। किसी ने डायल 112 पर आग लगने की सूचना दी,तो डायल 112 भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग शांत हो चुकी थी। सूचना पाकर गृह स्वामी और उसकी पत्नी भी घर पहुंच गए और आशियाना जला देख परेशान हो गए।

दिक्कत — शहर के मोहल्ला बेरियान में कहीं टूटे स्लैब, कहीं नालियां चोक

# पालिका के वार्ड 20 में टूटी सड़कें, बदहाल पार्क

अमृत विचार अभियान

- बरसात में जलभराव से नहीं दिखते खुले हुए मेन होल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका के वार्ड-20 में सड़कें टूटी हुई हैं। शहीद खावर सईद के नाम पर बना पार्क भी बदहाल है। बरसात में जलभराव हो जाता है और राहगीरों को खुले हुए मेन होल दिखाई नहीं देते और वे उसमें गिरकर घायल हो जाते हैं। बाशिंदे कई बार पालिका के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन हालत जस की तस है।

पूर्व मंत्री आजम खां ने शहीद खावर सईद के नाम पर पार्क का निर्माण कराया था। लोग पार्क में टहलने जाते थे। बच्चों के लिए लगे झूले टूट गए हैं। खुले नालों में मच्छरों की फौज पल रही है। लोग मलेरिया बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। लेकिन, नालों पर स्लैब नहीं डलवाए गए हैं। सड़कों को नहीं बनवाया गया है।

वार्ड के लोगों ने नालों पर स्लैब डलवाने और टूटी सड़कें बनवाए जाने के लिए पालिका के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। अधिकारियों द्वारा लोगों को आश्वासन दे दिया जाता है लेकिन, काम नहीं होता है। मोहल्ला निवासी शादाब खां ने बताया कि वार्ड 20 में जोकीराम की बगिया, घेर फारूख शाह खां, सराय गेट, तबलचियां वाली गली, ऊंची मस्जिद और राजद्वारा में सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है।


शहीद के नाम पर बना बदहाल पार्क।


मोहल्ला बेरियान में शहीद खावर सईद के नाम पर पार्क का निर्माण कराया गया था। लोग उसमें टहलने के लिए जाते थे लेकिन, अब पार्क की हालत बदतर हो चुकी है। बच्चे भी पार्क में खेलने नहीं जाते हैं। – याकूब खां


शहीद खावर सईद के नाम पर बने पार्क की हालत बदहाल है। पार्क में कुर्सियां टूट गई हैं। नाले और नालियां खुले हुए हैं। कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन स्थिति । – महबूब खां


वार्ड- 20 में एक ही पार्क है और रखरखाव के अभाव में पार्क की स्थिति बहुत खराब हो गई है। शाम ढलते ही कानों पर भिनभिनाने लगते हैं। पालिका अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। – शाहवेज


बेरियान मोहल्ले में नाले खुले हुए हैं जिनमें मच्छरों की भरमार है। नालों की सफाई नहीं हुई है। वार्ड 20 में बने पार्क की हालत भी खराब है लोगों ने अब पार्क में जाना छोड़ दिया है। – मुन्ना

## न्यूज ब्रीफ

### रात में चोरी से आधा दर्जन पेड़ काटे

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग स्थित अब्दुल्लाह कॉलोनी के निकट एक मुर्गी फार्म के पास रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने आधा दर्जन आम के हरे पेड़ों को दिया। इससे स्थानीय निवासियों में रोष है। मामला सामने आने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। वन दरोगा पलट राम ने कहा कि यह मामला संज्ञान में आया है। जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### किसान ने अवैध खनन के लगाए आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे में विवादित भूमि पर अवैध कब्जा एवं भराव करने का आरोप लगाते हुए किसान ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस एवं खनन अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं भू-माफिया और खनन माफिया के खिलाफ प्रशासन की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी सुमन पत्नी अजय पाल ने छह साल पहले गांव निवासी एक व्यक्ति से खेती की जमीन का एग्रीमेंट कराया था। आरोप है कि आरोपी ने समय पर बैनामा नहीं कराया। जिस पर दोनों पक्ष न्यायालय की शरण में चले गए। जो अब न्यायालय में विचाराधीन है। वायरल वीडियो में वह साफ तौर पर जमीन पर भराव और अवैध कब्जे का जिक्र कर रहा है।

### कॉलेज गई 17 वर्षीय छात्रा लापता

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना बछरायूं क्षेत्र में कॉलेज गई 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा लापता हो गई है। वह कॉलेज पढ़ने गई थी, लेकिन छुट्टी के बाद शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव की रहने वाले किसान की 17 वर्षीय बेटी बछरायूं के स्कूल में पढ़ती है। वह बुधवार को घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। छुट्टी के बाद जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने छात्रा की तलाश में काफी खोजबीन की। उन्होंने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर भी पता लगाया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। छात्रा के अचानक गायब हो जाने से परिजन काफी परेशान हैं।

# सर्द हवाओं से गिरा तापमान, बढ़ी ठंड

संवाददाता गजरौला

- ठंड की वजह से बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा

**अमृत विचारः** घने कोहरे ने गुरुवार की सुबह से शहर के ही पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। दृश्यता कम होने हाईवे और मुख्य सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। शीतलहर का प्रकोप भी बढ़ गया है। लोग ठंड में ठिठुरते दिखाई दिए।

ठंड ने गुरुवार सुबह अपने तेवर दिखा दिए। बुधवार रात से चल रही बर्फीली हवाओं ने सुबह होते-होते हालात खराब कर दिए। तापमान के तेजी से गिरने और शीतलहर के प्रकोप ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। लोगों ने सामान्य दिनों की तुलना में सुबह घरों से देर से निकलना ही बेहतर समझा। सुबह जल्दी उठकर मार्निंग वॉक करने वाले लोगों की संख्या भी कम रही। सुबह-सुबह बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। कोहरे और कम दृश्यता के चलते सड़क पर चलने में भी दिक्कत हुई। सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को हुई। चालकों ने किसी तरह हेडलाइट जलाकर अपने वाहन आगे बढ़ाएं। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को भी ठंड का असर झेलना पड़ा। बच्चे ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। फिलहाल दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह में ठंड और भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## दिनभर कोहरा और ठंड का रहा प्रकोप, शीत से बचने को घर से निकलने में कतराते रहे लोग

# दृश्यता कम होने से हाईवे पर रेंगते नजर आए वाहन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** ठंड का प्रकोप बढ़ने और कोहरे के कहर से लोग दिन भर परेशान रहे। गुरुवार को अब तक का सबसे अधिक कोहरा और ठंड महसूस की गई। सुबह 11 बजे तक नेशनल हाईवे पर वाहन चालक लाइट चलाकर धीमी गति से चलते हुए नजर आए। घने कोहरे की वजह से चंद कदम के फासले पर खड़े वाहन भी नजर नहीं आ रहे थे। वाहन चालक लाइट के सहारे आगे बढ़ रहे थे।

गुरुवार सुबह होते -होते कोहरे ने पूरे जिले को आगोश में ले लिया, जिससे ठंड बढ़ गई। इस वजह से लोगों को अपने अपने गंतव्य तक जाने के लिए भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। सड़क पर



टीपी नगर से बिजनौर रोड पर कोहरे से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

वाहन रेंगते नजर आए। नेशनल हाईवे-9 पर कोहरे की मोटी चादर बिछने से विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। सीजन के पहले कोहरे के कारण अमरोहा में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। इस ठंड से जहां स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों को राहत मिली है। यह ठंड गेहूं की फसल के लिए काफी फायदेमंद बताई जा रही है।

### दुर्घटना की आशंका से धीरे चले चाहन चालक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गुरुवार सुबह कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दिया। रातभर चली बर्फीली हवाओं ने सुबह होते-होते पूरे क्षेत्र को घने कोहरे की सफेद चादर में समेट लिया। कोहरे की मार ऐसी रही कि दृश्यता बेहद कम हो गई और हाईवे से लेकर कस्बाई सड़कों तक वाहनों की रफ्तार रेंगने लगी। गुरुवार को बदायूं-बिल्सी स्टेट हाईवे पर तो हालात सबसे ज्यादा बिगड़े। दूर तक कुछ नजर न आने से चालक हेडलाइट और हार्न के सहारे धीरे-धीरे आगे बढ़ते दिखे। कई वाहन चालकों ने बताया कि कोहरे की घनत्व बढ़ने से अचानक सामने आने वाले वाहनों का अंदेशा बना रहा, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ी। शीतलहर का प्रकोप लगातार चुभने लगा है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे। सुबह मार्निंग वॉक करने वालों के कदम भी थम गए। बाजारों में सामान्य दिनों जैसा शोर-गुल नहीं सुनाई दिया, सड़कों पर लंबे समय तक सन्नाटा पसरा रहा। सबसे अधिक मुसीबत स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ी। ठंड और कोहरे से कांपते हुए बच्चे समय पर स्कूल पहुँचे। कई अभिभावकों ने कहा कि तापमान में अचानक गिरावट से बच्चों को विशेष सावधानी की जरूरत पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर के तीसरे सप्ताह में ठंड और भी कड़कड़ाने वाली है। ऐसे में लोगों को आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। सर्दी के पहले घने कोहरे ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में ठिठुरन और परेशान करने वाली है।

# तालाब पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन

## सड़क और नालियों में जलभराव से ग्रामीणों को सता रहा बीमारियां फैलने का डर

संवाददाता आदमपुर (अमरोहा)

**अमृत विचारः** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांव शीतला सराय में तालाब पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राजस्व अभिलेखों में गांव के बीचों बीच स्थित यह तालाब लगभग 7 बीघा रकबे में दर्ज है। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार मौके पर इसका क्षेत्रफल 1 बीघा से भी कम रह गया है। तालाब के अधिकतर हिस्से पर कब्जा होने के कारण उसका प्राकृतिक जलभराव बंद हो गया है, जिससे गांव में गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं।

गुरुवार को तालाब के पास एकत्र होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि तालाब में जाने वाला पानी अब सड़क और गलियों में भर जाता है, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ग्राम प्रधान पुत्र और कई अन्य ग्रामीणों ने तालाब को कब्जामुक्त कराने के लिए अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र दिए गए, लेकिन आज तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई



तालाब पर कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

नहीं की। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि तालाब के बंद होने से पानी कब्रिस्तान की भूमि में भर रहा है, जिससे धार्मिक स्थल भी प्रभावित है। वहीं सड़कों पर जमा गंदे पानी में जहरीले मच्छर पनप रहे हैं, जिसके कारण गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थिति इतनी खराब है कि हेपेटाइटिस सी के दर्जनों मरीज गांव में पाए जा रहे हैं, जिससे लोगों में चिंता फैल गई है। प्रदर्शन करने वालों में जितेंद्र कुमार, लोकेश कुमार, राकेश कुमार, कैलाश सिंह, शौकीन अहमद, नन्हे सिंह, भगवत सिंह, निजामुद्दीन, भूरा, जोगेंद्र सिंह



सड़क पर जलभराव व गंदगी। ● अमृत विचार

और रोहतास सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से तुरंत तालाब को कब्जे से मुक्त कराने और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट पर धरना देने को मजबूर होंगे।

# दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**गजरौला, अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव कुमराला निवासी मोनिका सिंह की शादी 18 अप्रैल 2024 को बछरायूं थाना क्षेत्र के हफीजपुर मजरा के गांव जमानाबाद निवासी गुरदीप सिंह के साथ हुई थी। आरोप है शादी के चार माह बाद ही ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दहेज में 25 लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि जुलाई में ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद जुटी पंचायत में काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुराल वालों ने दहेज की मांग बंद नहीं की। परेशान पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में विवाहिता की तहरीर पर आरोपी पति गुरदीप सिंह, सास ममता देवी, ससुर राजीव कुमार व देवर दीपेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छूट के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ



बैठक में अपने विचार रखते तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता रहरा (अमरोहा)

- भाकियू की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर किसानों ने की चर्चा

**अमृत विचारः** गुरुवार को तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह के नेतृत्व में गंगेश्वरी ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि चचौरा गांव में ग्राम प्रधान द्वारा 33/11 बिजली घर के लिए भूमि का प्रस्तावित किया जा चुका है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा बेसहारा पशु किसानों की फसलें उजाड़ रहे हैं। कड़कड़ाती ठंड में किसान अपनी जान हथेली पर रखकर अपने खेतों पर फसलों की रखवाली कर रहे हैं, लेकिन सरकार के नुमाइदें इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहा कि गंगेश्वरी ब्लाक के अधिकांश गांवों में गंदगी पसरी हुई है। सफाई कर्मचारी दफ्तरों में बाबू बने बैठे हैं। इस दौरान ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बिजली बिजली में भारी छूट देने के बावजूद भी किसान को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान आलोक चौधरी,वीरेश त्यागी, चौधरी फूल सिंह,सुदेश त्यागी, गुल्ली सिंह,शराफत अली, महेश पहलवान, मोहम्मद रियाजुद्दीन तथा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

संवाददाता हसनपुर

- गंभीर घायल को सीएचसी से हायर सेंटर किया रेफर

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव में मेड़ के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी -डंडे चले। दोनों ओर के तीन लोग घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंचकर एक -दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेजा। जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बुधवार की देर रात सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव झुडी खादर निवासी उपेंद्र पुत्र मुंशी का कोतवाली क्षेत्र के कालाखेड़ा निवासी प्रीतम और सुरेंद्र से मेड़ के विवाद को लेकर बुधवार देर रात मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सैदनगली थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि मेढ़ के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# हाईवे पर खड़े वाहनों से हादसे का डर

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचारः** मौसम में बढ़ते कोहरे के साथ ही नेशनल हाईवे पर हल्के-भारी वाहनों की रातभर आवाजाही के बीच हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हाईवे किनारे खड़े वाहन आए दिन हादसों का सबब बन रहे हैं। हाईवे पर दौड़ते तेज रफ्तार वाहन इनसे टकराने के बाद पूरी तरह से चकनाचूर हो जा रहे हैं। अफसर वाहनों को हाईवे से हटवाने को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

गुरुवार की तड़के भीषण कोहरा रहा। वहीं कोहरे में भी हाईवे पर कई वाहन खड़े दिखाई दिए। मौसम में सुबह-शाम कोहरा बढ़ रहा है। खासकर रात के समय दृश्यता घटने से हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है। हाईवे पर रातभर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में हाईवे किनारे खड़े ट्रक, पिकअप समेत अन्य भारी



नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

वाहन आए दिन हादसों का सबब बन रहे हैं। नो पार्किंग एरिया से लेकर होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट के सामने खुलेआम वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसके नतीजे में चालकों की जरा से लापरवाही से तेज रफ्तार वाहन हाईवे किनारे खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बृजघाट से गजरौला तक चार स्थानों पर रात के समय चालक भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। शहबाजपुर डोर, ख्यालीपुर ढाल, गजरौला औद्योगिक क्षेत्र के अलावा

- जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से हाईवे के किनारे खड़े हो रहे वाहन

सीओ कार्यालय के बराबर में वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा ट्रक व कंटेनर खड़े किए जा रहे हैं। बीते दिनों वाहनों के खड़ा होने की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। जिनमें कई मौतें तक हो चुकी हैं। गुरुवार की रात भी हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र के अलावा सीओ कार्यालय के बराबर में सड़क किनारे कई वाहन खड़े दिखाई दिए।

# 30 वाहनों की नीलामी से मिला13 लाख का राजस्व

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- छह वर्ष पुराने वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई

**अमृत विचारः** डिडौली कोतवाली में वाहनों की नीलामी की गई। इस दौरान 30 वाहनों की नीलामी की गई। जोया निवासी मेराज अली ने 30 वाहनों की नीलामी की 13 लाख 10 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर सभी वाहनों को खरीदा।

गुरुवार को कोतवाल परिसर में वाहनों की नीलामी हुई। इस दौरान नीलामी प्रक्रिया में कुल 89 लोग उपस्थित रहे। सबसे पहले सरकारी बोली की शुरुआत नायब तहसीलदार अनुपम सक्सेना और डिडौली प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह ने 5 लाख 75 हजार रुपये से की। बोली में शामिल ठेकेदारों ने अपने-अपने हिसाब से बोली को आगे बढ़ाया। नीलाम किए गए वाहनों में 21 मोटरसाइकिल, 1 तीन पहिया ऑटो, 1 बड़ा ट्रक, 1 आइसर कैंटर, 4 कार, 1 ट्रैक्टर ट्रॉली और 1 एम्बुलेंस शामिल थे। ये सभी वाहन 6 वर्ष पुराने संगीन अपराधों से संबंधित मुकदमों में जब्त किए गए थे। जोया के मेराज अली ने 30 वाहनों की नीलामी की 13 लाख 10 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर सभी वाहनों को खरीदा। डीएम से आदेश मिलने के बाद ही इन वाहनों को ठेकेदार मेराज अली के सुपुर्द किया जाएगा। नायब तहसीलदार अमरोहा अनुपम सक्सेना ने बताया कि कोतवाली में खड़े 6 वर्ष पुराने वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

# घर की खिड़की तोड़कर नकदी व जेवर ले गए चोर

**हसनपुर, अमृत विचारः** मनौटा पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव में चोरों ने घर में घुसकर खिड़की तोड़कर डेढ़ लाख रुपये के सामान चुरा ले गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी शरीफ के परिवार में बुधवार की दोपहर रिश्ते के भाई की दुर्घटना में मौत हो गई थी। सभी परिजन उसमें लगे हुए थे। देर रात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए मकान की खिड़की तोड़कर कमरे में दाखिल हुए। कमरे में रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर सेफ अलमारी में रखी 15 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। गुरुवार सुबह जब पीड़ित ने कमरे का दरवाजा खोल कर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने अलमारी देखी तो नकदी और जेवर गायब थे।

# चकबंदी में बाधा डालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) सहित गांव ढक्का के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में भूमाफिया के बाधा डालने का आरोप लगाया। कहा कि यदि बाधाएं दूर नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में लोग व किसान कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन से किसानों ने बताया ढक्का गांव में चकबंदी चल रही है। जिसमें कुछ भूमाफिया बाधा डाल रहे है। यूनियन ने बताया कि ग्राम पंचायत ढक्का में चकबंदी प्रक्रिया लगभग तीन साल से चल रही है। कुछ भूमाफिया किस्म के लोग इस प्रक्रिया में लगातार बाधा डाल रहे हैं, जिससे भोले-भाले किसानों को परेशानी हो रही है।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते संगठन के लोग व ग्रामीण। ● अमृत विचार

कई किसानों के पास अपनी जमीनों तक पहुंचने के लिए रास्ते भी नहीं हैं। इस समस्या के कारण गांव में पिछले तीन वर्षों से फसल का उत्पादन भी न के बराबर रह गया है। किसानों ने मांग की कि रोकी गई न्यायिक प्रक्रिया को तुरंत फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों की आपत्तियां हैं, उनके निस्तारण के लिए न्यायिक प्रक्रिया का सुचारू रूप से चलना आवश्यक है। यूनियन ने न्यायहित में किसानों के हितों को देखते हुए

- नाराज किसानों ने आंदोलन करने की दी चेतावनी

चकबंदी प्रक्रिया में तेजी लाने के आदेश पारित करने की मांग की। कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा इसमें व्यवधान डालने की कोशिश की गई, तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर डॉ चंद्रपाल सिंह, अनुराज सिंह, नरेंद्र कुमार, विजय सिंह, वरन सिंह, हरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रेमी की शादी रुकवाने पहुंची युवती ने किया हंगामा

संवाददाता हसनपुर

- पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** नगर के एक बरात घर में सिपाही की शादी रुकवाने के लिए बिजनौर निवासी प्रेमिका पहुंची, उसने जमकर हंगामा किया।सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर वह घर लौट गई।

बिजनौर निवासी सिपाही की बुधवार रात नगर के बायपास मार्ग स्थित एक बरात घर में बुलंदशहर निवासी युवती से शादी हो रही थी। देर शाम बिजनौर निवासी एक युवती कोतवाली पहुंची और अपने को सिपाही की प्रेमिका बताते हुए कोतवाली गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। उसने बताया सिपाही ने उससे शादी करने का भरोसा देकर करीब दो वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण किया है, युवती ने यह भी दावा किया कि सिपाही उसे हरिद्वार ले गया था जहां मंदिर में उसके साथ शादी की थी। वहीं युवती के द्वारा 1076 पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि युवती पुलिस के मांगने पर कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी। कोतवाली पुलिस के समझाने पर प्रेमिका युवती घर लौट गई। हालांकि जाते-जाते प्रेमिका ने आरोप लगाया कि आरोपी के सिपाही होने की वजह से कोतवाली पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की, नहीं पुलिस मौके पर पहुंची। महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करने के बाद कोई भी सहायता प्राप्त नहीं हुई। अब मैं आरोपी के खिलाफ न्यायालय की शरण में जाऊंगी। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया की युवती ने इस संबंध में कोई भी तहरीर नहीं दी है और वह बिना तहरीर दिए वापस लौट गई।

# किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के बैनर तले किसानों ने नौगावां सादात में बिजली विभाग के जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर धरना देकर सड़क को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक टीम ने बमुश्किल किसानों से वार्ता कर जाम खुलवाया।

यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के कस्बे का है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेतृत्व में संगठन के लोगों और किसानों ने जेई राजीव कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अमरोहा-बिजनौर रोड जाम कर दिया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जेई अवैध वसूली करते हैं और रिश्वत



अमरोहा बिजनौर मार्ग जाम कर बैठे भाकियू के लोग व किसान। ● अमृत विचार

के बिना बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान नहीं करते। किसानों का कहना है कि महीनों से ट्रांसफॉर्मर, खराब लाइनें और वोल्टेज की समस्या जैसी शिकायतें लंबित हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र होगा। करीब दो घंटे तक किसानों ने जाम लगाया रखा। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी सुनील कुमार सहित प्रशासन की टीम ने किसानों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास किया।

- जेई पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, कार्रवाई की मांग

काफी समझाने-बुझाने के बाद और प्रशासन से जांच के आश्वासन मिलने पर किसानों ने जाम खोल दिया। हालांकि, किसान नेताओं ने कहा कि कार्रवाई होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि किसान-प्रशासन वार्ता कराकर अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर लगे जाम को खुलवा दिया। है। जेई से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जांच कराई जाएगी।

# संभल में छाया सीजन का पहला घना कोहरा, ठंड से कांपे लोग

## ठंड से बचने के लिए अलाव के सहारे बैठे नजर आए लोग, बच्चों को हुई अधिक परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सीजन के पहले कोहरे ने गुरुवार को दस्तक दी तो आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। शहर से लेकर देहात तक सड़कों और खेतों में कोहरे की सफेद चादर बिछी नजर आई। विजिबिलिटी इतनी कम रही कि 5 से 10 मीटर तक सामने का भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। इस हालात में वाहनों की रफ्तार थम-सी गई और लोग हेडलाइट जलाकर धीरे-धीरे चलते नजर आए।

सर्दी का सीजन शुरु हुए महीनों बीत गए, लेकिन गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया तो लोग अलाव के सहारो बैठे नजर आए। सुबह जागने के बाद घर से बाहर जब लोग निकले तो चंद कदम का भी दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 6 बजे संभल में तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ जिसमें सूरज चढ़ने पर बढ़ोत्तरी हुई। जनपद में चंदौसी, बहजोई, गुन्नौर, बबराला, नरौली, असमोली और गंवा में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तड़के इन क्षेत्रों का तापमान 4 से 5 डिग्री तक नीचे चला गया था। कोहरे के कारण स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चे ठिठुरते हुए कोहरे के बीच स्कूल पहुंचे। कोहरे और ठंड ने आमजन को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। दोपहर को कुछ समय के लिए कोहरे और सर्दी से राहत महसूस हुई लेकिन शाम होते ही फिर से कोहरे की चादर छा गई।


ठंड से बचने के लिए अलाव के सहारे बैठे लोग। ● अमृत विचार

### ठिठुरते हुए स्कूल गए बच्चे

**ओबरी/संभल, अमृत विचार:** गुरुवार सुबह से छाए कोहरे के साथ चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। सुबह में बच्चों को ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ा। वहीं ठंड से कांपते बच्चे और बड़े अलाव जलाते नजर आए। बच्चे भी स्कूल जाने से आनाकानी करने लगे। घने कोहरे के बीच बच्चों को कांपते हुए स्कूल जाना पड़ा। वहीं कुछ जगह बच्चों और बूढ़ों को ठंड से बचने के लिए अलाव जलाते देखा गया। सुबह साढ़े नौ बजे तक घरों से बाहर निकले लोगों को पास का भी नजर नहीं आ रहा था। लोगों की आंखें और सर पर बालों के ऊपर ओस की बूंदें जमीं नज़र आ रही थीं। सड़कों पर वाहन लाइट जलाते धीमी गति से चलते नजर आए। वहीं लोगों का कहना है कि अब उन्हें सर्दी का सितम नज़र आने लगा है।

### सर्दी बढ़ी तो अब जलेंगे अलाव

नगर पालिका परिषद संभल के ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ ही अलाव जलाकर लोगों को राहत देने के लिए नगर पालिका परिषद ने पूरी तैयारी कर ली है। अलाव की व्यवस्था को लेकर टेंडर जारी किया जा चुका है। हाल के दिनों में कुछ चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे थे, लेकिन ठंड कम होने के कारण व्यवस्था सीमित थी। अब कोहरे व सर्दी के बढ़ते असर को देखते हुए प्रमुख चौराहों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाएगी। शहर में सभी प्रमुख चौराहों पर अलाव जलेंगे और उसकी लगातार निगरानी भी की जाएगी। वहीं बेसहारा लोगों को रात बिताने के लिए रैन बसेरा भी सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर बाइक सवार दो लोग घायल

**रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां अनूपशहर मार्ग पर गांव हरदासपुर के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां अनूपशहर मार्ग पर गांव हरदासपुर के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी। इस हादसे में धनारी थाना क्षेत्र के गांव खजरा इनायत गंज निवासी अनुज कुमार और विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। जहां से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### भूमि विवाद को लेकर तहसील में दिया धरना

**बबराला, अमृत विचार:** भूमि विवाद के मामले में अपेक्षित कार्रवाई न होने से क्षुब्ध दो लोग बुधवार को गुन्नौर तहसील में धरने पर बैठ गए। राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जागरूक परिषद के अध्यक्ष पंडित हरीश गौतम और नवनीत गांधी ने तहसीलदार पर भ्रष्टाचार और तानाशाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भूमि विवाद के एक मामले में तहसील प्रशासन नियम विरुद्ध दूसरे पक्ष का सहयोग कर रहा है। धरना शुरू होते ही तहसील परिसर में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तहसीलदार रविन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि तहसील सभागार में एसआईआर प्रक्रिया का काम चल रहा था तभी दो व्यक्ति एक निजी भूमि पर निर्माण के बारे में जानकारी मांगने लगे। अचानक शोर मचाते हुए धरना पर बैठ गए। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता आयोजित

**चंदौसी, अमृत विचार:** चंदौसी स्थित मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधक डॉ. अशोक यादव, डॉ. अमोल कंचन, प्राचार्य राजकुमार गोयल उपस्थित रहे। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सात कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। ऑल इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन विषय विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार जुत्शी द्वारा किया गया।

## दुकान में नकब लगाकर मिठाई नकदी चोरी

**बहजोई, अमृत विचार:** चोरों ने मिठाई की दुकान को निशाना बनाते हुए दीवार में नकब लगाकर गल्ला तोड़कर 8 हजार की नगदी समेट ली। वहीं दुकान में रखी मिठाई को भी चुरा ले गए। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को कोतवाली में तहरीर दी है।

बहजोई कोतवाली के गांव रायपुर कला निवासी अरुण कुमार की गांव में ही मिठाई की दुकान है। रोज की तरह शाम 8 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। रात में किसी समय चोरों ने दुकान की दीवार में नकब लगा दिया और वह अंदर प्रवेश कर गए। सबसे पहले उन्होंने दुकान का गल्ला तोड़ दिया और उसमें रखी आठ हजार की नगदी समेट ली। वहीं दुकान में रखी सभी मिठाई समेट कर ले गए। जब सुबह मिष्ठान भंडार का स्वामी दुकान पर पहुंचा तो दुकान में नकब लगा देख वह अचंभित रह गया। अंदर जाकर देखा तो दुकान का गल्ला टूटा पड़ा था। उसमें रखी नगदी गायब थी। वहीं दुकान में रखी सभी मिठाई भी गायब थी। लगभग 50 हजार का सामान कर समेट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित दुकानदार से घटना की जानकारी की। वहीं दुकानदार अरुण कुमार ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# स्थापना दिवस पर पीआरडी जवानों ने दिखाया दमखम


बहजोई में विजेता पीआरडी जवानों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बहजोई

● धूमधाम से मनाया गया पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस

**अमृत विचार:** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में पीआरडी का 77 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां पीआरडी जवानों ने परेड के साथ अतिथियों को सलामी दी। परेड में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पीआरडी जवानों के पुलिस के साथ ईमानदारी से ड्यूटी निर्वहन करने की सराहना की गई।

नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह व विशिष्ट अतिथि बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने किया। इसके बाद आयोजित भव्य परेड बीओ पीआरडी चित्रवीर सिंह, अनुज कुमार व नितिन कुमार के नेतृत्व में किया गया। परेड में पीआरडी जवान कदम से कदम मिलाकर टोलियों के साथ चल रहे थे। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह ने पीआरडी जवानों और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, दैवीय आपदा और चुनाव ड्यूटी में निभाई जा रही भूमिका सराहनीय है। वह ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने बताया कि पीआरडी की स्थापना 1948 में हुई थी। तब से पीआरडी के जवान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं।

## चोरों ने एक ही रात तीन जगह से नकदी -जेवर समेटा

● एक ही गांव में एक ही दिन तीन जगह चोरी से मचा हड़कंप

**बबराला, अमृत विचार:** गांव हीरापुर गुन्नौर (इटउआ) में बुधवार रात चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी की तीन वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैला दी। चोरों ने दो घरों में नकब लगाकर और दीवार फांदकर जेवरात व नकदी पर हाथ साफ किया, जबकि एक घेर से ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली।

ग्रामीण ललतेश ने बताया गुरुवार सुबह उठने पर उसके घेर में खड़े ट्रैक्टर की बैटरी गायब मिली। इसके बाद पास में ही रहने वाले वीरेश के घर में भी चोरी का पता चला। रात में वीरेश के परिजन बरामदे में सो रहे थे, तभी चोर दीवार में नकब लगाकर कमरे से बक्सा उठा ले गए। बक्से में दो जोड़ी चांदी की पाजेब, सोने की बाली की एक जोड़ी, एक मंगलसूत्र और करीब 16 हजार रुपये नकद रखे थे। उधर चोरों ने गांव के बीचों बीच स्थित संजय के घर को भी निशाना बनाया। रात में संजय की पत्नी भूरी घर में अकेली सो रही थी। चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और अलमारी व बक्सा खंगाल डाला। घर से तीन जोड़ी चांदी की पाजेब, 30 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल चोरी हो गया। सुबह तीनों घटनाओं का पता चलने पर गांव में हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर मिली है।

# फार्म छह में गलत जानकारी देने पर होगी कार्रवाई : डीएम

संवाददाता, बहजोई

● जनपद में शत -प्रतिशत फार्म डिजिटाइजेशन का काम हो चुका है पूरा

● पहचान और सत्यापन के लिए आयोग ने 13 प्रकार के कागजात प्रस्तुत करना होगा


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीएम राजेंद्र पैंसिया ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग के दिए गए नए निर्देशों को लेकर प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। डीएम ने बताया कि अब फॉर्म 6 भरने वालों के लिए एक घोषणा पत्र देना जरूरी होगा। जिसमें अपनी जानकारी स्पष्ट देनी होगी। यदि आवेदन में कोई गलत सूचना पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि लगातार राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के माध्यम से निर्वाचन आयोग से प्राप्त सभी निर्देशों को जनपद में होने वाली प्रगति से अवगत कराया जा रहा है। जनपद में अब तक कल 15 लाख 70 हजार 306 मतदाता और 1590 बूथ हैं, चार विधानसभा हैं। निर्वाचन आयोग की तरफ से नए निर्देश जारी हुआ। जिसके तहत फार्म 6 भरने वालों के लिए घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। जिसमें यह स्पष्ट लिखना होगा कि उनके द्वारा दी गई जानकारी सत्य है। यदि आवेदन में कोई गलत सूचना पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ धारा 31 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। जिसमें 1 वर्ष तक का जेल व जुर्माना दोनों शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पहचान और सत्यापन के लिए आयोग ने 13 प्रकार के कागजात प्रस्तुत करना होगा।

आधार के साथ एक अतिरिक्त निवास प्रमाण पत्र देना जरूरी होगा। डीएम ने कहा कि ओवरसीज वोटर के पंजीकरण को लेकर बार-बार निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशिक्षण और बैठकों के बावजूद भी कई स्थानों पर जागरूकता की कमी दिखाई देती है। जबकि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि वह विदेश में रहने वाले या बाहरी मतदाताओं को केवल फॉर्म 6 ए के माध्यम से ही जोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में शत -प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है और वर्तमान में मैपिंग का डाटा 17.50 प्रतिशत उपलब्ध है। इसके आधार पर सभी कार्मिकों और ग्राम सचिवालय के कर्मचारियों को सुधार में लगाया जाएगा। डीएम ने मतदाताओं से अपील की कि वह सूचनाओं सत्य और सटीक उपलब्ध कराए ताकि बार-बार सुधारना करना पड़े। जिन का विवाह होकर स्थानांतरण हो चुका है। उन्हें अपना नाम शिफ्ट अवश्य करना चाहिए अन्य भविष्य में किसी प्रकार की गलत जानकारी पाए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई एडीएम प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# साइबर ठगों ने दो सौ ग्रामीणों को ठगा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

● ग्राहक जोड़ो-पैसा कमाओ' के लालच में फंसे लोग, कई लोगों ने कर्ज लेकर लगाया था पैसा

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के ओबरी गांव में साइबर ठगों ने एक ही बार में करीब दो सौ से अधिक लोगों को निशाना बनाकर एक करोड़ रुपये से ज्यादा की चपत लगा दी। सोशल मीडिया पर 'ग्राहक जोड़ो–पैसा कमाओ' का लालच देकर साइबर गैंग ने लोगों से धनराशि ट्रांसफर कराई और फिर पूरा पेज ही गायब कर दिया।

करीब चार माह पहले फेसबुक पर 'एडीटर' नामक पेज से UID-166747 और एक मोबाइल नंबर के जरिए ग्रामीणों को जोड़ा गया था। दोगुना पैसा मिलने के झांसे में कई लोगों ने अपनी जमा पूंजी तक लगा दी, जबकि कुछ ने कर्ज लेकर अमीर बनने का सपना देखा। सोमवार सुबह ठगों ने अचानक फेसबुक पेज डिलीट कर दिया। पेज गायब होने पर पूरे गांव में हड़कंप मच गया और लोग पूरे दिन पेज को खोजते रहे। शाम होते-होते साइबर ठगों ने एक और चाल चली। ठगी का शिकार हुए ग्रामीणों को विश्वास दिलाने के लिए कहा गया कि उनकी रकम वापस की जाएगी, बस 5,712 नेफ्ट के जरिए मोबाइल नंबर 8489780243 पर भेज दें। कई ग्रामीण इस झांसे में फिर आ गए और दोबारा पैसा भेज दिया। इसके बाद भी उन्हें कोई राशि वापस नहीं मिली, तब जाकर लोगों को पूरी तरह ठगे जाने का अहसास हुआ। ठगी की वजह से कई युवा कर्जदार हो गए हैं, जबकि कई परिवार अपनी वर्षों की जमा पूंजी गंवा बैठे। गांव में चर्चा है कि कुल ठगी की रकम एक करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है।

### इमाम ने चेताया था नहीं माने लोग

ओबरी और आसपास गांव में साइबर ठगों की ग्राहक जोड़ो–पैसा कमाओ स्कीम इतनी तेज चली कि ग्रामीण पहले खुद फंसे और फिर दोस्तों और रिश्तेदारों का पैसा जमा करा दिया। यह सिलसिला हर दिन तेजी से बढ़ा, ओबरी गांव के अधिकांश लोगों ने जमा पूंजी दांव पर लगा दी। पता चलने पर पिछले शुक्रवार को जामा मस्जिद के इमाम सैयद रिजवान मियां ने लोगों को ऐसे ऑनलाइन लालचों से सावधान रहने की सलाह दी थी। उन्होंने अवैध तरीकों से कमाए जाने वाले धन को हराम बताते हुए इससे दूरी बनाने को कहा था। लेकिन चेतावनी के बावजूद कई लोग ठगों के जाल में फंस गए। अब ठगी का शिकार हुए अधिकांश लोग शर्म या भय से खुलकर कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं।

## अमृत विचार कार्यालय में दिवंगत खेल हस्ती रवींद्रनाथ कुनार को दी गई श्रद्धांजलि


अमृत विचार कार्यालय में शोकसभा में मौजूद अधिकारी–कर्मचारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार के पिता एवं बिहार की वयोवृद्ध खेल हस्ती रवींद्रनाथ कुनार के निधन पर गुरुवार की शाम सेटेलाइट स्थित कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया।

कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों ने रवींद्रनाथ कुनार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अमृत विचार के अन्य कार्यालयों में भी शोकसभा आयोजित करके रवींद्रनाथ कुनार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शोकसभा में नवीन गुप्ता, मयंक तिवारी, संदीप बत्रा, सतीश द्विवेदी, अजीत श्रीवास्तव, अनूप शर्मा, सुनील सिंह, लक्ष्मण सिंह भंडारी, राकेश शर्मा, अमरदीप गुप्ता, अभय गुप्ता, आनंद सिंह, ओमेंद्र सिंह, सुरेश पांडेय, रामराज मिश्रा, दिग्विजय मिश्रा समेत अन्य रहे।

# वेतन के साथ एसपी का लाभ मिले

संवाददाता, बहजोई


ज्ञापन सौंपते ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

● बैठक के बाद सफाई कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े सफाई कर्मियों की बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें सफाई कर्मियों ने द्वितीय एसीपी का लाभ दिसंबर के वेतन के साथ दिए जाने की मांग उठाई। वहीं सफाई कर्मियों का अटैचमेंट अन्य दफ्तर में डीपीआरओ दफ्तर से किए जाने की बात कही। समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

बहजोई श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पार्क में आयोजित बैठक में सफाई कर्मियों ने जिलाध्यक्ष धीरज पाल सिंह यादव के सामने अपनी समस्याओं को लेकर रखा। वहीं इन समस्याओं को लेकर चर्चा की। जिसमें सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन आहरण को लेकर चर्चा की गई। वहीं सफाई कर्मचारियों को एनपीएस खाते से मिलने वाले लाभ 25 धनराशि आहरण करने को लेकर सफाई कर्मियों ने मांग उठाई। इसके बाद सफाई कर्मचारी जिला पंचायत राज्य अधिकारी दफ्तर पहुंच गए। जहां उन्होंने डीपीआरओ को संबोधित ज्ञापन दफ्तर के बाबू को सौंप कर कहा कि सफाई कर्मचारियों को द्वितीय एसीपी का लाभ महा दिसंबर के वेतन के साथ दिया जाए। सफाई कर्मियों का अटैचमेंट जिला पंचायत राज अधिकारी दफ्तर के आदेश से किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष धीरज पाल सिंह यादव, महामंत्री रंजीत सिंह, रतिराम सिंह, दौलत राम, सुंदर सिंह, संजय सिंह, थान सिंह, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, निरंजन, किशोर कुमार, सुनील राजोरिया आदि मौजूद रहे।

## प्लाटिंग के नाम पर छह लाख की ठगी

**संभल/असमोली, अमृत विचार:** असमोली क्षेत्र में प्लाटिंग के नाम पर ग्रामीण से 6 लाख रुपये की ठगी कर ली। जो चेक दिए वह बाउंस हो गए, वहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में एसपी के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मनौटा निवासी अकबर का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व लइक निवासी पाकबड़ा, साजिद निवासी इटायला माफी तथा मुबारिक निवासी मालपुर मिलक उसके घर पहुंचे थे। तीनों ने उसे प्लाटिंग के व्यवसाय में शामिल करने का झांसा देकर 6 लाख रुपये की मांग की। अकबर ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक व अन्य स्रोतों से रुपये जुटाकर गांव के ही सतीश कुमार के सामने 6 लाख की रकम दे दी। अकबर का कहना है कि लंबे समय तक न जमीन दिलाई गई और न ही पैसे लौटाए गए। दबाव बनाने पर जो चेक दिया वह बाउंस हो गया, पीड़ित ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# स्ट्रीट वेंडर, खाद्य वस्तुओं को ढंक कर रखें


स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण देते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के विशेष अभियान के तहत बबराला और गुन्नौर में 64 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को जागरूक किया गया।

गुरुवार को एफएसएसएआई से अनुबंधित कंसल्टेंसी फर्म एकेडी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बबराला में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ दीपक शर्मा ने स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छता और एफएसएसएआई मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों पर साफ-सफाई, हाथों की नियमित धुलाई, भोजन को ढक कर रखने, सतहों की सफाई, उचित तापमान पर खाद्य सामग्री के भंडारण और कचरे के सही निपटान की अनिवार्यता पर जोर दिया।

## भक्तों से मिलने चले आते हैं भगवान

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** असमोली ब्लॉक के भटपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथावाचक पंडित त्रिशांत कृष्ण महाराज ने ध्रुव और विदुर चरित्र का अनुपम प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि पांच वर्ष की अल्पायु में भगवान को प्राप्त कर ध्रुव ने भक्ति की शक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यदि ध्रुव जैसी दृढ़ साधना और सच्चे मन से भक्ति की जाए, तो भगवान स्वयं अपने भक्तों से मिलने चले आते हैं। महाराज ने बताया भगवान श्रीकृष्ण दुर्योधन के छप्पन भोग का त्याग कर विदुर की कुटिया में पहुंचे। विदुर की पत्नी के प्रेम से प्रस्तुत केले के छिलकों का भोग उन्होंने प्रसन्न होकर स्वीकार किया।

# सहकारी समितियों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

● पवांसा में सहकार से समृद्धि की दिशा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध समिति के सदस्य और सहकारी समितियों के सचिवों के लिए गुरुवार को पवासा स्थित सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण का नेतृत्व एआर ज्ञान प्रकाश ने किया। जिले में गठित 18 नई सहकारी समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

ट्रेनर अभिषेक तिवारी ने सहकारिता के मूल्य, सामाजिक महत्व और स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि व्यवसाय के साथ नवोन्मेषी परियोजनाओं को अपनाना आवश्यक है। इसके तहत कोचिंग एवं प्रशिक्षण केंद्र, आयल एक्सपेलर यूनिट, दाल–दलिया मिल, आटा चक्की प्लांट और भंडार गृह जैसी परियोजनाओं को सहकारी समितियां अपनाकर ग्रामीण युवाओं और किसानों को नए अवसर प्रदान कर सकती हैं। ट्रेनर ने प्रतिभागियों को डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) और बीडीपी (बिजनेस डेवलपमेंट प्लान) तैयार करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि सफल सहकारी समिति संचालन के लिए डीपीआर अनिवार्य है, क्योंकि इसमें किसी भी परियोजना की तकनीकी, वित्तीय और व्यवहार्यता का पूरा खाका तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि सशक्त डीपीआर और बीडीपी के माध्यम से सहकारी समितियां आसानी से बैंक ऋण और सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। सहकारिता की असली शक्ति सामूहिक प्रयास, पारदर्शिता और नवाचार में निहित है।

एडीसीओ राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसानों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए शासन द्वारा नवगठित समितियों का गठन किया गया है, जिससे खाद और बीज जैसी आवश्यक सामग्री किसानों को समय से उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में एडीओ कोआपरेटिव चंद्रपाल सिंह, उदयभान यादव, सुनील कुमार, विपिन यादव, रोबिन सिंह, उमेश कुमार, मुशर्रफ खान, आरबी यादव, महेश सिंह, राकेश सिंह सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

## स्कूल से लौट रहे भाई-बहन सड़क हादसे में घायल

**चंदौसी, अमृत विचार:** स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे बाइक सवार भाई-बहन को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बाबेपुर निवासी राजेश कुमार की बेटी प्रतिज्ञा चंदौसी-बदायूं रोड स्थित पथरा गांव के पास रोटरी इंस्टीट्यूट से बीबीए कर रही है। उसका छोटा भाई प्रशांत मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्षा 10वीं का छात्र है। दोनों गुरुवार दोपहर 2 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों कोकावास पुल के पास पहुंचे, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से भाई-बहन सड़क किनारे दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

न्यूज ब्रीफ

## दो वरिष्ठ आईएएस के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में उप्र. शासन ने अहम बदलाव किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नियुक्ति और कार्मिक विभाग ने गुरुवार को कार्यक्षेत्र में इस फेरबदल का आदेश जारी किया। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अखंड प्रताप सिंह को उप्र. राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखंड प्रताप इससे पूर्व विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वहीं, आईएएस दीपा रंजन को उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ उप्र. राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण को मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## सुबह-शाम कोहरा छाने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुबह-शाम के समय उत्तरी पश्चिमी हवाएं ठंडक बढ़ा रही हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के 13 जिलों, कुशीनगर, महाराजगंज, बहराइच, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में घना कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शुक्रवार को सुबह-शाम के समय हल्की धुंध और कोहरा छाया रहेगा। दिन में आसमान साफ रहेगा, धूप खिलेगी। अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

## बीडीएस काउंसिलिंग में पंजीकरण का अंतिम मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सरकारी व निजी डेंटल कॉलेजों में स्नातक (बीडीएस) की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए पांचवें चरण की काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने की अंतिम दिन 12 दिसंबर शुक्रवार है, इसी दिन देर शाम पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक अपर्णा यू ने गुरुवार को बताया कि मेरिट सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को 15 दिसंबर तक प्राथमिकताएं देनी होगी। तत्पश्चात 16 को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे और 20 दिसम्बर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

## व्यावसायिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 की तैयारियों को गति देते हुए सभी जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि लेफ्टओवर/सप्लीमेंटरी श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रैक्टिकल एक्जामनर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसंबर निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूरा किया जाना है। प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रैक्टिकल एक्जामनर मैपिंग केवल उन परीक्षकों की की जाएगी जो www.skillindiadigital.gov.in पर पंजीकृत हों। अगर किसी जिले में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है, तो नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी तथा अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख, योग्यता तथा अनुभव की जांच कर अनुमोदन सुनिश्चित करेगी।

# मतदाता सूची की कमियां दूर करें, ताकि चुनाव के समय कम हों चुनौतियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने एसआईआर को लेकर आजमगढ़ और वाराणसी में की मंडलीय समीक्षा, दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी सर्किट हाउस और आजमगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित एसआईआर समीक्षा बैठकों में स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार और संगठन घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी समय रहते मतदाता सूची की कमियों को दूर कर लिया जाए ताकि चुनाव के समय मेहनत और चुनौतियां कम हों।

वाराणसी में आयोजित समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने अफसरों को अलग से ब्रीफ किया। एसआईआर अभियान में अनमैपिंग, मृतक, अनुपस्थित और शिफ्टेड मतदाताओं को विशेष श्रेणी में लेकर छानबीन करने के निर्देश दिए। बाद में काशी क्षेत्र के छह संगठनात्मक जिलों के मंत्री समेत सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी और एसआईआर संयोजक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि चुनाव बूथ पर लड़ा जाता है, इसलिए बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना सबसे आवश्यक है। हर बूथ पर दो टीमों द्वारा घर-घर संपर्क कर पात्र मतदाताओं का सत्यापन कराने और प्रपत्र बीएलओ को सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता और सतत मॉनीटरिंग इस अभियान की सफलता के मूल सूत्र हैं। बीएलए-1, बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष और बूथ प्रवासी को मिलकर व्यापक रणनीति बनाने को कहा गया।


वाराणसी के डाक बंगले में एसआईआर को लेकर मंडलीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्रीगण।

### पूरी ईमानदारी से सत्यापन कार्य में जुटें : योगी

आजमगढ़ में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के साथ कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। बैठक के अंत में उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को पूरी ईमानदारी से सत्यापन कार्य में जुटने को कहा ताकि कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर भी शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दिए निर्देशों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मृतक, लापता और फर्जी मतदाताओं की संख्या चिंताजनक है और इसे दुरुस्त करना अनिवार्य है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है, सॉल्यूशन का पता नहीं।

## योगी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारों के इलाज के लिए सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ और हर पीड़ित को समयबद्ध एवं सन्तुष्टिपरक समाधान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं।

# दो तस्कर गिरफ्तार, फर्जी फर्मों के जरिए देशभर में कर रहे थे तस्करी

### कफ सिरप तस्करी मामले में एसटीएफ ने लखनऊ से आरोपियों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने कोडीन युक्त फेंसेडिल कफ सिरप की तस्करी में लिप्त गिरोह पर बड़ा शिकंजा कसते हुए दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने सहारनपुर के आरोपियों में अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गुरुवार की सुबह आलमबाग मवैया स्थित टेढ़ी पुलिया से दबोच लिया। दोनों भाई फर्जी फर्मों के जरिए भारी मात्रा में कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त कर उसे देश के विभिन्न राज्यों होते हुए बांग्लादेश तक सप्लाई करा रहे थे।

एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी सहारनपुर के सदर बाजार स्थित कपिल बिहार के रहने वाले हैं। दोनों सगे भाई हैं। आरोपियों के पास से दो मोबाइल व फर्जी फर्म से जुड़े 31 दस्तावेज बरामद किया है।


कफ सिरप तस्करी में पकड़े गए आरोपी दोनों भाई अभिषेक और शुभम।

**फर्जी फर्मों का जाल और कोडीन सिरप की तस्करी :** पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह 2019 से फर्जी फर्में बनाकर एबॉट कंपनी के फेन्सेडिल कफ सिरप को कागजों में एक राज्य से दूसरे राज्य बेचता दिखाता था, जबकि असली माल को तस्करों को सौंप दिया जाता था। यह माल बिहार-झारखंड-पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजा जाता था। चार्टर्ड अकाउंटेंट अरुण सिंघल गिरोह के लिए बोगस फर्में तैयार करता था। सहारनपुर, रुड़की और उत्तराखंड में दर्जनों फर्जी फर्मों के नाम सामने आए हैं। गिरोह ने करीब 65 फर्मों के जरिये फर्जी बिलिंग दर्शाई।

**मारुति मेडिकोज से एवी फार्मास्यूटिकल्स तक :** पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि वह जीआर ट्रेडिंग से लेकर मारुति मेडिकोज और एवी फार्मास्यूटिकल्स तक कई फर्मों के संचालन और बैंकिंग का जिम्मेदार था। विशाल सिंह, विभोर राणा, सौरभ त्यागी और अन्य सहयोगियों से मिलीभगत कर वह तस्करी का पूरा नेटवर्क संचालित करता था। 2024 में लखनऊ में एसटीएफ द्वारा पकड़ी गई फेंसेडिल खेप भी इसी गिरोह से जुड़ी पाई गई थी। एसटीएफ के एएसपी लालप्रताप सिंह के मुताबिक पूछताछ में शुभम ने कुबूल किया कि दुबई में नौकरी छोड़कर भारत लौटा था। बड़े भाई और गिरोह के सदस्यों ने उसके नाम पर फर्म बना कर उसे तस्करी के खेल में शामिल कर लिया। उसे हर महीने करीब एक लाख रुपये दिए जाते थे।

- फर्जी फर्म से जुड़े 31 दस्तावेज बरामद, सात वर्ष से कर रहे थे आपूर्ति

**पश्चिम बंगाल कनेक्शन की खोज जारी :** पूछताछ में दोनों ने पश्चिम बंगाल में सक्रिय दो तस्करों के नाम भी बताए हैं। एसटीएफ उनकी भूमिका की जांच कर रही है। दोनों के खिलाफ थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दर्ज मामले में कार्रवाई की गई है। अभिषेक शर्मा के खिलाफ गाजियाबाद में एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में भी मामले दर्ज हैं। एसटीएफ के मुताबिक यह नेटवर्क व्यापक था और कई अधिकारियों व दवा डिस्ट्रीब्यूशन चैन में गहरी जड़ें जमाए बैठा था। आगे की कार्रवाई तेजी से जारी है।

# एमपीएसपी के शताब्दी वर्ष तक 100 संस्थाओं का संचालन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री ने सौंपा एक लाख विद्यार्थियों को स्किल से जोड़ने का लक्ष्य
- शताब्दी वर्ष में वर्षभर विविध कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाने का निर्देश

**अमृत विचार:** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) को शताब्दी वर्ष 2032 तक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापक रोडमैप जारी किया है। परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि शताब्दी वर्ष तक परिषद के अंतर्गत 100 संस्थाओं का संचालन और इनमें 1 लाख विद्यार्थियों को शिक्षा एवं स्किल से जोड़ना लक्ष्य होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शताब्दी वर्ष (10 दिसंबर 2031 से 10 दिसंबर 2032) पूरे वर्ष चलने वाला उत्सव होगा, जिसका हर आयोजन परिषद की गौरवशाली परंपरा, आध्यात्मिकता, आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक बने। इसके लिए अभी से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने परिषद संस्थाओं को शिक्षा, चिकित्सा, योग, सेवा और सामाजिक उत्थान से जुड़े नए प्रकल्पों को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं अपनी विशिष्ट पहचान विकसित करें और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपनी शिक्षा व्यवस्था को तैयार करें। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय को इस दिशा में प्रमुख भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने सभी संस्थाओं के प्रमुखों से नशा मुक्त परिसर का संकल्प पूरा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि नशा चाहे ड्रग का हो या स्मार्टफोन के अत्यधिक दुरुपयोग का- दोनों विद्यार्थियों के भविष्य के लिए हानिकारक हैं। योगी ने परिषद की सभी संस्थाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य 'विकसित भारत 2047' से खुद को और विद्यार्थियों को जोड़ने की अपील की।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खोलने का शासनादेश जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंडल मुख्यालय के जनपदों में 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र' खोलने का शासनादेश जारी हो गया है। राज्य सरकार द्वारा संचालित यह केंद्र दिव्यांगों के लिए मददगार बनेंगे। केंद्रों पर दिव्यांगों की खराब ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, कान की मशीन, कृत्रिम अंग आदि उपकरणों की मरम्मत करके दिए जाएंगे।

इसके अलावा एक छत के नीचे दिव्यांगता का परीक्षण, कान की बेरा जांच व आंख की विशेष जांच, कार्यशाला ऑडियोलॉजी, स्पीचथेरेपी, फिजियोथेरेपी, कॉउंसलिंग भी की जाएगी। कृत्रिम अंग व तरह-तरह के उपकरण भी बनाकर वितरित किए जाएंगे। पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे दिव्यांगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और खराब हो चुके उपकरण इस्तेमाल में लाए जा सकेंगे।

### 18 जिलों में खुलेंगे केंद्र

लखनऊ, बरेली, कानपुर, अयोध्या, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, गोरखपुर, झांसी, मेरठ, मिर्जापुर, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी।

मंडलीय जिलों में पुनर्वास केंद्र सीएमओ कार्यालय परिसर या फिर आसपास बनेंगे। मंडल से जुड़े जिलों के दिव्यांग भी इसका लाभ उठाएंगे। केंद्र में सेवाप्रदाता के माध्यम से आठ कार्मिक जैसे प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, पुनर्वास परामर्शदाता, प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट तकनीशियन, लिपिक सह लेखाकार, चपरासी व सुरक्षा कर्मी रखे जाएंगे। डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी चयन करेगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 13-14 को, औपचारिकताएं पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन चुनाव अधिकारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 13 और 14 दिसंबर को पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक पार्टी के राज्य मुख्यालय पर नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया की निगरानी राष्ट्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की उपस्थिति में होगी। डॉ. पांडेय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया 14 दिसंबर को केंद्रीय चुनाव अधिकारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के द्वारा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन चुनाव की सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष के नाम का औपचारिक ऐलान 14 दिसंबर को हो जाएगा।

# मुख्तार गैंग के सदस्य की संपत्तियां कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शादाब अहमद की अवैध कमाई का खुला कच्चा चिट्ठा
- सरकारी जमीनों पर कब्जा कर हड़पने का मामला

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की प्रयागराज टीम ने माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध साम्राज्य पर एक और कार्रवाई करते हुए 2.03 करोड़ रुपये मूल्य की छह अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ये सारी संपत्तियां मुख्तार के करीबी सहयोगी शादाब अहमद और उसकी पत्नी के नाम पर होने की पुष्टि हुई है। कार्रवाई पीएमएलए 2002 के तहत की गई है। यह पूरा मामला मऊ और गाजीपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध गोदाम खड़े कर उन्हें एफसीआई को किराये पर देकर करोड़ों कमाने के खेल से जुड़ा है।

ईडी की जांच में सामने आया कि मुख्तार के संरक्षण में चल रही मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन ने मऊ के रैनी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध गोदाम बनाकर करोड़ों की कमाई की। इतना ही नहीं, गाजीपुर में भी इसी तरीके से अवैध निर्माण कराया गया। इन गोदामों को बाद में एफसीआई को लीज पर देकर भारी भरकम किराये और नाबार्ड सब्सिडी के जरिए 27.72 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई।

अक्टूबर 2025 में ईडी के लुकआउट नोटिस पर शादाब अहमद को शारजाह से लखनऊ एयरपोर्ट पर ही हिरासत में ले लिया गया था। उस पर अदालत की ओर से गैर-जमानती वारंट जारी था। बाद में उसे विशेष पीएमएलए अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जांच में खुलासा हुआ कि शादाब ने करीब 10 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को छिपाने में अहम भूमिका निभाई। वह आगाज प्रोजेक्ट एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और इनिजियो नेटवर्क सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक और वित्तीय संचालक था। दोनों कंपनियों के बैंक खातों का वह अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता भी था। इन्हीं कंपनियों के जरिए मुख्तार के अवैध धन को वैध कारोबार का रूप देने की कोशिश की गई।

# गोंडा में फर्जी बैनामा गिरोह का फरार सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


आरोपी राम कैलाश

**अमृत विचार:** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) उप्र. की टीम ने 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत गोंडा में बड़ी कार्रवाई की। फर्जी बैनामों के जरिए जमीनों पर कब्जा करने वाले गिरोह के वांछित आरोपी राम कैलाश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, जांच में खुलासा हुआ कि गोंडा के भू-माफिया ने निबन्धन कार्यालय सदर गोंडा के कर्मचारियों से मिलीभगत कर सरकारी और आम जनता की जमीनों के फर्जी विलेख तैयार किए। अभिलेखागार में रखे मूल दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर उनकी जगह फर्जी विलेख रखे गए, जिसके आधार पर बैनामे कराकर जमीनों पर कब्जा जमा लिया जाता था। शासन के आदेश पर इन मामलों की विवेचना थाना एसआईटी, लखनऊ को सौंपी गई, जहां अब तक 50 मुकदमे पंजीकृत किए जा चुके हैं। ईओडब्लयू टीम ने वांछित आरोपी राम कैलाश पाण्डेय, निवासी छितौनी, थाना कौड़िया (गोंडा) को बीते 10 दिसंबर की शाम करीब 8:15 बजे गिरफ्तार किया।

# परियोजनाओं की धीमी गति पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में मुख्य सचिव ने कार्यदायी संस्थाओं को दी हिदायत
- कहा- अगली बैठक में सभी परियोजनाओं में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगति

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने आगरा, वाराणसी और लखनऊ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री एकता मॉल तथा लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में बन रहे श्रमजीवी महिलाओं के छात्रावास परियोजनाओं के निर्माण की धीमी रफ्तार पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि अगली पीएमजी बैठक में सभी परियोजनाओं में अपेक्षित वित्तीय एवं भौतिक प्रगति स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


एसपी गोयल

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पीएम मित्र पार्क परियोजना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स तथा ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य मार्च 2026 से पूर्व हर हाल में पूरा कराया जाए।

बैठक में राज्य की प्रमुख विकास परियोजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री एकता मॉल, पीएम मित्र पार्क, श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास, संत कबीर टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पार्क, श्रावस्ती में इंटरप्रिटेशन सेंटर, बटेश्वर में पर्यटन विकास कार्य तथा आगरा, कानपुर व लखनऊ की मेट्रो रेल परियोजनाएं, डिजिटल लाइब्रेरी शामिल हैं, की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

### आगरा व कानपुर में मेट्रो ट्रेन टेस्टिंग ट्रायल रन जनवरी से

आगरा मेट्रो परियोजना में चार स्टेशनों के लिए सभी सुरंगों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है तथा फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। परियोजना पर ट्रेन टेस्टिंग एवं ट्रायल रन जनवरी 2026 से प्रारंभ होने की योजना है। वहीं कानपुर मेट्रो परियोजना के तहत कानपुर सेंट्रल से ट्रांसपोर्ट नगर तक भूमिगत खण्ड (दो स्टेशन) की प्रगति 82 प्रतिशत है और इसे 15 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यहां भी ट्रेन टेस्टिंग एवं ट्रायल रन जनवरी 2026 से मई 2026 के बीच प्रस्तावित है। वहीं लखनऊ मेट्रो के कॉरिडोर-1बी (चारबाग से वसंत कुंज) के लिए लोक निर्माण विभाग से आवश्यक एनओसी प्राप्त हो चुकी है।

पहल

ब्रेन स्ट्रोक हब एंड स्पोक प्रोग्राम के तहत मरीजों को गोल्डन ऑवर में मिल रहा इलाज

# जिला अस्पतालों की इमरजेंसी में मिलेगा ब्रेन स्ट्रोक मरीजों को इलाज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के बाद मिलेगा परामर्श जरूरत पड़ने पर दिया जाएगा महंगा इंजेक्शन

**अमृत विचार :** हार्ट अटैक के मरीजों की तरह अब ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में निःशुल्क इलाज मिलेगा। गोल्डेन ऑवर में इलाज मिलने से न केवल मरीज का जीवन बच सकेगा, बल्कि मरीज को दिव्यांग होने से बचाया जा सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने हब एंड स्पोक मॉडल लागू किया है, शुरुआती चार माह में अच्छे परिणाम मिले हैं, राजधानी के डॉ.राम मनोहर लोहिया संस्थान के न्यूरो विशेषज्ञों की सलाह से कई मरीजों को टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन देकर उपचारित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने न्यूरोलॉजी विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए पूरे प्रदेश में ब्रेन स्ट्रोक हब एंड स्पोक नेटवर्क की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगियों को त्वरित उपचार प्रदान करना है। इसके तहत, दूरदराज के मरीजों को टेली-सीटी स्कैन तकनीक का उपयोग करके ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को बचाया जा सकेगा। इस संबन्ध में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए शुरुआती चार घंटे अहम होते हैं। अभी तक दूरदराज के मरीज, इलाज के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिलने में दिक्कत आ रही है। मरीजों की इस समस्या से बचाव के लिए हब एंड स्पोक कार्यक्रम तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश में उच्च चिकित्सा संस्थान वाले 10 हब एंड स्पोक सेंटर बनाए गए हैं, इनमें सबसे ज्यादा राजधानी के तीन संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान, एसजीपीजीआई और केजीएमयू शामिल हैं, इसके अलावा सैफई मेडिकल कॉलेज, जीएमवीएम कानपुर, एसएम मेडिकल कॉलेज आगरा, मोतीलाल मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ, झांसी मेडिकल कॉलेज और बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर को सेंटर बनाया गया है। हर एक सेंटर से कई जिलों को संबद्ध किया गया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि शुरुआती चरण में डॉ.राम मनोहर लोहिया से सात जिलों के 12 अस्पतालों को जोड़कर कार्यक्रम लागू किया गया है।

### प्रशिक्षण देने की तैयारी शुरू

कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए जिला व मंडलीय अस्पताल में तैनात डॉक्टर, नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लोहिया संस्थान के न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला अस्पतालों के स्टाफ को ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण पहचानने के तरीके बताए जाएंगे। इलाज की बारीकियां बताई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मरीज के चेहरे का झुकाव, हाथ की कमजोरी, बोलने में कठिनाई हो तो तुरंत सीटी स्कैन कराना चाहिए।

## ग्राम पंचायतों को मिलेंगे नए वाद्य यंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने निर्देश दिए कि वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायतों में वितरण के लिए नए वाद्य यंत्र उच्चस्तरीय समिति की देखरेख में खरीदे जाएं और उनकी गुणवत्ता व टिकाऊपन सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की राय भी ली जाए। साथ ही कहा कि विभाग द्वारा स्वीकृत 19 परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

पर्यटन मंत्री गुरुवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवशेष 26 सेट वाद्य यंत्र भातखंडे संगीत संस्थान तथा आज़मगढ़ के हरिहरपुर स्थित संगीत विद्यालय को उपलब्ध करा दिए गए हैं।



आदमी या तो आदमी है, वरना आदमी नहीं है, गधा है, मकान है, मेज है या और कोई चीज है।
–सआदत हसन मंटो, उर्दू कहानीकार



# सख्ती और समाधान

भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाले इंडिगो संकट पर सरकार और अदालत द्वारा उठाए गए सख्त कदम सराहनीय हैं, क्योंकि यह पहली बार है, जब किसी एयरलाइन के परिचालन संकट को केवल तकनीकी या प्रबंधन त्रुटि न मानकर उपभोक्ता अधिकारों और बाजार अनुशासन की दृष्टि से देखा गया। इन हस्तक्षेपों से विमानन परिदृश्य में सुधार की उम्मीद बढ़ी है, परंतु यह बदलाव कितना स्थायी होगा, यह व्यवस्था की पारदर्शिता, नियामकीय सख्ती और राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करेगा।

इस मामले में कोर्ट द्वारा जांच समिति की रिपोर्ट को 'सीलबंद लिफाफे' में मांगना यह संकेत देता है कि न्यायालय बाहरी दबावों या लॉबिइंग से बचना चाहता है, हालांकि विमानन क्षेत्र से जुड़ा यह संकट न केवल लाखों यात्रियों बल्कि व्यापक आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करता है, इसलिए इसका सार्वजनिक होना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पारदर्शिता न होने पर यह आशंका बनी रहेगी कि कहीं गंभीर चूक की जानकारी दब न जाए। फिलहाल डीजीसीए के नए नियम देरी, कैंसिलेशन और यात्री सुरक्षा को मजबूती देंगे, बशर्ते उनका कड़ाई से पालन हो। इंडिगो मुख्यालय में डीजीसीए अधिकारियों की तैनाती एक तरह का 'माइक्रो-रेगुलेशन' है, जिससे परिचालन की निगरानी बेहतर होगी और कंपनी को नियामकों से दूरी की सुविधा अब नहीं मिलेगी। यदि कॉम्पिटिशन कमीशन एंटीट्रस्ट जांच शुरू करता है, तो एयरलाइन को बाजार शक्ति के दुरुपयोग, प्रतिस्पर्धा घटाने और उपभोक्ता शोषण के आरोपों का सामना करना पड़ सकता है। इससे उद्योग में अनुशासन स्थापित होगा और अन्य कंपनियों को साफ संदेश जाएगा कि बाजार एकाधिकार का गलत इस्तेमाल नहीं हो सकता। यह संकट छोटा नहीं था, पांच हजार से अधिक उड़ानें रद्द, दस लाख टिकट कैंसिल, पर्यटन–व्यापार को बड़ा झटका और हजारों करोड़ का आर्थिक नुकसान, इसलिए स्वतंत्र न्यायिक जांच आवश्यक है, ताकि समस्या की जड़ें सामने आएं और भविष्य में इसके पुनरावृत्ति की संभावना समाप्त हो। अब जब सरकार कारण खोजने और जवाबदेही तय करने की बात कर रही है, तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि संकट प्रबंधन में किस स्तर पर विफलता हुई- कंपनी, नियामक या मंत्रालय।

सरकार से पूछना जरूरी है कि टिकटों की कीमतें कुछ ही दिनों में 4–5 हजार से बढ़कर 30 हजार तक कैसे पहुंच गईं? क्या नियामक तंत्र सोया हुआ था? महज सख्त रवैये से सरकार इस जवाबदेही से बच नहीं सकती, क्योंकि संकट रोकना नियामकों की जिम्मेदारी थी। यात्रियों के लिए अनिवार्य मुआवजे का 'पैसेंजर रिलीफ फंड', विमान सेवा को 'राइट टू सर्विस' के दायरे में लाना और हर्जाने के स्पष्ट स्लैब बनाना- ये सब उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने के व्यावहारिक सुझाव हैं। स्पष्ट बहुमत की सरकार चाहे तो कुछ ही महीनों में इस दिशा में ठोस कानून ला सकती है। भविष्य में इस बाबत कानून और ट्रिब्यूनल बनाकर एयरलाइन एकाधिकार पर अंकुश भी समाधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। नए नियम और सख्त रवैया आश्वस्त तो करता है, पर यह मान लेना कि अब ऐसी समस्या दोबारा नहीं आएगी, जल्दबाजी होगी।

## प्रसंगवश

# इंद्रप्रस्थ से दिल्ली तक राजधानी का सफर

आज 12 दिसंबर को कलकत्ता की जगह दिल्ली को देश की राजधानी बनाया गया था। यमुना तट पर बसी दिल्ली केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। पौराणिक इंद्रप्रस्थ से लेकर आज की आधुनिक राजधानी तक का यह सफर लगभग पांच हजार वर्षों का है। इस अवधि में दिल्ली सात बार उजड़ी और सात बार नए रूप में खड़ी हुई।

दिल्ली का नाम मूलतः प्राचीन संस्कृत-पाली नाम 'ढिल्लिका' या 'ढिल्ली' से निकला है, जिसका उल्लेख पहली शताब्दी के लौह-स्तंभ शिलालेख से लेकर महाभारत काल तक के ग्रंथों में मिलता है। यही समय के साथ छोटा होकर 'दिल्ली' बन गया। मध्यकाल में जब तुर्क और अफगान शासक आए तो उन्होंने फारसी शब्द 'देहलीज' (प्रवेश द्वार) से इसे 'देहली' कहा, क्योंकि यह हिंदुस्तान में आने का मुख्य द्वार थी। 'देहली' 'दिल्ली' बन गई।



जयदेव राठी
अधिवक्ता

साथ ही लोक-कथाओं में यह भी प्रचलित हुआ कि तोमर राजा अनंगपाल के समय किसी राजा 'दिलु' या 'दिल्लू' के नाम पर शहर का नाम दिल्ली पड़ा, जबकि एक जनश्रुति यह भी है कि पृथ्वीराज के जमाने में यहां ढीले-खोटे सिक्के चलते थे, इसलिए जगह को 'ढिल्ली' कहा जाने लगा। इस तरह प्राचीन 'ढिल्लिका', फारसी 'देहलीज', किंवदंती के 'राजा दिलु' और लोक व्युत्पत्ति- सब मिलकर आज के 'दिल्ली' नाम तक पहुंचे।

महाभारत के अनुसार पांडवों ने खांडवप्रस्थ के वीरान वन को विकसित कर इंद्रप्रस्थ की स्थापना की थी। पुराना किला के आसपास 1954-55 और 2013-14 में हुए उत्खनन में पेंटेड ग्रे वेयर के अवशेष मिले हैं, जो लगभग 1000 ईसा पूर्व के हैं। यह पौराणिक विरासत दिल्ली की पहचान का अभिन्न अंग है। मध्यकाल में दिल्ली ने अपना असली स्वरूप पाया। 1060 ईस्वी में तोमर राजपूत अनंगपाल द्वितीय ने लाल कोट की स्थापना की। इसके बाद पृथ्वीराज चौहान ने किला राय पिथौरा बनाया। 1192 में मुहम्मद गौरी की विजय के बाद दिल्ली सल्तनत की राजधानी बनी और यहां से भारतीय इतिहास का एक नया अध्याय शुरू हुआ।

दिल्ली सल्तनत के विभिन्न शासकों ने अपने-अपने शहर बसाए। अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 में सीरी, गयासुद्दीन तुगलक ने 1321 में तुगलकाबाद, मुहम्मद बिन तुगलक ने जहांपनाह और फिरोज शाह तुगलक ने 1354 में फिरोजाबाद बसाया। हर शहर अपने समय की वास्तुकला और शासन व्यवस्था का प्रतीक था, लेकिन दिल्ली का सबसे वैभवशाली रूप सामने आया जब मुगल बादशाह शाहजहां ने 1639 में शाहजहानाबाद की नींव रखी। 1648 में पूर्ण हुआ यह शहर मुगल साम्राज्य की शक्ति और समृद्धि का प्रतीक था। लाल किला, जामा मस्जिद और 1650 मीटर लंबा चांदनी चौक इसी शाहजहानाबाद की देन है। फ्रांसीसी यात्री फ्रांस्वा बर्नियर ने इसे एशिया का सबसे शानदार शहर बताया था।

1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने शाहजहानाबाद में व्यापक विध्वंस किया और मुगल साम्राज्य का अंत हो गया। उस समय ब्रिटिश भारत की राजधानी कलकत्ता थी, लेकिन 12 दिसंबर 1911 को किंग जॉर्ज पंचम ने राजधानी को दिल्ली स्थानांतरित करने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस निर्णय के पीछे कई रणनीतिक कारण थे। दिल्ली भारत के केंद्र में स्थित थी और उत्तर-पश्चिम सीमा के करीब थी। बंगाल में बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन के कारण कलकत्ता में ब्रिटिश विरोधी भावना तीव्र हो गई थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि दिल्ली सदियों से भारत की राजधानी रही थी और इस पर शासन करना ब्रिटिश शक्ति का प्रतीक था।

# भारत में जुर्म करके भागते अपराधी





विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी

गोवा के मशहूर रोमियो लेन में स्थित 'बर्क बाय रोमियो' क्लब में आग लगने के महज कुछ घंटे बाद ही क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा सात दिसंबर 2025 को फ्लाइट पकड़कर थाईलैंड के फुकेट भाग गए। अलबत्ता खबर है कि वहां उन्हें हिरासत में लिया गया है। इस हादसे में में दो दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस घटना ने फिर से साबित कर दिया कि भारत में 'अपराध करो, विदेश भागो' वाला फॉर्मूला आज भी ज़िंदा और कारगर है। दाऊद से नीरव मोदी तक, विजय माल्या से मेहुल चोकसी तक— यह सिलसिला दशकों पुराना है। बस अब अपराध का स्केल और भागने की तकनीक दोनों बदल गए हैं।

ये सच है कि इन शातिर अपराधियों को भागने में मदद करने में कुछ शक्तिशाली सरकारी अफसरों की भी भी भूमिका रहती है। बेशक, भारत में अपराध कर विदेश भागना कोई नया घटनाक्रम नहीं है, लेकिन बदलते समय के साथ आर्थिक, संगठित और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों का दायरा बहुत बढ़ चुका है। बेशक, भगोड़ों की बात होगी तो पहला नाम दाऊद इब्राहिम का ही सबसे पहले लेना होगा। उसने 1970–80 के दशक में क्राइम की दुनिया में कदम रखा, बाद में अपना गैंग बना लिया, जिसने सोना तस्करी, ड्रग–तस्करी तथा वसूली जैसे कई प्रकार के अपराध किए। मुंबई बम कांड के बाद वह भारत छोड़कर दुबई भाग गया। फिर वहां से कराची चला गया।

**गोवा क्लब में आग लगने के बाद क्लब के मालिक गिरफ्तारी से बचने के लिए थाईलैंड भाग गए। इन भगोड़े अपराधियों को फिर से देश लाना कितना आसान है? ये कैसे देश से भाग जाते हैं?**

इस प्रकार दाऊद का नाम उन अपराधियों में आता है, जिसने भारत से भागकर विदेश में अपनी गतिविधियां जारी रखीं। उसी की तरह इकबाल मिर्ची भी था। वो भी दाऊद का आदमी था। उसे अक्सर ड्रग–बारन कहा जाता था, क्योंकि उसके द्वारा एशिया, अफ्रीका और यूरोप में नशीली दवाओं की तस्करी की जाती थी। जब भारत में उस पर दबाव बढ़ा, तब उसने भारत छोड़ दिया— वो पहले दुबई, फिर लंदन में बस गया। भारत द्वारा गिरफ्तारी के प्रयास और प्रत्यर्पण की मांग के बावजूद, ब्रिटेन में उसकी कानूनी लड़ाई और सबूतों की कमी के चलते, उसने कई साल विदेश में गुजारे। छोटा राजन भी भगोड़ा रहा है।

अब बात करते हैं रवि पुजारी की। वो जाना-माना गुंडा और वसूली एवं हत्या के मामलों में आरोपी रहा है। उसने अपने असली नाम के बजाय कई फर्जी पहचान–नाम और पासपोर्ट जैसे पहचान पत्र का इस्तेमाल किया। उसे 2019 में, पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल में गिरफ्तार किया गया, फिर 2020 में उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया।

भारत में आर्थिक अपराधों के बढ़ने के साथ कई कारोबारी भी बड़े वित्तीय घोटालों के बाद विदेश भाग गए। ये मामले न सिर्फ बैंकिंग व्यवस्था के लिए चुनौती बने, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रणाली की कठिनाइयों को भी उजागर करते हैं। यूबी ग्रुप और किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या पर भारतीय बैंकों का लगभग 9000 करोड़ रुपये बकाया होने का आरोप है। 2016 में वह भारत छोड़कर यूके चला गया। इस बीच, हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर PNB बैंक घोटाले (लगभग 13,000 करोड़) का आरोप है। वो 2018 में अमेरिका और फिर ब्रिटेन चला गया। मेहुल चोकसी भी पीएनबी घोटाले में आरोपी है। वो 2018 में भारत छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने नागरिकता भी प्राप्त कर ली। 1993 मुंबई धमाकों का प्रमुख आरोपी टाइगर मेमन भी भारत से भागकर पाकिस्तान चला गया।

इन बड़े गिरोह के सरगनाओं पर कानून का शिकंजा कसता है, तो ये पहले दुबई या दूसरे मध्य-पूर्वी देशों की ओर भागते हैं। वहां से वे फिर अपनी गतिविधियां ड्रग्स, तस्करी, वसूली या आतंकवादी षड्यंत्रों का संचालन करने लगते हैं। कुछ अपराधी फर्जी पहचान, नकली पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। यह उन्हें कई देशों में घूमने और नया जीवन शुरू करने में मदद करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन नेटवर्क, जैसे इंटरपोल और प्रत्यर्पण संधियां बहुत अहम होती हैं। इनकी मदद से भारत कई भगोड़ों को वापस लाता रहा है।

हाल के सालों में सीबीआई और अन्य एजेंसियों ने कई भगोड़ों को विदेशों से भारत वापस लाने की कोशिश तेज की है। उदाहरण के लिए, 2023 तक की रिपोर्ट के अनुसार, 184 भगोड़ों की लोकेशन पता लग चुकी है। 2020–2025 की अवधि में लगभग 134 भगोड़ों को विदेशों से भारत लाया गया है। यह पिछले दशक की तुलना में दोगुनी दर बताता है। फिर भी, प्रत्यर्पण की प्रक्रिया जटिल होती है। कई देशों के कानूनी ढांचे, पासपोर्ट धोखाधड़ी, प्रमाण जुटाने में कठिनाई और राजनीतिक/कूटनीतिक समझौतों की वजह से अपराधियों को पकड़ना मुश्किल हो जाता है।

भगोड़ों को पकड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता जरूरी होती है। जैसे कि रवि पुजारी का मामला दिखाता है। उसे सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका में संयुक्त प्रयासों के बाद पकड़ा गया। अगर देशों के बीच सहयोग नहीं होगा, तो भगोड़े कई सालों तक सुरक्षित रह सकते हैं।

भारत से भागकर विदेश में शरण लेने वाले अपराधियों की कहानी लंबी, जटिल और खतरनाक रही है। चाहे वो ड्रग्स-तस्करी हो, वसूली, गिरोह, या आतंकवाद— अपराधियों ने सीमाएं पार की हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, कानूनी प्रक्रिया, प्रत्यर्पण समझौतों और एनफोर्समेंट एजेंसियों की कोशिशों की वजह से कई भगोड़े वापस भारत लौटाए गए हैं। यह दिखाता है कि यदि पड़ोसी देशों और अंतर्राष्ट्रीय पक्षों के साथ सहयोग मजबूत हो, तो अपराधियों को बचने का रास्ता मुश्किल हो जाता है। अब सवाल उठता है कि क्या गौरव और सौरभ लूथरा अपने आप भारत वापस जाते हैं या उन्हें लाने के लिए लंबी कवायद करनी होगी?

## आमने सामने



मोहन भागवत को वंदे मातरम गाना आता है क्या? वंदे मातरम गाने की शुरुआत ही कांग्रेस अधिवेशन से हुई। हम निरंतर तब से, जब रविंद्र नाथ टैगौर ने इसे गाया था, गा रहे हैं, लेकिन बीजेपी के लोग वंदे मातरम गीत कब गाते हैं? जिन्होंने कभी तिरंगा नहीं फहराया, वह हमको राष्ट्रवाद सिखाएंगे।
–भूपेश बघेल, कांग्रेस नेता

भूपेश बघेल संघ गीत गा रहे हैं, यह अच्छी बात है। मोहन भागवत से वंदे मातरम सुनना है, तो उनके पास जाएं। संघ की शाखा में जाकर प्रार्थना सीखना चाहिए। वंदे मातरम के पदों को काटने का काम तो कांग्रेस ने किया। कांग्रेस को इसके लिए देश से माफी मांगना चाहिए।
–श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़



# सीमा पर बढ़ती चीन की दखलअंदाजी



डॉ. सुधीर सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

खतरे की घंटियां लगातार घनघना रही हैं और उनमें कंपन पैदा किया है ड्रेगन यानी चीन ने। पाकिस्तान तक सीधा कारीडोर तलाशने के बाद से बीजिंग सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से भारत के लिए अकल्पनीय मुसीबतें खड़ी करने की मुहीम में लिप्त है। 'दुनिया के छज्जे' पर तेजगति की रेल पातें बिछाई जा रही हैं और विश्व की विशालतम नदियों में शुमार ब्रह्मपुत्र का पानी बांधा जा रहा है। ये दोनों निर्माण चीन को सामरिक और आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली और सुदृढ़ पायदान पर खड़ा कर देंगे। दक्षिण पूर्व तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर पांच पनबिजली संयंत्रों को समेटे इस विशालतम बांध की बस कल्पना ही की जा सकती है। यह यांग्त्सी पर बने अब तक के विशालतम बांध थ्री गर्जेस से कई गुना बड़ा है।

तिब्बत में 2015 में जल विद्युत परियोजना 1.5 अरब डॉलर की थी। यारलुंग जांग्बो परियोजना की लागत 167.7 अरब डॉलर है। 1.2 ट्रिलियन युआन की यह परियोजना ब्रह्मपुत्र नदी घाटी का हुलिया बदल देगी। ब्रह्मपुत्र नदी बड़ा यू-टर्न लेकर बरास्ते अरुणाचल बांग्लादेश में प्रवेश करते हुए विश्व की सबसे गहरी घाटी का निर्माण करती है। वहां बांध बनने का अर्थ है ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह पर नियंत्रण। इससे हर साल 300 बिलियन किलोवाट बिजली उत्पन्न होगी। विश्व की छत रूपी तिब्बती पठार टेक्टोनिक प्लेटों पर स्थित होने से अत्यंत संवेदनशील और भूकंप-संवेद है। भीमकाय बांध के निर्माण का सीधा अर्थ है भूगर्भ से छेड़छाड़। जाहिर है कि पर्यावरण प्रभावित होगा और पारिस्थितिकी भी।

**बीजिंग सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से भारत के लिए मुसीबतें खड़ी करने की मुहिम में लिप्त है। 'दुनिया के छज्जे' पर तेजगति की रेल पातें बिछाई जा रही हैं और ब्रह्मपुत्र का पानी बांधा जा रहा है।**

इस हाहाकारी बांध के निर्माण को गत वर्ष दिसंबर में मंजूरी मिली। अरुणाचल से अनति दूर चीनी सीमा में निंगची में समारोह हुआ, जिसमें चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने शिरकत की। भारत और अन्य पड़ोसी राष्ट्रों की चिंताओं को खारिज कर द्रुत गति से निर्माण शुरू हो गया। मीकांग नदी से चीन के सलूक के नतीजे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की स्मृति में है। ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत में अरुणाचल और बांग्लादेश-त्रिकूट (डेल्टा) सर्वाधिक प्रभावित होगा। असर लाओस, म्यांमार, वियतनाम, कंबोडिया और थाईलैंड जैसे अधोप्रवाही देशों पर भी पड़ेगा।

बांग्लादेश की तबाही का खतरा सबसे ज्यादा है। 16 करोड़ की आबादी के बांग्लादेश की जल सुरक्षा, आर्थिकी, पर्यावरण और मृदा-उर्वरता पर इससे प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उसकी कृषि-समृद्धि की चूलें हिल सकती हैं। धान उत्पादन में मिलियनों टन की कमी आएगी, लेकिन मैत्री के बावजूद बीजिंग ने ढाका का नामचार की सूचनाएं दीं। उसने 'नो-निगेटिव इंपैक्ट' का ढोल पीटा और 'बिल्ड फर्स्ट, निगोशियेट लेटर' की नीति अपनाई।

ऐसा नहीं है कि भारत सशंक और सचेत नहीं है। दिसंबर 24 में अजीत डोभाल की चीन के विदेश मंत्री वांग ची से वार्ता में यह मुद्दा उठा। मगर भारत की चिंता को सबसे मुखर अभिव्यक्ति दी अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने। उन्होंने ब्रह्मपुत्र पर चीनी बांध को 'वाटर बम' बताते हुए जीवन, भूमि और संसाधनों की तबाही की आशंका व्यक्त की और कहा कि प्रवाह पर नियंत्रण से चीन जब चाहे तब भारी मात्रा में पानी छोड़कर अरुणाचल में बाढ़ की विभीषिका उत्पन्न कर सकता है।

यह तो हुई ब्रह्मपुत्र के पानी को बांधने की बात। अब आएं तिब्बत में रेलपोत पर। तिब्बत सन 1950 तक दुर्गम क्षेत्र रहा है, लेकिन चीनी आधिपत्य के बाद वहां चीनियों का बड़े पैमान पर आव्रजन हुआ और अब वह चीन के कठोर नियंत्रण में है। अब चीन किंघाई से ल्होसा तक दुनिया की सबसे ऊंची और तीव्र रेल पांत बिछा रहा है। 960 किमी लंबी यह पांत 13123 फुट ऊंचाई पर होगी। इससे शिनिंग से ल्हासा पहुंचने में फकत 22 घंटे लगेंगे। करीब 90 फीसद रेल पांत 300 मीटर ऊंचाई पर होगी। सन 2018 में चेंगदू यआन और जून 2021 में न्यिंग्ची-ल्हासा के उपरांत यआन-न्यिंग्ची ट्रैक सन 2030 तक पूरा होगा। इससे तांगगुला को 5068 मीटर ऊंचा होने से विश्व के सर्वोच्च रेलवे स्टेशन का दर्जा मिल जाएगा।

प्रारंभिक सिंचुआन, जहां 300 मीटर ऊंचाई पर है, वहीं टर्मिनस सागर तल से 3000 मीटर ऊंचा ट्रेन यार्लुंग-त्सांग्पो घाटी से 16 बार गुजरेगी, जिसमें 47 बोगदे और 121 पुल निर्धारित हैं। यह रेल ट्रैक सबसे लंबी 42.5 किमी लंबी सुरंग को समेटेगा। 10 किमी लंबी मिलिन सुरंग को कठिनतम बोगदा माना जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 320 बिलियन युआन की लागत आएगी। इसे रेलपांत पर ट्रेन की गति होगी 100 किमी। इसके पूर्ण हाने पर चीन के लिए तिब्बत पर नियंत्रण नागरिकों की आवाजाही, सैनिकों और आयुधों की तैनाती और फौजी ठिकानों की स्थापना आसान हो जाएगी।

तिब्बत पर चीन का निरंकुश शासन और दृढ़ होगा तथा भारत के लिए खतरा और ज्यादा होगा। चीन के पाकिस्तान का सबसे बड़ा और शक्तिशाली हितैषी होने से बांध और रेल पांत भारत की सुरक्षा और सार्वभौमिकता के लिए बड़ा खतरा हैं। बांध को लेकर दिल्ली को ढाका का सहयोग और विश्वास लेना चाहिए। जरूरी है कि अंतर्देशीय जल बंटवारे और प्रबंधन पर भारत और चीन के मध्य ठोस और सार्थक बातचीत हो।

## सोशल फोरम

# सूफ़ी परंपरा और प्रेम का राग-अनुराग

सूफ़ी परंपरा में प्यार कोई भावनात्मक शौक नहीं है, यह तो पूरे अस्तित्व की धुरी है, सूफ़ी नज़र से दुनिया को देखो तो हर चीज़ के पीछे एक ही सरगर्म सच्चाई दिखाई देती है कि रब ने इस कायनात को इज़हार-ए-इश्क़ के लिए पैदा किया, यानी सृजन खुद एक प्रेम पत्र है, जो ख़ालिक़ ने अपनी मख़्लूक़ को लिखा है और इंसान उसका होशमंद पाठक है, जो कभी समझ लेता है और ज़्यादातर भूल जाता है।



मुकेश तिवारी
ब्लॉगर

सूफ़ियों के यहां प्यार दो दर्जे बताए हैं, एक है इश्क़-ए-मजाज़ी, यानी इंसानी मोहब्बत, जिसमें दो जिस्म हैं, दो नाम हैं, दो अहं हैं, दूसरा है इश्क़-ए-हक़ीक़ी, यानी वह प्रेम जिसमें सारा ज़ोर अहं को गलाने पर होता है। जहां महबूब कोई एक शख़्स नहीं रह जाता, बल्कि वह वजूद बन जाता है जो हर दिशा में फैला है, सूफ़ी कहता है कि इंसानी प्यार भी बेकार नहीं है, यह तो एक मदरसा है, जहां दिल पहली बार सीखता है कि किसी और को अपने से ज़्यादा अहमियत देना क्या होता है। यही सीख, यही झुकना, यही तड़प आगे चलकर उसे रब के दर तक ले जाती है।

सूफ़ी परंपरा में इश्क़ कमज़ोरी नहीं है, सबसे बड़ी ताक़त है, क्योंकि प्यार ही वह आग है, जिसमें नफ़्स जलता है। घमंड पिघलता है। जब आदमी सचमुच किसी से प्रेम करता है, तो उसकी सबसे बड़ी दीवानगी यही होती है कि मैं इसको तकलीफ़ न दूं। इसकी हिफ़ाज़त करूं। इसको खुश देखूं। सूफ़ी कहता है कि इस भाव को और फैलाते जाओ, सिर्फ एक इंसान तक मत रोको। इसे हर ज़िंदा दिल तक, हर मज़लूम तक, हर गिरे हुए तक फैला दो। यही करुणा, यही रहम, यही इंसाफ़ इश्क़ का अमली रूप है।

इश्क़ के बिना सूफ़ी के लिए इबादत भी अधूरी है। सूफ़ी जब सजदा करता है तो डर से नहीं करता कि सज़ा मिलेगी। इनाम मिलेगा, जन्नत मिलेगी, वह सजदा इसलिए करता है कि उसके दिल का साक़ी, उसका महबूब, उसकी रूह की रोशनी उसे पुकार रही होती है। वह कहता है कि मैं तेरे सिवा किसको पूजूं, तेरे सिवा किससे शिकवा करूं, तेरे सिवा किससे गिला करूं, यही हालत उसे क़ुनूत से निकाले बिना बग़ावत में भी नहीं धकेलती, बल्कि एक सूझबूझ वाला प्रेमी बनाती है जो ज़ुल्म के आगे झुकता नहीं, लेकिन नफ़रत की भाषा भी नहीं सीखता है। **–फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# टूटते रिश्ते और बिखरता सामाजिक ताना-बाना

उत्तर प्रदेश में बरेली के पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने हाल ही में तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की है, वह समाज में बदलते पारिवारिक परिदृश्य की तस्वीर पेश करती है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि यदि कोई लड़की शादी के बाद एकाकी जीवन चाहती है, तो उसे शादी के बायोडाटा में साफ लिख देना चाहिए कि उसे ऐसा पति चाहिए जो माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त हो। यह मामला बदायूं के एक युवक और फरीदपुर की युवती से जुड़ा है। दोनों की शादी 2019 में हुई, लेकिन युवती सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती थी। लिहाजा, 2020 से अलग रहने लगी।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

न्यायाधीश ने कहा कि आज कई लोग वृद्धाश्रमों और बंद फ्लैटों में अकेले रह रहे हैं, जबकि संयुक्त परिवार अकेलेपन को दूर करता है। अदालत ने पति का तलाक दावा स्वीकार करते हुए दोनों को अलग रहने की अनुमति दे दी और कहा कि जो लड़कियां शादी के बाद संयुक्त परिवार को बोझ समझती हैं, वह पहले ही अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करें, क्योंकि यह सोच सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है।

एक जज की यह टिप्पणी हमारे घरों के हालात को प्रकट कर रही है। यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं है, बल्कि इससे पता चलता है कि हमारे घरों के भीतर क्या बदल रहा है और रिश्तों में कैसी नकारात्मकता पैदा हो रही है। रिश्ते, खासकर ससुराल में, किस प्रकार दरक रहे हैं। एक जमाने में पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक बहुत सामान्य बात हुआ करती थी, मगर आज हालत यह हैं कि घर में छोटी-मोटी बात पर हुई बहस भी अब अदालत की दहलीज तक पहुंचने लगी है।

पति-पत्नी की खट-पट को पहले घर के बड़े-बुजुर्ग ही सुलझा दिया करते थे, वह अब अदालतों से भी नहीं सुलझ पा रही है। पारिवारिक न्यायालयों में जज के समझाने के बावजूद जोड़े तलाक से कम पर मानते ही नहीं हैं। जाहिर कि समाज एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां रिश्तों को संभालने की कला कमजोर पड़ रही है। हमारे संयुक्त परिवारों वाले पारंपरिक देश और समाज में यह स्थिति दुःखी करती है।

पहले हमारे यहां दीवारें कम और अपनापन अधिक था, लेकिन एकल परिवारों की चाह और चलन ने सब कुछ बदल कर रख दिया है। नौकरी, कामकाज के सिलसिले में एकल परिवार समझ में आते हैं, पर बिना वजह अलग रहने की जिद समझ से बाहर है। इसी जिद के कारण न केवल दादा-पौत्र, बुआ-भतीजे, चाचा-चाची, ताऊ-ताई जैसे रिश्ते खत्म हो रहे हैं, बल्कि दांपत्य संबंध भी दरक रहे हैं। रिश्तों में जो धैर्य की भावना थी, वह तो कहीं खो गई लगती है।

आज पति-पत्नी अपने लिए जगह चाहते हैं, तो बुजुर्ग अपनी पुरानी जगह बचाए रखने के ख्वाहिशमंद हैं। दोनों की इच्छाएं ठीक हैं, लेकिन टकराव तब शुरू होता है, जब कोई भी अपनी जगह से एक कदम पीछे नहीं हटना चाहता। इसी से परिवारों में खाई पैदा हो रही है। बरेली कोर्ट के सामने आया यह मामला असल में उसी अदृश्य खाई का उदाहरण है। पत्नी को लगता है कि पति उसके साथ नहीं खड़ा है। पति को लगता है कि पत्नी उसके परिवार को नीचा दिखाना चाहती है। सास-ससुर को लगता है कि बहू उनके घर पर आधिपत्य जमाना चाहती है। ऐसी भावनाएं आना स्वाभाविक है, पर जब इस बारे में बात नहीं होती, परस्पर संवाद खो जाता है तो ये आक्रोश के रूप में फूटती है। नतीजा, परिवार के बिखराव के रूप में सामने आता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# साइबर हमले का नया हथियार
# जीपीएस स्पूफिंग

सब कुछ बेहद चौंकाने वाला काफी हद तक डराने वाला भी था। नई दिल्ली के आसमान पर उड़ रहे विमानों की कॉकपिट में बैठे पायलटों को विमान की पोजीशन समझना मुश्किल हो रहा था। स्क्रीन पर मिल रहे संकेत अचरज में डालने वाले थे। विमान की पोजीशन लगातार बदलने के साथ ऊंचाई के आंकड़े भी बदल रहे थे। कुछ ऐसा लग रहा था कि जैसे सब कुछ कोई अज्ञात शक्ति संचालित कर रही हो। पायलटों को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे की जगह खेत दिखाई दे रहे थे। यह भयावह स्थिति थी, जरा सी असावधानी किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती थी। ऐसे में पायलटों को तुरंत जीपीएस आधारित ऑटो सिस्टम बंद करके विमान का मैनुअल कंट्रोल संभालना पड़ा। तब जाकर जान में जान आई। बीते दिनों देश की राजधानी में सर्वाधिक सुरक्षित और सतर्क निगरानी वाले हवाई क्षेत्र इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 800 से ज्यादा उड़ानों के अचानक बाधित होने के पीछे कुछ ऐसा ही घटा, लेकिन यह सब कुछ किसी तकनीकी खामी के कारण नहीं हुआ। पता चला कि एक अत्याधुनिक साइबर हमला अंजाम दिया गया था। इसके लिए जीपीएस स्पूफिंग का इस्तेमाल करके ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस के सिग्नलों से छेड़छाड़ की गई थी।

*- मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

दिल्ली के बाद ऐसी ही कुछ कारस्तानी मुंबई में भी सामने आई। इसके बाद मुंबई के पास एयर रूट्स में जीपीएस सिग्नल गड़बड़ी या सिग्नल खोने की चेतावनी जारी करनी पड़ी। पायलटों को विमान के नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने वाली स्थिति को लेकर सतर्क किया गया। जीपीएस स्पूफिंग के इस बड़े मामले की अब गहनता से जांच चल रही है। 'स्पूफिंग' शब्द का अर्थ होता है जालसाजी। जीपीएस स्पूफिंग में, वास्तविक जानकारी को ओवरराइड करके रिसीवर को नकली जानकारी भेजकर भ्रमित किया जाता है। जीपीएस स्पूफिंग एक धोखा देने वाली तकनीक है। इसमें नकली सैटेलाइट सिग्नल भेजे जाते हैं। ये सिग्नल जीपीएस रिसीवर को गलत स्थान, दिशा और समय की जानकारी देते हैं। इससे हवाई जहाज का नेविगेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। यह तकनीक जैमिंग में सिग्नल को पूरी तरह ब्लॉक किए जाने से अलग है। इसमें सिर्फ गलत जानकारी डाली जाती है, जिससे पायलट को लगता है कि उसका जहाज कहीं और उड़ रहा है। इस तरह यह तकनीक विमान को रनवे से दूर किसी खुले मैदान में ले जा सकती है, उसे निश्चित संचालित मार्ग से हटाकर खतरे की ओर धकेल सकती है। यही नहीं, जीपीएस स्पूफिंग का इस्तेमाल करके मिसाइल को भी गलत लक्ष्य पर भेजा जा सकता है। ड्रोन को गलत जगह पर गिराया जा सकता है। यहां तक कि पूरे एयरस्पेस की दिशा ही बदली जा सकती है। यही कारण है कि आज की दुनिया में जीपीएस स्पूफिंग को साइबर युद्ध के खतरनाक हथियारों में गिना जा रहा है।

## देश की सीमा और विमानन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

जीपीएस स्पूफिंग भारत की विमानन सुरक्षा, सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि इस तकनीक के इस्तेमाल में कम लागत लगती है और यह बेहद प्रभावी भी है। देश के सीमावर्ती इलाकों में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पाकिस्तान और म्यांमार से लगती देश की सीमाओं के पास जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं देखी जाती रही हैं। इसी वर्ष सरकार ने संसद में जानकारी दी थी कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 465 जीपीएस हस्तक्षेप की घटनाएं दर्ज की गई थीं। समस्या जटिल है, लेकिन इससे पार पाना असंभव नहीं है। तकनीकी नवाचार, सतर्कता, राजनयिक समन्वय और रणनीतिक प्रतिरोध के जरिए भारत इस उभरते इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षेत्र में न सिर्फ अपने हवाई क्षेत्र, बल्कि सीमा को सुरक्षित कर सकता है।




## कहां किया जा सकता है इस्तेमाल

- विमानों, जलपोतों या ड्रोन के नेविगेशन सिस्टम को भ्रमित करना।
- संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त करना या निगरानी प्रणाली को धोखा देना।
- कीमती कार्गो शिपमेंट चोरी करने के लिए परिवहन के दौरान उनकी ट्रैकिंग जानकारी को बदलना।
- आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल करके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या सैन्य अभियानों को बाधित करना।
- स्मार्टफोन ऐप्स और स्थान डेटा में हस्तक्षेप करना, नेटवर्क सिस्टम और जीपीएस डेटा पर निर्भर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले करना।

## कुछ इस तरह काम करती है तकनीक

जीपीएस स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर हमला है। इसे अंजाम देने के लिए लक्ष्य के पास एक रेडियो ट्रांसमीटर लगाया जाता है, जो प्रसारित हो रहे वास्तविक जीपीएस सिग्नल में बाधा डालता है। हजारों मील दूर उपग्रहों के माध्यम से आने वाले जीपीएस सिग्नल अक्सर कमजोर होते हैं, ऐसे में एक मजबूत रेडियो ट्रांसमीटर का उपयोग करके कमजोर सिग्नलों को ओवरराइड कर दिया जाता है। इसके बाद एक नकली जीपीएस सिग्नल बनाया जाता है, जो असली सिग्नल की नकल करता है या उससे कहीं अधिक शक्तिशाली होता है। इसके माध्यम से जीपीएस रिसीवर को नकली या झूठे जीपीएस सिग्नल भेजे जाते हैं, जिससे रिसीवर इन नकली सिग्नलों को वास्तविक मान बैठता है और यह मानने के लिए मजबूर हो जाता है कि वह किसी गलत स्थान पर है या समय गलत है। रिसीवर को आमतौर पर इस हेराफेरी का जल्दी पता भी नहीं चल पाता है। हाल के दिनों में आसमान में उड़ान भरते पायलट्स को जीपीएस स्पूफिंग की इसी बड़ी मुसीबत से दो-चार होना पड़ा है।

## स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' दुनिया में सबसे सुरक्षित व उन्नत

जीपीएस दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाली वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट प्रणालियों (जीएनएसएस) में से एक है। स्थान की जानकारी देने के अलावा इसका उपयोग सटीक समय बताने के लिए भी किया जाता है। दुनिया के कई देश अब अत्याधुनिक एन्क्रिप्टेड जीपीएस सिस्टम विकसित कर रहे हैं। अमेरिका ने तो अपने नागरिक जीपीएस को भी 'चिमेरा' नामक नए एन्क्रिप्टेड सिग्नल से लैस करना शुरू कर दिया है ताकि स्पूफिंग के हमलों को रोका जा सके, लेकिन भारत के पास दुनिया का सबसे सुरक्षित और उन्नत स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' है, जो जीपीएस की तुलना में काफी सटीक और सुरक्षित माना जाता है। नाविक के सिग्नल एन्क्रिप्टेड हैं और इन्हें स्पूफ करना लगभग असंभव जैसा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने नाविक को इस तरह विकसित किया है कि यह पूरे भारतीय क्षेत्र में जीपीएस से कहीं अधिक विश्वसनीय है। माना जा रहा कि यदि नाविक आधारित एप्रोच सिस्टम दिल्ली एयरपोर्ट पर लागू होता, तो स्पूफिंग की घटनाएं नहीं होतीं।




## आखिर क्या हुआ था दिल्ली के आसमान पर




दिल्ली के ऊपर से उड़ान भरने वाले विमानों ने स्पूफिंग की घटनाओं की सूचना दी थी। एयर इंडिया के एक पायलट ने मीडिया को बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में दिल्ली से आने और जाने वाले सभी छह दिनों में उन्हें स्पूफिंग का सामना करना पड़ा। एक अन्य पायलट ने कहा कि उनके कॉकपिट सिस्टम ने एक गलत इलाके की चेतावनी जारी की, जो आगे बाधाओं का सुझाव देती थी, जहां कोई भी मौजूद नहीं था। कई अन्य पायलटों को भी एयरपोर्ट से उड़ान भरते समय ऐसी ही चेतावनियों का सामना करना पड़ा। ये घटनाएं दिल्ली के 60 समुद्री मील के भीतर के विमानों द्वारा रिपोर्ट की गईं।

# मौसम का हाल बताते हैं पशु-पक्षियों के व्यवहार

हाल ही में राजस्थान के जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग ने एक अध्ययन में यह साबित किया कि पक्षियों के घोंसले बनाने के तरीके से लेकर जानवरों के व्यवहार तक, मौसम के संकेतों को समझा जा सकता है। यह शोध इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरमेंटल साइंस में प्रकाशित हुआ है। इसमें बताया गया है कि जानवरों के व्यवहार में 80 प्रतिशत तक सटीकता देखी जाती है। यह शोध सिद्ध करता है कि पुराने समय से चली आ रही यह पारंपरिक जानकारी, जो ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल की जाती रही है, अब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो चुकी है। उदाहरण के लिए मोर का नृत्य या कूजन मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। इसी प्रकार चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है। विभाग के एचओडी डॉ. गेमराराम परिहार और उनके शोध दल का कहना है कि प्रकृति के संकेत आज भी कारगर हैं। पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम का पूर्वानुमान लग जाता है। उनका दावा है कि वैज्ञानिक शोध में इन बातों और तथ्यों की पुष्टि हो चुकी है। उनके शोध में पुरानी प्रथाओं के वैज्ञानिक प्रमाण साबित हुए हैं। शोध का निष्कर्ष है कि पशु-पक्षियों का व्यवहार आज भी मौसम के संकेत बताने में पूरी तरह सक्षम है। शोध में बताया गया है कि पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम के संकेत सटीक मिलते हैं। यह बात करीब 80 प्रतिशत तक सही साबित हुई है।

राजस्थान के जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय हुए शोध में यह बात समाने आई है कि कैसे पुराने समय में लोग पारिस्थितिकी तंत्र के सदस्यों के व्यवहार से मौसम की भविष्यवाणी करते थे। लोमड़ी, सियार और अन्य जानवरों का व्यवहार भी इस प्रणाली का हिस्सा था। उदाहरण के लिए लोमड़ी खेतों में चूहों की संख्या को नियंत्रित करती है, जो कृषि के लिए अच्छा संकेत है। शोध के अनुसार, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे भील, मीणा और बंजारा समुदायों के लोग अभी भी पशु-पक्षियों के संकेतों का पालन करते हैं। उदाहरण के लिए लाल चींटियां जब अपने अंडे इधर-उधर ले जाती हैं, तो यह बारिश के करीब आने का संकेत होता है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के इन जानवरों की सूझबूझ को दर्शाता है, जो मौसम की सटीक जानकारी देते हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचीन समय से चली आ रही यह पद्धतियां अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से और अधिक प्रमाणित हो रही हैं।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

शोध कहता है कि पक्षियों के पारंपरिक संकेतों के कुछ अर्थ होते हैं। मोरों का नृत्य मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है। सांप का पेड़ों पर चढ़ना बारिश की संभावना का पूर्वानुमान है। वहीं लोमड़ी की उपस्थिति खेतों में चूहों का नियंत्रण होने का संकेत देती है। मौसम के साथ जीवन से भी पक्षियों के संकेत जुड़े हुए हैं, जैसे चिड़िया अथवा गौरैया का घर में घोंसला बनाना खुशहाली और तरक्की का संकेत है। तोता का घर में आना धन लाभ, रुके हुए काम पूरे होने और मां लक्ष्मी की कृपा का सूचक है। उल्लू का घर में दिखाई देना जल्द ही कुछ शुभ होने का संकेत है, क्योंकि यह माता लक्ष्मी का वाहन है। कौवे का घर में आना मेहमानों के आगमन का संकेत देता है। मोर, नीलकंठ और सफेद कबूतर का सुबह-सुबह दिखना पूरे दिन के अच्छा बीतने का संकेत माना जाता है।

### मौसम के सूचक

कुछ प्राचीन और ग्रामीण परंपराएं पक्षियों के घोंसले बनाने की जगह को भी मौसम का सूचक मानती हैं। जब पक्षी जमीन के करीब उड़ते हैं, तो यह बारिश का संकेत माना जाता है। मोर का नाचना, उल्लू का चीखना और गौरैया का धूल में लोटना बारिश का संकेत माना जाता है। यदि कौवे कांटेदार पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं, तो बारिश कम होने की संभावना है। वहीं आम या करंज जैसे पेड़ों पर घोंसला बनाना अच्छी बारिश का संकेत है। लाल चींटियों का अपने अंडों को इधर-उधर ले जाना भी बारिश के आने का संकेत है। इसी तरह पक्षियों का आसमान में ऊंची उड़ान भरना अच्छे मौसम का संकेत होता है। वहीं जोड़े में उड़ने वाले कौवे अच्छे मौसम का संकेत देते हैं। इसी तरह तूफान से पहले पक्षी वसा जमा करने के लिए अधिक सक्रिय हो जाते हैं और खूब खाना खाते हैं। बारिश आने पर मुर्गियां बेचैन हो जाती हैं या धूल में रगड़ती हैं। हंस की छाती की हड्डी का लाल या गहरे रंग का होना ठंडी और तूफानी सर्दी का संकेत हो सकता है। यदि सारस आकाश में गोलाकार परावलय बनाकर उड़ते हैं, तो यह शीघ्र वर्षा का संकेत है। पेड़ों पर दीमक का तेजी से घर बनाना अच्छी वर्षा का संकेत है। जब पक्षी एक साथ इकट्ठा होते हैं और अपने पंख फड़फड़ाते हैं, तो मौसम में बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। वहीं चातक को बारिश का पक्षी माना जाता है। इसका आगमन मानसून के मौसम का संकेत है। इस तरह पशु और पक्षियों की हरकतों को देखकर मौसम का काफी हद तक पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। असल में यह हमारा पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान है, जिसे हमारे पूर्वजों ने पूरा मान और सम्मान दिया है। पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान कई प्रकार का है। यह जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अगर केवल पर्यावरण की बात करें, तो पक्षियों का अध्ययन (पक्षी विज्ञान) पारिस्थितिकी संतुलन को समझने में मदद करता है, क्योंकि वे कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षी पर्यावरण में हो रहे बदलाव के शुरुआती संकेत देते हैं। उनकी आबादी में गिरावट आवासों के क्षरण या जलवायु परिवर्तन का संकेत हो सकती है। पक्षी कीटों को नियंत्रित करते हैं, बीज फैलाते हैं और परागण में मदद करते हैं, जो मानव द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई पौधों के लिए महत्वपूर्ण है। पक्षी मृत जीवों और कचरे को साफ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षियों का वैज्ञानिक अध्ययन पक्षियों के व्यवहार, प्रवास, प्रजनन और शारीरिक विशेषताओं को समझने में इंसान की पूरी तरह से मदद करता है। हमें केवल इस ज्ञान की समझ होने और इसके वैज्ञानिक प्रयोगों को पहचानने की जरूरत है।



## जंगल की दुनिया



# भारतीय पैंगोलिन : वन्य संपदा का अनमोल प्रहरी

भारतीय पैंगोलिन भारत उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला एक दुर्लभ एवं अत्यंत विशिष्ट स्तनधारी जीव है। यह अपने पूरे शरीर पर मौजूद कठोर, overlapping शल्कों के कारण अन्य जीवों से बिल्कुल अलग दिखाई देता है। ये शल्क केराटिन से बने होते हैं, वही पदार्थ, जिससे मानव के नाखून बनते हैं। खतरा महसूस होने पर पैंगोलिन स्वयं को एक गोल गेंद की तरह समेट लेता है, जिससे शिकारी उसके नाजुक अंगों तक नहीं पहुंच पाते। रात में सक्रिय रहने वाला यह जीव अत्यंत शर्मीला और एकांतप्रिय होता है। इसका मुख्य आहार चींटियां और दीमक हैं। लंबी, पतली और अत्यधिक चिपचिपी जीभ इसे आसानी से भोजन पकड़ने में सहायता करती है। भूमिगत बिलों में रहना इसकी विशेषता है, जिन्हें यह अपने मजबूत पंजों की मदद से आसानी से खोद लेता है। भारतीय पैंगोलिन जंगलों, झाड़ियों, कृषि भूमि और कभी-कभी ग्रामीण बस्तियों के पास भी देखा जा सकता है।

पारिस्थितिकी दृष्टि से पैंगोलिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कीटभक्षी होने के कारण चींटियों और दीमक की संख्या को नियंत्रित करता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और कृषि भूमि सुरक्षित रहती है। परंतु इसके बावजूद यह जीव आज गंभीर संकट में है। IUCN ने इसे "Endangered" श्रेणी में रखा है। अवैध शिकार और तस्करी इसका सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि इसके शल्कों और मांस की अवैध बाजार में अत्यधिक मांग है।

भारतीय पैंगोलिन को संरक्षण की सख्त आवश्यकता है। जन-जागरूकता, कड़े कानून, वन विभाग की सक्रियता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी से ही इस अद्वितीय प्राणी को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। यह सिर्फ एक जीव नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण प्रहरी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,818.13 | 25,898.55 |
| गिरावट | 426.86 | 140.55 |
| प्रतिशत में | 0.51 | 0.55 |

सोना 1,32,490 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,94,400 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### पीआरपीएल को एचसीसी ने दिया 2,854 करोड़ रुपये का ऋण

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी एचसीसी ने शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजित करने के के लिए प्रोलिफिक रेजोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (पीआरपीएल) को 2,854 करोड़ का कर्ज देने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे पीआरपीएल की ऋण सुविधाओं के संबंध में जारी की गई कॉरपोरेट गारंटी से उत्पन्न ऋण में उल्लेखनीय कमी आई है। ऋणदाताओं के साथ अपनी योजना के तहत, एचसीसी ने पीआरपीएल को 2,854 करोड़ का कुल ऋण और 6,508 करोड़ की प्रतिबद्धताएं एवं दावे हस्तांतरित किए हैं जबकि इकाई में 49 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी बरकरार रखी है।

### कोका-कोला ने ब्रौन को सीईओ बनाया

**वॉशिंगटन।** कोका-कोला ने अपने मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्रौन को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की जानकारी दी। अटलांटा स्थित पेय पदार्थ कंपनी ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च से सीईओ का पदभार संभालने के लिए हेनरिक ब्रौन का चयन किया है। कोका-कालो के वर्तमान चेयरमैन एवं सीईओ जेम्स क्विन्सी अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। ब्रौन (57) कोका-कोला में तीन दशकों से कार्यरत हैं। इस वर्ष की शुरुआत में मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) का पदभार संभालने से पहले उन्होंने ब्राजील, लैटिन अमेरिका, ग्रेटर चाइना तथा दक्षिण कोरिया में परिचालन का नेतृत्व किया।

### केएसएच का आईपीओ 16 को

**नई दिल्ली।** मैग्नेट वाइंडिंग वायर बनाने वाली कंपनी केएसएच इंटरनेशनल आईपीओ के जरिए 710 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। यह 16 दिसंबर को खुलेगा। इस निर्गम का मूल्य दायरा 365-384 रुपये प्रति शेयर है। इसके लिए एंकर यानी बड़े निवेशक 15 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। पुणे की कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 420 करोड़ के ताजा निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 290 करोड़ के शेयरों के बिक्री पेशकश शामिल है।

# एफटीए वार्ता : कुछ मुद्दे पर सहमति बननी बाकी

## केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- यूरोपीय संघ के साथ एफटीए को अंतिम रूप देने में आ रही बाधाएं कर लेंगे दूर

**मुंबई, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का गुरुवार को भरोसा जताया। गोयल ने समझौते पर हस्ताक्षर होने की कोई संभावित समयसीमा न बताते हुए कहा कि इटली जैसे देश भारत को अपनी शराब एवं मोटर वाहन निर्यात कर सकेंगे और इसके बदले में भारत 27 देशों के इस समूह को व्हिस्की, वस्त्र एवं मोटर वाहन कलपुर्जे निर्यात कर सकेगा।

गोयल ने इस सप्ताह की शुरुआत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी चर्चाओं का हवाला देते हुए कहा कि हमें भरोसा है। कुछ मुद्दे हैं जिन पर हमें अब भी सहमति बनानी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। साथ ही वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के वार्ताकार दल एक अच्छा समझौता कराने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं और कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।



इटली-इंडिया बिजनेस फोरम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी।

गोयल ने इटली-भारत व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-यूरोपीय संघ एफटीए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित दस्तावेज होगा जो सभी देशों के लिए लाभकारी होगा। इस अवसर पर इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी भी उपस्थित रहे। गोयल और ताजानी दोनों ने वैश्विक बाजार में कच्चे माल की सुचारू आपूर्ति के लिए लोकतांत्रिक देशों के बीच सहयोग की जरूरत पर बल दिया। ताजानी ने कहा कि उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल की कीमतों को तय करने में कोई एक देश 'किंगमेकर' की भूमिका नहीं निभा सकता। इटली के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मामले पर इटली, यूरोप, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक 'राजनीतिक समझौते' की आवश्यकता है। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को देखते हुए भारत-इटली संबंध 21वीं सदी के निर्णायक संबंधों में से एक होंगे।

### ओमान ने भारत से व्यापार समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओमान के निचले सदन 'शूरा परिषद' ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे दी है। इसको देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल शुक्रवार को इस समझौते पर विचार कर सकती है। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस पर बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी जो इस वर्ष संपन्न हुई। समझौते में दो साझेदार वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है जो मई 2022 में लागू हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया था कि प्रासंगिक प्राधिकारी की मंजूरी के बाद, हस्ताक्षर और पुष्टि के लिए कैबिनेट नोट का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया गया है। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। भारत में मुक्त व्यापार समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी जाती है। 'शूरा परिषद' या मजलिस अ'शूरा ने सीईपीए के मसौदे पर अपनी चर्चा बुधवार को पूरी कर ली।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल आज इस समझौते पर कर सकती है विचार

# इक्विटी एमएफ में निवेश 21% बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में नवंबर में निवेश मासिक आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। उद्योग निकाय एम्फी ने गुरुवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किए। निवेश में यह वृद्धि तीन महीनों की गिरावट के बाद आई जो निवेशकों के सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत देती है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, इक्विटी प्रवाह में सकारात्मक गति ने व्यापक उद्योग के परिसंपत्ति आधार को भी बढ़ावा दिया। इससे प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अक्टूबर के 79.87 लाख करोड़ रुपये से नवंबर में बढ़कर 80.80 लाख करोड़ रुपये हो गई। व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) के जरिये खुदरा निवेशकों की भागीदारी में मामूली गिरावट देखी गई। एसआईपी में जमा राशि अक्टूबर के 29,631 करोड़ की तुलना में घटकर नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये रह गई।



- तीन महीनों की गिरावट के बाद निवेशकों के सकारात्मक दृष्टिकोण से आई बढ़ोत्तरी

आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी एमएफ में शुद्ध निवेश नवंबर में बढ़कर 29,911 करोड़ हो गया जो अक्टूबर में 24,690 करोड़ रुपये था। सितंबर में इक्विटी में निवेश 30,421 करोड़ और अगस्त में 33,430 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन माह के दौरान लाभांश और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड के अलावा उप-श्रेणियों में सकारात्मक रुझान रह। फ्लेक्सी-कैप फंड में सबसे अधिक 8,135 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया।

# रुपया 39 पैसे टूटकर निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

रुपया गुरुवार को 39 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच स्थानीय मुद्रा दबाव में रही।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में गिरावट जारी रहने की आशंका है क्योंकि भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो रहा है। बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 89.95 पर खुला। फिर कारोबार के दौरान सबसे निचले स्तर 90.48 पर आ गया। कारोबार के अंत में रुपया 90.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे कम है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 89.87 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के भारत-अमेरिका समझौते के अगले साल मार्च तक संपन्न होने की संभावना के बाद रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।



- भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता से स्थानीय मुद्रा दबाव में रही

### फेड ने की ब्याज दरों में 0.25% की कटौती

**वॉशिंगटन।** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक 0.25 प्रतिशत की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है। फेडरल रिजर्व बुधवार को ब्याज दर में कटौती के बाद यह घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है।

ब्याज दरों में कटौती से उधार लेने की लागत कम हो सकती है, हालांकि बाजार की ताकतें भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने संकेत दिया कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद, आगामी महीनों में वह ब्याज दरों में और कटौती नहीं करेगा। पॉवेल ने कहा कि आप देख रहे हैं कि कुछ लोगों का मानना है कि हमें यहीं रुक जाना चाहिए।

# बैंकों की भर्ती परीक्षाओं व नतीजों की घोषणा के नए प्रावधान लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त मंत्रालय ने कहा - एसबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों व आरआरबी की भर्ती प्रक्रिया पर नए नियम होंगे लागू

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं और उनके परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि ये सुधार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया पर समान रूप से लागू होंगे।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने कहा कि वर्तमान में इन सभी श्रेणियों के बैंकों में भर्ती आईबीपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सानेल सेलेक्शन) के माध्यम से की जाती है। सामान्यतः आरआरबी की परीक्षाएं पहले आयोजित होती हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं एसबीआई की परीक्षाएं उसके बाद होती हैं। परिणाम भी इसी क्रम में घोषित किए जाते हैं। हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति सामने आई है कि आरआरबी में चयनित कई उम्मीदवार राष्ट्रीयकृत बैंकों और वहां से एसबीआई में चले जाते हैं। संबंधित बैंकों में नौकरी छोड़ने का उच्च स्तर देखने को मिलता है और कामकाज के संचालन में दिक्कतें होती हैं।

### डीएफएस ने समीक्षा के बाद आईबीए को बदलाव की दी सलाह

डीएफएस ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए बैंकों की भर्ती प्रक्रिया और परिणाम घोषित करने के मौजूदा चलन की समीक्षा की। इसके बाद भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को सलाह दी गई कि सभी श्रेणी के बैंकों में भर्ती परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा एकसमान और तार्किक क्रम में की जाए, ताकि उम्मीदवारों की प्राथमिकता स्पष्ट हो सके और बैंकों की मानव संसाधन योजना अधिक प्रभावी बन सके। नए ढांचे के तहत अब सबसे पहले एसबीआई की भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी होंगे। इसके बाद राष्ट्रीयकृत बैंकों और अंत में आरआरबी के परिणाम घोषित होंगे। अधिकारी स्तर की परीक्षाओं के परिणाम पहले और क्लर्क के परिणाम उसके बाद इसी क्रम में जारी होंगे।

### चावल और गेहूं मजबूत दालों, खाद्य तेल नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई।

औसत दर्जे के चावल की कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये और गेहूं दो रुपये बढ़कर 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गयी। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया।



# कांग्रेस तो 20 साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई

## चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में सुधांशु त्रिवेदी बोले- चुनावी प्रक्रिया में कई समस्याएं आईं, लेकिन चीजें बदलती गईं

- पूर्ववर्ती कांग्रेस और संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने जरूरत के अनुसार नियम बार-बार बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्ष पर लोकतंत्र को अब तक नहीं समझ पाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने वाली कांग्रेस तो बीस साल में भी इसके लिए तैयार नहीं हुई। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया आजादी के बाद शुरू हुई और कई तरह की समस्याएं आईं लेकिन समय के साथ चीजें बदलती गईं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के समय और फिर संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने अपनी जरूरत के अनुसार नियमों में बार-बार बदलाव किया। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय लाभ के पद के मुद्दे पर नियम बदले गए थे। त्रिवेदी ने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वालों को पहले यह देखना चाहिए कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए कब-कब क्या-क्या किया था? उन्होंने दावा किया कि चुनावी बॉण्ड के रूप में राजग सरकार ने चुनावी चंदे को लेकर पारदर्शी व्यवस्था बनाई। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों को बहुमत तब मिलता था जब मतपत्रों की पेटियां लूटी जाती थीं, बूथ 'कैप्चरिंग' होती थी और गोलियां चलती थीं।



संसद में भाषण देते भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी।

उन्होंने कहा कि आज सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती है, ईवीएम का उपयोग होता है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस आज आपत्ति उठा रही है, लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने 18 दिसंबर 1950 को यह पुनरीक्षण हर छह महीने में करने की जरूरत रेखांकित की थी लेकिन व्यवहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा था कि एक साल में यह होना चाहिए।

कांग्रेस तो बीस साल में भी मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण नहीं करना चाहती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकतंत्र को अब तक समझ नहीं पाई है। त्रिवेदी ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और यहां का लोकतंत्र जीवंत है। इस जीवंत लोकतंत्र का आधार उसकी विविधतापूर्ण संस्कृति है। लेकिन हमारे ही देश के कुछ लोग दूसरे देशों में जा कर गुहार लगाते हैं कि देश में लोकतंत्र को बचाना है।

### सरकार अपने लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का कर रही इस्तेमाल : अजय माकन



कांग्रेस ने राज्यसभा में आरोप लगाया कि सरकार की कथनी एवं करनी में अंतर है तथा वह अपने लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है। चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सदस्य अजय माकन ने कहा कि जीवंत लोकतंत्र में तीन बुनियादी शर्तें.... सबके लिए समान अवसर, पारदर्शिता और विश्वसनीयता महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने दावा किया कि तीनों बातों के संदर्भ में राजग सरकार मानकों पर खरी नहीं उतरती। माकन ने कहा कि वह कांग्रेस के कोषाध्यक्ष भी हैं और पिछले दो-तीन साल से कांग्रेस का हिसाब यानी आय-व्यय का ब्योरा वह देते हैं तथा दूसरे दलों का हिसाब भी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देखते हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस और भाजपा के आय-व्यय के ब्यौरे का अनुपात 60 :40 का था, लेकिन 2019 में यह अनुपात चौंकाते हुए पूरी तरह बदल गया। अनुपात 8 :92 हो गया और भाजपा की आय में 11 फीसदी की वृद्धि हुई तथा यह सिलसिला आगे भी जारी है।

### लोस : टीएमसी सांसद के ई-सिगरेट पीने की अनुराग ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा में टीएसी सांसद पर ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्रवाई की बात कही। ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित पूरक प्रश्न पूछने के दौरान कहा कि देशभर में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध है। सदन में क्या ई-सिगरेट पीने की अनुमति है? जब लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने नहीं में जवाब दिया तो ठाकुर ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य कई दिन से सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। भाजपा सांसद ने किसी सदस्य का नाम नहीं लिया। उन्होंने इस मामले में आसन से तत्काल जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उनके साथ निशिकांत दुबे, जगदंबिका पाल समेत अन्य भाजपा सदस्य भी खड़े होकर कार्रवाई की मांग करते देखे गए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी खड़े थे। हंगामे के बीच बिरला ने संसदीय नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

# संसद में शाह नर्वस थे, चुनौती का जवाब नहीं दिया : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत नर्वस नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि अमित शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।

राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा कि अमित शाह कल संसद में बड़े नर्वस थे। उनके हाथ कांप रहे थे, उन्होंने गलत भाषा का इस्तेमाल किया। अमित शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं, जो कल पूरे देश ने देखा। मैंने वोट चोरी से जुड़ी जो बातें कहीं, उसका गृह मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। मैंने अमित शाह को मेरे संवाददाता सम्मेलनों पर बहस करने के लिए सीधी चुनौती दी, जिसका भी कोई जवाब नहीं आया। राहुल गांधी का कहना था कि सभी जानते हैं कि सच क्या है। कांग्रेस नेता ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी थी कि वह 'वोट चोरी' से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों को लेकर उनसे बहस कर लें। दरअसल निचले सदन में, चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए गृह मंत्री ने राहुल गांधी के हालिया तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया जिनमें नेता प्रतिपक्ष ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाये थे।



- कांग्रेस नेता बोले- वोट चोरी से जुड़ी बातों का गृह मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया

इस पर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह, मैं आपको चुनौती देता हूं कि मेरे तीनों संवाददाता सम्मेलनों पर बहस कर लेते हैं।

# किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं और इस बात पर जोर दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए अधिकारों की हमेशा रक्षा की जानी चाहिए, लेकिन ऐसे मामलों में जहां देश की सुरक्षा या अखंडता का सवाल उठता है, वह जमानत देने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति संजय करोल और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने ये टिप्पणियां सीबीआई द्वारा पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले में 2010 में ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के मामले में कुछ आरोपियों को मिली जमानत के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई करते हुए कीं। मुंबई जा रही ट्रेन झारग्राम के पास पटरी से उतर गई थी और फिर सामने से आ रही एक मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे 148 यात्रियों की मौत हो गई। 28 मई, 2010 को हुई दुर्घटना माओवादियों की साजिश का परिणाम थी।

### दिव्यांगजन कानून में संशोधन करे केंद्र



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में संशोधन करने पर विचार करने को कहा ताकि अपराधियों के तेजाब हमले के पीड़ितों को दिव्यांगजन की श्रेणी में शामिल कर सके और उन्हें कल्याणकारी उपायों का लाभ मिल सके। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक की याचिका में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। इससे पहले पीठ ने चार दिसंबर को सभी उच्च न्यायालयों की रजिस्ट्रियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित तेजाब हमलों के मामलों का ब्योरा पेश करने का निर्देश दिया था।

### सोपोर में प्रतिबंधित तहरीक-ए-हुर्रियत के ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में पुलिस ने गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्यों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि यूएपीए के तहत जांच के रूप में यह समन्वित छापेमारी की गयी।

जाफर इस्लाम उर्फ यदुल्ला पीर, लतीफ अहमद कालू और मोहम्मद अशरफ मलिक के घरों व परिसरों पर छापेमारी की गयी। अधिकारी ने बताया कि सोपोर स्थित यूएपीए अदालत के विशेष न्यायाधीश से वैध छापेमारी वारंट प्राप्त करने के बाद एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। छापेमारी में बरामद चीजों की जांच जारी है।

# थाईलैंड में लूथरा बंधु पुलिस हिरासत में

## नाइट क्लब अग्निकांड

**पणजी, एजेंसी**

गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद भारत से भागे सौरभ और गौरव लूथरा को थाईलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसे के बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव और सौरभ को भारत सरकार के अनुरोध पर हिरासत में लिया गया है। दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ था।

वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दोनों को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में लिया गया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही लूथरा बंधुओं की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, हथकड़ी पहने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगीं। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी भीषण आग के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए एक घंटे में दोनों ने छह-सात दिसंबर की रात फुकेट के लिए टिकटें बुक की थीं।

### अजय को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

गोवा की अदालत ने गुरुवार को नाइट क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। गुप्ता को पूछताछ के लिए बुधवार रात दिल्ली से गोवा ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया था। उन्हें विस्तृत जांच के लिए अंजुना पुलिस थाने ले जाया गया। इससे पहले गुप्ता के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया गया था। गोवा पुलिस ने नाइट क्लब में आग लगने के मामले में पांच प्रबंधकों और कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया है।

### उत्तरी गोवा में कृषि भूमि पर बना नाइट क्लब सील

अग्निकांड के बाद अवैध नाइट क्लब पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने उत्तरी गोवा के वागाटोर स्थित 'गोया द नाइट क्लब' को सील कर दिया। यह क्लब कृषि भूमि पर था। यह कार्रवाई बरदेज तालुका के राजस्व अधिकारी के आदेश पर की गई।

### आईएसआईएस से जुड़े मामले में चार राज्यों में छापा

**मुंबई।** ईडी ने वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के घोर कट्टरपंथी मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश सहित 40 स्थानों पर तलाशी ली गई।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ईडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

**टोरंटो।** कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संसदीय संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ साझा लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भविष्य के सहयोग पर चर्चा की। जनवरी में भारत, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) में कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष फ्रांसिस स्कार्पालेगिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करेगा। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत-कनाडा संसदीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष फ्रांसिस स्कार्पालेगिया से मुलाकात की। साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और भविष्य के सहयोग पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

### अमेरिका में बुजुर्गों से धोखाधड़ी पर भारतीय को 90 महीने की सजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में बुजुर्गों समेत अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में एक भारतीय नागरिक को दोषी करार देते हुए उसे 90 महीने की सजा सुनाई गई है। न्याय विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि लिग्नेश कुमार एच. पटेल (38) को वायर फ्रॉड और वित्तीय संस्थान धोखाधड़ी करने की साजिश रचने के मामले में दोषी पाया गया। पटेल ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने उसे मुआवजे के तौर पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया। पटेल ने अमेरिका के पांच प्रांतों के बुजुर्ग लोगों सहित 11 लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

### अमेरिका: सैनिकों का वेतन बढ़ाने को निचले सदन में विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने एक व्यापक रक्षा नीति विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत 900 अरब डॉलर के सैन्य कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में सैनिकों का वेतन बढ़ाना और रक्षा विभाग की हथियार खरीद प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन शामिल है। यह विधेयक ऐसे समय में पारित हुआ है जब रिपब्लिकन बहुमत वाली संसद और ट्रंप के प्रशासन के बीच सेना से संबंधित मामलों को लेकर तनाव बढ़ रहा है। इस विधेयक में सैनिकों के वेतन में 3.8 प्रतिशत वृद्धि और सैन्य ठिकानों पर आवास व सुविधाओं में सुधार का भी प्रस्ताव है। इस विधेयक को राजनीतिक दलों के बीच समझौते के तौर पर भी देखा जा रहा है, जिसके तहत ट्रंप के एजेंडे के अनुरूप जलवायु और विविधता प्रयासों में कटौती की जाएगी।

# पाकिस्तान: पूर्व आईएसआई प्रमुख को 14 साल की सजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



● सेना के कानूनों के उल्लंघन का आरोप है फैज हमीद पर

पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई। सेना की ओर से जारी एक बयान के अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल रह चुके हमीद के खिलाफ 12 अगस्त, 2024 को पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

हमीद पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा व हितों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकारों व सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने से संबंधित आरोप लगाए गए थे। यह पहली बार है, जब आईएसआई के किसी पूर्व प्रमुख को दोषी ठहराया गया है। हमीद ने 2019 से 2021 तक आईएसआई के महानिदेशक के रूप में कार्य किया। हमीद ने 10 दिसंबर, 2022 को समयपूर्व सेवानिवृत्ति ले ली थी और इससे पहले उन्होंने एक कोर के कमांडर के रूप में भी सेवाएं दी थी।

## क्यों राजनीतिक मुद्दा बनी हुई है

ब्रिटिश इतिहासकार और राजनीतिज्ञ थॉमस बबिंगटन मैकाले ने 2 फरवरी 1835 को 'भारतीय शिक्षा पर कार्यवृत्त' प्रस्तुत किया। तत्कालीन गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक की ओर से 7 मार्च 1835 को मंजूरी दिए जाने के बाद यह नीति ब्रिटिश-भारतीय शैक्षिक नीति की आधारशिला बन गई। भारत में इस शिक्षा प्रणाली को लागू करने का उद्देश्य भारतीयों के लिए पश्चिमी आधारित अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रणाली शुरू करना था। कहा जाता है कि इस ने पारंपरिक भारतीय शिक्षण प्रणालियों की उपेक्षा करते हुए एक ऐसे वर्ग का निर्माण का लक्ष्य रखा जो ब्रिटिश प्रशासन का मददगार हो। भारत में मैकाले की शिक्षा प्रणाली बार-बार मुद्दा बनती है क्योंकि इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक माना जाता है, यह बहस भारत की पहचान, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता के बीच गहरे अंतर्द्वंद्व को दर्शाती है।

# मैकाले की शिक्षा प्रणाली



### क्या खास है इस प्रणाली में

- मैकाले ने तर्क दिया था कि अंग्रेजी को शिक्षा का मुख्य माध्यम होना चाहिए, इस वजह से कई स्थानीय भारतीय भाषाएं दरकिनार हो गईं।
- सरकारी धन का उपयोग केवल पश्चिमी विज्ञान, साहित्य और दर्शन को बढ़ावा देने के लिए किया जाना था, न कि पूर्वी शिक्षा के लिए।
- डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन थ्योरी के तहत शिक्षा एक छोटे उच्च वर्ग को दी जानी थी, उसी से जनसामान्य तक ज्ञान पहुंचने की अवधारणा थी।

### राजनीतिक मुद्दा बनने के कारण

- इस प्रणाली को एक औपनिवेशिक उपकरण के रूप में देखा जाता है, जिसने भारतीयों में अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति हीनता की भावना पैदा की।
- तर्क दिया जाता है कि इस नीति ने अंग्रेजी शिक्षित अभिजात वर्ग और बहुसंख्यक स्थानीय आबादी के बीच एक बड़ा सामाजिक और भाषाई अंतर पैदा कर दिया।
- शिक्षा प्रणाली को विऔपनिवेशिक करने और भारतीय लोकाचार में फिर स्थापित करने की बात की जाती है जिससे यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श में बना रहता है।

### क्या हुए परिणाम

- मुख्य उद्देश्य भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार करना था जो स्वाद, राय, नैतिकता और बुद्धि में अंग्रेज हो ताकि ब्रिटिश हितों पर असर न पड़े।
- गुरुकुल और मदरसों जैसे पारंपरिक भारतीय शिक्षण संस्थान धीरे-धीरे सरकारी समर्थन और धन से वंचित हो गए, इससे उनका पतन हुआ।
- इस प्रणाली ने भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली की नींव पड़ी।

### समाज पर दुष्प्रभाव

- स्वदेशी शिक्षण विधियां हाशिए पर चली गईं। आयुर्वेद, खगोल विज्ञान और दर्शन जैसे स्वदेशी ज्ञान क्षेत्रों को नुकसान।
- भारतीयों के एक वर्ग को अपनी विरासत से अलग कर दिया, पश्चिमी विचारों और जीवन शैली को श्रेष्ठ माना जाने लगा।
- अंग्रेजी माध्यम शिक्षा ने संस्कृत, फारसी समेत स्थानीय भाषाओं का महत्व कम हो गया, समाज में भाषाई खाई बन गई।

### मैकाले प्रणाली के ये लाभ भी

- मैकाले शिक्षा प्रणाली ने भारतीयों को पश्चिमी विज्ञान, साहित्य और आधुनिक प्रशासनिक ज्ञान से परिचित कराया, जो भारत के आधुनिकीकरण में सहायक हुआ।
- अंग्रेजी शिक्षा ने ऐसे शिक्षित वर्ग का निर्माण किया, जिसने आधुनिक राजनीतिक विचारों को समझा और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया।
- इस प्रणाली ने देश में एक समान आपराधिक कानून और योग्यता आधारित प्रशासन की नींव रखी, जिसने जाति आधारित और भेदभावपूर्ण संरचनाओं को चुनौती दी।

# ट्रंप ने नोबल पुरस्कार के लिए भारत से शत्रुता ठान ली, यह हास्यास्पद

## अमेरिकी सांसद ने कहा- राष्ट्रपति की नीतियां अपनी ही नाक काटने जैसी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद सिडनी कैमलेजर डॉव ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति नीतियां रणनीतिक भरोसे और पारस्परिक समझ को वास्तविक व स्थायी नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को हुए नुकसान को कम करने के लिए वॉशिंगटन को अविश्वसनीय तत्परता के साथ कदम उठाने होंगे और अगर ट्रंप अपनी नीति में बदलाव नहीं किया तो वह भारत को खो देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति बन जाएंगे।

डॉव ने कहा, ज्यादा साफतौर पर कहा जाए तो ट्रंप ने भारत को दूर कर रूसी साम्राज्य को सशक्त किया। उन्होंने ट्रांसअटलांटिक गठबंधन को तोड़ा है और लातिन अमेरिका को खतरे में डाला है। जब इतिहास की किताबें लिखी जाएंगी और बताया जाएगा कि भारत के प्रति ट्रंप की शत्रुता कहां से शुरू हुई तो वे ऐसी चीज की ओर इशारा करेंगी जिसका हमारे दीर्घकालिक रणनीतिक हितों से कोई लेनादेना नहीं है। यह है उनका नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर व्यक्तिगत जुनून। यह भले ही हास्यास्पद हो, लेकिन इसका जो नुकसान होगा, उसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जा सकता।

कैमलेजर डॉव संसद की दक्षिण और मध्य एशिया विदेश मामलों की उप समिति की बैठक में 'यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप: सिक्योरिंग अ फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' विषय पर बोल रही थीं। कैमलेजर डॉव ने ट्रंप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, ट्रंप की नीतियों को 'अपनी ही नाक काटने' के तौर पर वर्णित किया जा सकता है।




### मोदी-पुतिन की तस्वीर दिखाकर कहा- दुश्मन की बांहों में धकेल दिया अपने रणनीतिक साझेदार को

कैमलेजर डॉव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तस्वीर दिखाते हुए कहा, स्पष्ट तौर पर कहूं तो दबाव बनाने वाला साथी होने की अपनी कीमत होती है और यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इस तस्वीर में दोनों नेता नई दिल्ली में एक कार में साथ दिख रहे हैं। ये तस्वीर पुतिन के दिल्ली आगमन पर पालम हवाई अड्डे पर मोदी की ओर से उनका स्वागत करने के बाद की थी। कैमलेजर डॉव ने कहा, आप अमेरिकी रणनीतिक साझेदारों को हमारे दुश्मनों की बाहों में धकेलकर नोबेल शांति पुरस्कार नहीं जीत सकते।

### पानी फेर दिया अमेरिका के वर्षों के प्रयासों पर

कैमलेजर डॉव ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि उसने भारत-अमेरिकी साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए किए गए वर्षों के प्रयासों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा, रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के शासनकाल में भारत-अमेरिका के बीच विश्वास बरकरार रखने और सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया गया। जब ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में पद संभाला तब द्विपक्षीय संबंध चरम पर थे। क्वॉड सक्रिय था, उभरती रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी कायम थी और एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदारी बनी हुई थी। उन्होंने कहा, ये कड़ी मेहनत से हासिल की गईं उपलब्धियां थीं, और फिर क्या हुआ। दशकों में अमेरिका द्वारा संचित पूंजी को सिर्फ ट्रंप की व्यक्तिगत शिकायतों की खातिर और हमारे राष्ट्रीय हितों की कीमत पर टॉयलेट में बहा दिया गया।

### अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट

**वाशिंगटन।** अर्थव्यवस्था और आव्रजन को लेकर ट्रंप की लोकप्रियता में इस साल भारी गिरावट आई है। यह ताजा संकेत है कि जिन दो मुद्दों के आधार पर ट्रंप एक साल पहले चुनाव जीते थे, वे अब उनके लिए परेशानी बन सकते हैं। उनकी पार्टी 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी शुरू कर रही है। द एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के सर्वेक्षण में पाया गया है कि अब सिर्फ 31 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क ही ट्रंप के अर्थव्यवस्था संभालने के तरीके से सहमत हैं। मार्च में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था। यह ट्रंप के पहले या दूसरे कार्यकाल में सर्वेक्षण में दर्ज की गई सबसे कम रेटिंग है।

## वीजा उल्लंघन: चीनी नागरिक हिरासत में कश्मीर से दिल्ली भेजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनधिकृत यात्रा के आरोप में हिरासत में लिए गए 29 वर्षीय चीनी नागरिक को बुधवार शाम वापस नई दिल्ली भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया चीनी नागरिक न सिर्फ अनधिकृत रूप से कश्मीर गया और होटल में रुका बल्कि उसने भारतीय सिम भी हासिल किया।

चीन के शेनजेन गुआंगडेंग के रहने वाले इस व्यक्ति की पहचान लुकाल्फो बेहु उर्फ हू कोंगताई के रूप में हुई है। वह 19 नवंबर को पर्यटक वीजा पर नई दिल्ली आया था। उसे सिर्फ वाराणसी, आगरा, नई दिल्ली, जयपुर, सारनाथ, गया और कुशीनगर जाने की इजाजत थी। मगर वह एक दिसंबर को कश्मीर गया, जिसके बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने वीजा उल्लंघन के लिए उससे पूछताछ की। चीनी नागरिक को बडगाम जिले के हुमहामा में फ्रेंड्स एन्क्लेव स्थित होमस्टे हाउस रोज कॉटेज से हिरासत में लिया गया और उसका मोबाइल फोन जांच के लिए जब्त कर लिया गया जो कश्मीर से वापस भेजने से पहले उसे लौटा दिया गया।

# पाकिस्तान को एफ- 16 लड़ाकू विमान की उन्नत तकनीक बेचेगा अमेरिका

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



● अनुमानित मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर के सौदे को दी मंजूरी

अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत तकनीक और सहायता बेचने को मंजूरी दे दी है, जिसका मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) की ओर से सोमवार को संसद को भेजे गए एक पत्र में इस बिक्री को मंजूरी दी है।

इस पैकेज में लिंक-16 सिस्टम, क्रिप्टोग्राफिक उपकरण, एवियोनिक्स अपडेट, प्रशिक्षण और व्यापक साजोसामान संबंधी सहायता शामिल है। डीएससीए के पत्र में इस बिक्री का कारण स्पष्ट किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह कदम अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगा, क्योंकि इससे पाकिस्तान को आतंकवाद-रोधी अभियानों और भविष्य की आकस्मिक परिस्थितियों की तैयारी में अमेरिकी और साझेदार बलों के साथ अंतर-परिचालन बनाए रखने में मदद मिलेगी। प्रस्तावित बिक्री का उद्देश्य पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े का आधुनिकीकरण करना और परिचालन सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करना भी है। क्षेत्रीय संतुलन को लेकर चिंताओं पर भी पत्र में कहा गया है कि उपकरणों की प्रस्तावित बिक्री और समर्थन क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन को नहीं बदलेगा। इस बिक्री का कुल अनुमानित मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर है, जिसमें 3.7 करोड़ डॉलर मूल्य का प्रमुख रक्षा उपकरण और 64.9 करोड़ डॉलर मूल्य की अन्य सामग्री शामिल है।

## अमेरिका को नया शांति प्रस्ताव भेजेगा यूक्रेन: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन बुधवार को अपना नया शांति प्रस्ताव अमेरिकी वार्ताकारों को सौंपने वाला है।

यह कदम लगभग 30 देशों के नेताओं के साथ होने वाली उनकी अहम बैठक से एक दिन पहले उठाया जा रहा है, जो रूस के साथ युद्ध को स्वीकार्य शर्तों पर समाप्त करने के प्रयास में कीव का समर्थन करते हैं।

इस बीच, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर चर्चा की। यूरोपीय नेताओं ने बयानों में कहा कि वार्ताएं एक निर्णायक मोड़ पर हैं। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की को वास्तविकता समझनी होगी और यूरोपीय नेता इस सप्ताहांत अमेरिका तथा यूक्रेन के साथ एक बैठक चाहते हैं।

# साइबर दासता का गढ़ बन गया है म्यांमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट पर दाखिल किया आरोप पत्र

सीबीआई ने दक्षिणपूर्व एशियाई देशों में स्थित सरगनाओं द्वारा नियंत्रित साइबर धोखाधड़ी घोटालों के आरोप में 13 व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। एजेंसी ने दक्षिणपूर्व एशिया में साइबर-दासता और संगठित डिजिटल शोषण नेटवर्क की समानांतर जांच भी की, जिसमें म्यांमार और पड़ोसी क्षेत्रों में कुछ इलाके शामिल हैं, जो इस तरह की धोखाधड़ी के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

सीबीआई ने एक विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में कहा कि घोटाले के नेटवर्क से जुड़े 15,000 'आईपी एड्रेस' के तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि पीड़ितों से धन लेने और उसे अन्यत्र भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए कई प्रमुख बैंक खातों को विदेश से नियंत्रित किया जा रहा था। एजेंसी ने बताया कि ये खाते कंबोडिया, हांगकांग और चीन स्थित सरगनाओं द्वारा नियंत्रित किए जा रहे थे। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, महत्वपूर्ण रूप से, अब कई तरह के साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि म्यांमार और पड़ोस के इलाकों से संचालित होने वाले ''स्लेव कंपाउंड'' डिजिटल अरेस्ट घोटाले के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहे हैं, जहां मानव तस्करी कर ले जाए गए भारतीय नागरिकों को साइबर अपराध के लिए मजबूर किया जाता है।

उन्होंने कहा, ये निष्कर्ष दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर-गुलामी और संगठित डिजिटल शोषण नेटवर्क पर सीबीआई द्वारा की गई समानांतर जांच के दौरान जुटाई गई खुफिया जानकारी के अनुरूप हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए 15,000 'आईपी एड्रेस' खंगाले, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष अक्टूबर में तीन अहम संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई।

## बांग्लादेश: 12 फरवरी को होंगे आम चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव कराए जायेंगे। अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद यह पहले चुनाव होंगे।

सीईसी एएमएम नासिर उद्दीन ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, मतदान 12 फरवरी, को सुबह साढ़े सात से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग के सुधार प्रस्तावों पर जनता की राय जानने के लिए मतदान के दिन, 12 फरवरी को एक साथ जनमत संग्रह भी कराया जाएगा।

# भारत तालिबान के साथ व्यवहारिक संबंधों का पक्षधर

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**




● सुरक्षा परिषद में भारत का तर्क उचित नहीं रहेंगे दंडात्मक कदम

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया है कि वह तालिबान के साथ व्यावहारिक संबंध कायम करने का पक्षधर है, क्योंकि केवल दंडात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित करने से पुराने दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। अफगानिस्तान की स्थिति पर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करता है कि वह ऐसे नीतिगत कदम उठाए, जिनसे अफगानिस्तान के लोगों को स्थाई लाभ पाने में मदद मिले।

उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। हरीश ने कहा कि काबुल में दिल्ली के तकनीकी मिशन का दूतावास का दर्जा बहाल करने का भारत सरकार का हालिया निर्णय इस संकल्प को मजबूती से दर्शाता है। उन्होंने कहा, हम सभी संबंधित पक्षों के साथ अपने संबंध बनाए रखेंगे ताकि अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और दक्षता विकास पहल में अपना योगदान बढ़ा सकें।

अक्टूबर में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी नई दिल्ली आए थे। इस दौरान दिल्ली के तकनीकी मिशन को काबुल में दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की गई और अफगानिस्तान में विकास कार्यों को फिर शुरू करने का संकल्प लिया गया। भारत ने अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अपने दूतावास से अधिकारियों को बुला लिया था। जून 2022 में, भारत ने काबुल में एक तकनीकी टीम को तैनात कर अपनी कूटनीतिक उपस्थिति फिर से स्थापित की। हरिश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखता है।

उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठनों जैसे आईएसआईएल, अलकायदा और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके सहयोगियों तथा लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को समन्वित करना चाहिए, ताकि वे सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हों।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 दिसंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 14.56 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तराफाल्गुनी 13 दिसंबर 05.50 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। यदि स्वास्थ्य में कुछ समस्या हो तो चिकित्सक से शीघ्र संपर्क करें। व्यापार में बड़ी व स्थायी पार्टनरशिप हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है।

**वृष:** आज छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों को लेकर कड़वाहट हो सकती है। संपत्ति की खरीदी में परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है।

**मिथुन:** आज यात्रा के दौरान असुविधा होने की संभावना है। इसीलिए यदि बहुत आवश्यक न हो, तो यात्रा से बचें। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बेरोजगार लोग नौकरी को लेकर थोड़े चिंताग्रस्त हो सकते हैं।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में जोखिम लेना चाह रहे हैं, तो दिन अत्यंत शुभ है। व्यापारिक डील के लिए समय बहुत अच्छा है। आपकी तार्किक क्षमता की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी कारणवश दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ रहने वाला है। आप अपने वचनों में नियंत्रण रखें। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। भोजन में शुद्धता और पौष्टिकता का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या:** आज कारोबार में नया प्रयोग करने के लिए दिन उत्तम है। विवादित मामलों के सुलझने के योग बन रहे हैं। परिवार की जरूरतों का ध्यान रखें। भोग-विलास में आप धन खर्च करेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला:** आज आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा, लेकिन आपको गलत मार्गों का चयन करने से बचना चाहिए। नजदीकी लोग आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकते हैं। इसीलिए गंभीर विषयों पर चर्चा करने से बचें।

**वृश्चिक:** आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से शुभ है आपके व्यवहार से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। आयात-निर्यात संबंधी व्यवसाय से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। जोड़ों में दर्द और गठिया से पीड़ित जातकों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**धनु:** आज व्यावसायिक अनुबंधों के लिए दिन अत्यंत शुभ है। मध्यस्थता से कई अटके हुए मामलों का समाधान कर लेंगे। आपकी तर्कशक्ति दूसरों की समस्याओं का भी समाधान करने में सहायता करेगी। पुराने मित्रों से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** आज दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें। धार्मिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत सावधान रहेंगे।

**कुंभ:** आज गूढ़ ज्ञान-विज्ञान को लेकर अत्यधिक जिज्ञासु रहने वाले हैं। अधिक सोच-विचार करने के कारण तनाव में आ सकते हैं। प्रेमी जोड़ों को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों के विश्वास पर अपने कार्य न छोड़ें।

**मीन:** आज काम को आगे बढ़ाने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। अनेक दिनों से रुका हुआ काम पूरा होने से आपका मन शांत रहेगा। अविवाहितों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

## सुडोकू -188

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | | | | 2 | 3 | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | 1 | | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | |

### सुडोकू - 187 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 |



मुझे बस क्रिकेट पसंद है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दो गेंदों का क्रिकेट हो या 100 गेंदों का या 100 ओवर का। क्रिकेट तो क्रिकेट है। गोल्फ तो गोल्फ है, आप कोई भी प्रारूप खेलें। आखिर में आप गोल्फ का मजा लेते हैं।

-कपिल देव

# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता

**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने बृहस्पतिवार को यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा। आईजीपीएल मुंबई में खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली प्रणवी उर्स (71) कुल सात अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं।

### बीसीसीआई की बैठक 22 दिसंबर को

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 22 दिसंबर को एपेक्स काउंसिल की वर्चुअल बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच एजेंडों पर चर्चा करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस में बदलाव करने की योजना बना रहा है। महिला टीम की शानदार एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद मैच फीस में बदलाव की उम्मीद थी और बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिलाओं के बीच सैलरी में समानता है, घरेलू प्रतियोगिताओं में असमानताएं बनी हुई हैं।

### सिंधु और लक्ष्य राष्ट्रीय टीम में



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को तीन से आठ फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गत चैंपियन है जबकि पुरुष टीम ने अतीत में दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक बयान में कहा रैंकिंग, प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर चुनी गई महिला टीम की अगुवाई एक बार फिर पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु करेंगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी होंगे जबकि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली को भी जगह मिली है।

### एशियाई युवा पैरा खेलों में इंदौरी को दो स्वर्ण

**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में दो खिलाड़ी भारतीय मूल के

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ खेली थी।

# दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में बराबरी की

## दूसरे टी-20 में भारत को 51 रनों से हराया, क्विंटन डिकॉक ने खेली 90 रनों की तेज तर्रार पारी



**90** रन
**46** गेंद
**05** चौके
**07** छक्के
क्विंटन डिकॉक।

मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत को 51 रनों से हराकर बृहस्पतिवार को पांच मैच की टी20 सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 213 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत 19.1 ओवरों में 162 रन ही बना सका। भारत की तरफ से तिलक वर्मा ने सर्वाधिक 62 रन बनाए।

इससे पहले डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। उन्होंने एडन मार्करम (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई। अंत में डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

भारतीय गेंदबाजों में वरुण चकवर्ती ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। दक्षिण अफ्रीका की पारी में 15 छक्के और 10 चौके शामिल रहे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। डिकॉक पहले ओवर में तीसरी गेंद पर रन आउट होने से बचे। उन्होंने अगली गेंद पर दो रन बनाकर खाता खोलने के बाद अर्शदीप (चार ओवर में 54 रन) की पांचवीं गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर पर छक्के के लिए भेज दिया। फिर तीसरे ओवर में इसी गेंदबाज पर एक छक्का और एक चौका लगाया। रीजा हेंड्रिक्स (08) और डिकॉक ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 45 रन) पर एक एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार ने पांचवें ओवर में स्पिनरों को लगाया और उन्हें पहली सफलता हेंड्रिक्स के रूप में मिली। वरुण चक्रवर्ती ने आते ही पहली ही गेंद पर हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया। पर डिकॉक ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाना जारी रखा। उन्होंने अक्षर पटेल पर छक्का और चौका जड़कर दक्षिण अफ्रीका को पावरप्ले में एक विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया। इस तरह डिकॉक ने नौंवे ओवर में 26 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया। अर्शदीप पर दबाव साफ दिख रहा था उन्होंने 11वें ओवर में सात वाइड से 13 गेंद डाली जिसमें 18 रन बने।



**अनचाहा रिकॉर्ड :** अर्शदीप सिंह ने एक ओवर में 7 वाइड गेंद फेंक कर एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह पहले भारतीय हैं, जिन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में इतना बड़ा ओवर फेंका है। उन्होंने 11वें ओवर 13 गेंदें डाली। इस ओवर की पहली गेंद पर क्विंटन डिकॉक ने छक्का जड़ा, इसके बाद अर्शदीप की लाइनलेंग्थ बिगड़ गई। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**213/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक रन आउट | 90 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो वरुण चक्रवर्ती | 08 |
| मार्करम का पटेल बो वरुण चक्रवर्ती | 29 |
| ब्रेविस का तिलक वर्मा बो पटेल | 14 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 30 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 22

**गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0

### युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

मुल्लांपुर विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के सीएम भगवंत मान मौजूद थे।

## खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं : डिविलियर्स

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

दुबई, एजेंसी



भारत के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुवाई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे, लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं।

मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा जिसे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला एकदिवसीय विश्व कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है तो माना जाता है कि आईसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाए और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाए। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बतायालड़कों को कुछ नहीं कहा गया है लेकिन जाहिर है कि बीसीसीआई ने अपने मैनेजर आनंद दातार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अब अगर भारतीय लड़के पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाते हैं तो मैच रेफरी को पहले से सूचित करना होगा।

- यूएई के खिलाफ भारत आज शुरू करेगा अभियान, रविवार को पाकिस्तान से होगा मुकाबला

**टीम**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन व आरोन जॉर्ज।

## पाकिस्तान में मैच के बाद मारपीट की जांच शुरू

**कराची :** पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ और पाकिस्तान ओलंपिक संघ कराची में पाकिस्तान आर्मी और वाप्डा टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने की घटना की जांच कर रहे हैं, जिसमें कई खिलाड़ी और अधिकारी घायल हो गए थे। केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े। वे एक-दूसरे को मुक्के और लात मार रहे थे।

मैच का सीधा प्रसारण होने के दौरान ही इस घटना के दृश्य कैमरे में कैद हो गए और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद कई लोगों ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह झड़प तब शुरू हुई जब आर्मी के खिलाड़ियों द्वारा अपने डगआउट के सामने जीत का जश्न मनाने पर वाप्डा के कुछ सदस्यों ने गुस्सा जताया।

# टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

मुंबई, एजेंसी




टी-20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गई है। भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिलकर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जाएगा। भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता मेजबान शहर होंगे जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे। गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मैचों में से एक में अमेरिका से भिड़ेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा नजरिया स्पष्ट है कि हर प्रशंसक को विश्व स्तरीय क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा सिर्फ 100 रुपये और 1000 श्रीलंकाई रुपये से शुरू होने वाले टिकटों के साथ हम अपनी रणनीति के केंद्र में किफायतीपन को रख रहे हैं। यह लाखों लोगों को क्रिकेट के जश्न का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के बारे में है। 20 टीम और 55 मैच वाला 2026 चरण इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी और समावेशी टी20 विश्व कप होगा।

- भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होगा टूर्नामेंट

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी से हारा रियल मैड्रिड

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी



रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच जाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला।

रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। इस सप्ताह के शुरू में खबरें आई थी कि अलोंसो का पद खतरे में है और अब एक और हार के बाद उनकी स्थिति को लेकर अटकलें और तेज होने की संभावना है। रियल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। इस बीच आर्सेनल का शानदार प्रदर्शन बरकरार है। उसकी तरफ से नोनी मैडुके ने दो जबकि गैब्रियल मार्टिनेली ने एक गोल किया। पीएसजी का बिलबाओ के खिलाफ पूरे अंक हासिल करने का सपना पूरा नहीं हो पाया।

**साक्षात्कार** | जूनियर हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा छह गोल करने वाले दिलराज की किट के लिए मां ने बेचे थे गहने

# हॉकी के मैदान पर याद आता है मां का संघर्ष : दिलराज

चेन्नई, एजेंसी



पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी का दामन थामने वाले दिलराज सिंह के दिल को तब ठेस पहुंची जब उन्हें पता चला कि उन्हें गोलकीपिंग किट दिलाने के लिए उनकी मां को अपने गहने बेचने पड़े थे और तभी से उन्होंने ठान ली थी कि खेल के मैदान पर नाम कमाकर परिवार को अच्छे दिन दिखाना है।

यहां जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छह गोल करने वाले दिलराज अपने जन्मदिन पर मिली जीत के बाद भावुक हो गए और कहा जीत के बाद सबसे पहले मैंने मां (रूपिंदर कौर) से बात की और वह काफी भावुक हो गई थी। वह मेरा मैच नहीं देखती क्योंकि उनको डर लगता है। वह उतने समय अरदास करती रहती हैं। शुरुआती दिनों में गोलकीपर के तौर पर खेलने वाले पंजाब के इस खिलाड़ी ने बताया कि उनके पिता ठीक नहीं रहते थे और मां ने काफी कठिनाइयां झेलकर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा मैने जब पहली गोलकीपिंग किट ली थी तो मेरी मां को अपने गहने बेचने पड़े थे। उनके और मेरे अलावा किसी को यह नहीं पता था। मुझे फिर बहुत दुख हुआ और मैं बहुत संजीदगी से खेलने लगा क्योंकि मैं जब भी मैदान पर उतरता था तो मेरी मां की कुर्बानियां याद आती थी। मेरे पापा ठीक नहीं रहते थे तो सब कुछ मां पर ही निर्भर था और उनकी वजह से ही मैं यहां तक पहुंचा। उन्होंने कहा हालात इतने खराब थे कि कई बार मेरे पास टूर्नामेंट में जाने के लिए भी पैसा नहीं होता था। किसी टूर्नामेंट में ईनाम मिल जाता तो काम चल जाता था।

पिछले साल जोहोर कप (तीन गोल) में कांस्य और जूनियर एशिया कप (सात गोल) में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे दिलराज ने कहा कि विश्व कप में मिला पदक इसलिए भी बहुत मायने रखता है क्योंकि इससे भविष्य में उन्हें नौकरी मिलने का मौका बनेगा। उन्होंने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा मेरे लिये यह पदक बहुत अहम है क्योंकि इससे मुझे नौकरी मिलने का मौका बन सकता है। इसके साथ ही सीनियर टीम में जाने के दरवाजे भी खुलेंगे। घर के हालात ऐसे ही हैं लिहाजा नौकरी मिल जाने से अच्छा होगा। बीस साल के इस फारवर्ड ने बताया कि बचपन में उनकी शरारतों से परेशान होकर उन्हें हॉकी अकादमी में डाला गया जिसे वह छोड़कर भी आ गए थे। उन्होंने कहा मेरा पढ़ाई में उतना मन नहीं लगता था तो घर वालों ने बटाला, पंजाब में चीमा हॉकी अकादमी में डाल दिया। मेरे तायाजी का लड़का खेलता था। उसको देखकर मैं भी अकादमी चला गया था और रोता रहता था।

उन्होंने कहा मैं गोलकीपर के तौर पर वहां गया था लेकिन फिर छोड़कर आ गया क्योंकि बीच में (मिडफील्ड) खेलना चाहता था, गोलकीपर नहीं बनना था। फिर मैं फॉरवर्ड खेलने लगा और घुमन कलां पिंड में कोच कुलविंदर सिंह के साथ खेलना शुरू किया और फिर सुरजीत हॉकी अकादमी में चयन हो गया।

### पहली कमाई सौंपी थी मां के हाथों में

दिलराज ने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी क्लब के लिए खेलते हुए पहली कमाई मिलने पर हुई थी जो उन्होंने अपनी मां को सौंपी थी। उन्होंने कहा सबसे पहले मुझे लखनऊ में चीमा अकादमी की ओर से खेलते हुए एक टूर्नामेंट में पांच या छह हजार रूपये मिले थे और मैने सारे पैसे मां को दे दिये थे और इतनी खुशी हुई कि बता नहीं सकता। जूनियर विश्व कप से मिली सीख के बारे में पूछने पर दिलराज ने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और दबाव में खेलने का हुनर मजबूत हुआ है। इस टूर्नामेंट से यह सीखा कि जीत के साथ हार भी जुड़ी होती है। दबाव का सामना कैसे करना है और अब लगता है कि अपेक्षाओं का दबाव झेलकर खेल सकता हूं। अभी आगे बहुत कुछ हासिल करना है।